रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अश्विन शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 09 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 247, पृष्ठ-16 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥

1. मां शैलपुत्री बीज मंत्र: ह्रीं शिवायै नम:
2. मां ब्रह्मचारिणी बीज मंत्र: ह्रीं श्री अम्बिकायै नम:
3. मां चंद्रघंटा बीज मंत्र: ऐं श्रीं शक्तयै नम:
4. मां कूष्मांडा बीज मंत्र: ऐं ह्री देव्यै नम:
5. मां स्कंदमाता बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:
6. मां कात्यायनी बीज मंत्र: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नम:
7. मां कालरात्रि बीज मंत्र: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:
8. मां महागौरी बीज मंत्र: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम:
9. मां सिद्धिदात्री बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:




ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## सप्तमी कालरात्रि

**नवरात्रि की सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। यह देवी कालरात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। देवी की चार भुजाएं हैं- दायीं ओर की ऊपरी भुजा से महामाया भक्तों को वरदान दे रही हैं और नीचे की भुजा से अभय का आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।**

**ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम। त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।।**

मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। इनका वर्ण अंधकार की भांति काला है, केश बिखरे हुए हैं, कंठ में विद्युत की चमकवाली माला है। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। इनकी नासिका से श्वास तथा नि:श्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करनेवाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अत: इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करनेवाली हैं।

## झारखंड: संजीवनी बिल्डकॉन के तीन निदेशकों को सजा



**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को संजीवनी बिल्डकॉन की दो महिला निदेशकों अनामिका और अनीता नंदी के साथ श्याम किशोर गुप्ता को अलग-अलग धाराओं में तीन और दो साल की सजा सुनाई है। एक सजा समाप्त होने बाद दूसरी सजा शुरू होगी। मामला वर्ष 2012 का है। मामले में 12 साल बाद फैसला आया है। मामले में हरमू निवासी नारायण झा और उनकी पत्नी ममता कुमारी के बयान पर 16 अक्तूबर, 2012 को सिविल कोर्ट में कंप्लेन केस किया किया था। इनसे कागज पर साफ सुथरी जमीन दिखा कर 15 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गयी थी। ठगी वर्ष 2009 में की गयी थी।

विस्तृत खबर पेज 4 पर

### एग्जिट पोल से मुरझाई भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी जश्न


# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, रचा इतिहास

## भाजपा व कांग्रेस 89-89 सीटों पर लड़ी अधिकतर पर हुआ सीधा मुकाबला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रच दिया है। भाजपा ने प्रदेश की 90 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। तमाम दावों तथा एग्जिट पोल रिपोर्ट के बावजूद कांग्रेस सत्ता तक नहीं पहुंच पाई है। अब अगले पांच साल फिर से कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए बीती पांच अक्टूबर को मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने 89 तथा कांग्रेस ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा था। यह पहला मौका था जब प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी टक्कर थी। मंगलवार की सुबह राज्य के 90 हलकों के लिए बनाए गए 93 मतगणना केंद्रों मतगणना कार्य मंगलवार की सुबह आठ बजे शुरू हुआ। पोस्टल बैलट की गणना में कांग्रेस ने 70 सीटों पर बढ़त बनाई। इसके बाद जब ईवीएम खुलीं और ज्यादातर हलकों में दूसरे चरण की मतगणना के बाद दृश्य बदलता चला गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। वर्ष 2019 में भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि वर्ष 2014 में पहली बार सत्ता में आई भाजपा को 47 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद भाजपा ने तीसरी बार पिछले दोनों रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उधर, विपक्षी दल कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 31 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस को महज छह सीटों की बढ़त हासिल हुई है। पिछले 15 साल से हाशिए पर चल रहे इनेलो को इस बार दो सीटों पर जीत हासिल हुई है। पिछले चुनाव के मुकाबले इनेलो को एक सीट की बढ़त मिली है। वर्ष 2019 के चुनाव में छह निर्दलीय विधायक जीते थे जबकि मंगलवार को घोषित किए गए परिणाम में तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है।


शेष पेज 15 पर




## जम्मू में कमल खिला तो कश्मीर में कांग्रेस एनसी की बनी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है। चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में एनसी को 42, भाजपा को 29, कांग्रेस को 06, पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी 03, जम्मू-कश्मीर पीपल कॉन्फ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और आम आदमी पार्टी को एक-एक सीटें मिली हैं जबकि सात सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं। राज्य में सरकार बनाने के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। एनसी और कांग्रेस के गठबंधन को कुल 48 सीटें मिली हैं। मत प्रतिशत के हिसाब से भाजपा जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाली पार्टी बनी है। भाजपा को 25.64 प्रतिशत वोट मिले हैं और उसके बाद एनसी को 23.43 प्रतिशत मत मिले हैं। कांग्रेस को यहां 11.97 प्रतिशत वोट मिले हैं। राज्य में 10 साल बाद हुए चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बननी तय मानी जा रही है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को जम्मू क्षेत्र और एनसी को कश्मीर क्षेत्र में ज्यादा सीटें मिली हैं।




### उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे : फारुक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उनके बेटे उमर केंद्र शासित प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री होंगे। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम में प्रभावशाली जीत हासिल करने और गांदरबल में आगे रहने के बाद कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। मालूम हो कि कुछ महीने पहले ही अब्दुल्ला को लोकसभा चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था।

### हरियाणा के लोगों ने कमाल कर दिया कमल कमल कर दिया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल है। विजय उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि हम सबने सुना है जहां दूध दही का खाना वैसा है अपना हरियाणा। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है। कमल कमल कर दिया है। कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवरात्री का छठां दिन है। मां कात्यानी के आराधना का दिन है। मां शेर पर विराजमान होकर हाथ में कमल को धारण किए हुए हैं। हम सभी को आशीर्वाद दे रही हैं।



### जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है, सभी को बधाई : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर चुनाव नतीजों पर कहा कि जम्मू-कश्मीर में ये चुनाव बहुत खास रहे हैं। अनुच्छेद 370 और 35(ए) हटने के बाद पहली बार हुए इन चुनावों में भारी मतदान हुआ, जो लोकतंत्र में लोगों की आस्था को दशार्ता है। मैं इसके लिए जम्मू-कश्मीर के हर व्यक्ति को बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं।

## झारखंड कैबिनेट : वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा 80 की गई

### उग्रवादी हिंसा के शिकार जवानों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 81 प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि इंदिरा गांधी विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना में समान रूप से 1000 की राशि दी जायेगी। 80 वर्ष उम्र सीमा की गई है। मध्य विद्यालय को माध्यमिक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मंजूरी दी गई। खनन सेवा अभियंता नियमावली में विभागीय परीक्षा के लिए संशोधन किया गया। गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण के लिए 60 करोड़ के लिए प्राक्लान की मंजूरी दी गई।

शेष पेज 15 पर

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

- राज्य के सरकारी भवनों, कार्यालयों, न्यायमंडलों एवं केंद्रीय उपक्रमों में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उर्जा सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि को वेब ऑफ करने, जगन्नथपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में स्टेट ऑफ आर्ट संस्थान विकसित करने को 74 करोड़ की मंजूरी।

शेष पेज 15 पर

## सरकार का पहिया बन करें राज्य का विकास : सीएम

### हेमंत सोरेन ने समरोह में 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने आयोजित समारोह में 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर के साथ झारखंड भवन नई दिल्ली तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 को



शेष पेज 15 पर

## इंडिया सुस्त प्रशासन चुनाव के दौरान चुस्त क्यों हो जाता है ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है पर कभी भी हो सकती है । राजनीतिक गतिविधियों से जो माहौल बदलेगा उसमें अलग एक माहौल और भी देखने को मिलता रहा है कि अचानक से पुलिस और प्रशासन इतना चुस्त दुरुस्त हो गया है की वाहनों की लगातार रात दिन चेकिंग हो रही है । झारखंड के अलग अलग हिस्सों से वाहन चेकिंग के दौरान करोड़ों रुपए बरामद होते हैं हथियार भी पकड़े जाते हैं । कमो बेस देश में कुछ इसी तरह से तेज निर्णय वाली बदली हुई कार्य शैली दिख जाती है । सवाल यह उठता है कि जो सतर्कता जो चुस्ती चुनाव के दौरान दिखती है वह चुनाव के बाद के अन्य दिनों में क्यों नहीं दिखती ? इसका सीधा कारण यह होता है कि विधानसभा के चुनाव के कारण तब पूरे प्रशासनिक तंत्र की बागडोर चुनाव आयोग के पास होती है और चुनाव आयोग चूक के मामले में बहुत ही सख्त कार्रवाई करता है । अधिकारियों को दंडित करने में कोई देर नहीं होती और चुनाव आयोग पर किसी को बचाने की राजनीतिक पैरवी भी नहीं चलती और किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात जैसे आरोपों पर बड़े अधिकारियों के विरुद्ध उनके व्यक्तिगत गोपनीय रिपोर्ट में जो टिप्पणी की जाती है उसे किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के माध्यम से हटाया नहीं जा सकता । यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है जो यह बताता है कि जिस पुलिस को हम आलसी या सुस्त या बहुत हद तक भ्रष्ट बताते हैं वह असली अर्थों में काम करने की इच्छा रखते हुए भी काम नहीं कर पाती क्योंकि उनका रिमोट कंट्रोल सामान्य दिनों में किसी ने किसी नेता के पास होता है। जो बातें तो देश की राज्यहित की या राष्ट्रहित की करते हैं लेकिन कहीं ना कहीं उनके निर्णय में राजनीति शामिल होती है अब इसका यह मतलब नहीं निकाला जा सकता की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग जैसे एक समानांतर व्यवस्था की बात की जाए लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है चुनाव के दौरान जो तत्परता और कार्य शैली में परिवर्तन हम देखते हैं उसे बनाए रखने के लिए मतदाता सवाल अवश्य उठा सकते हैं । पर दुखद यह है कि जाति, धर्म और क्षेत्रवाद जैसे छोटे मुद्दों में उलझ कर आम जनता यह भूल जाती है कि अपवाद को छोडकर प्राय: हर नेता की इच्छा या उसका लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना होता है रास्ते भले अलग हों,काम करने का तरीका लोगों नीतियां अलग हो लेकिन एक लक्ष्य सभी का होता है सत्ता प्राप्त करना। ऐसे में प्रजातंत्र की असली मालिक आम जनता यह सवाल उठा सकती है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ महीनों में जिस त्वरित गति से निर्णय होते हैं, कार्रवाई होती है, जब्ती होती है और बड़े से बड़े अधिकारी भी दूर दराज गांवों का निरीक्षण करने जाते हैं, वैसा चुनाव के बाद जब सरकार का गठन होता है तब क्यों नहीं होता ? लेकिन राजनेता जनता की मजबूरी और लालच को अच्छी तरह जानते हैं और कोई मुफ्त बिजली, तो कोई मुफ्त राशन, तो कोई जीतने पर लाखों रुपए,सरकारी नौकरियों की बात कर सपने दिखाते हैं। भले वह बाद में पूरे हों ना हों लेकिन कमी जनता की तरफ से भी है जो यह सवाल नहीं उठाती कि हमें चुनाव आयोग के फैसलों की तरह कठोर निर्णय लेने वाली सरकार की ही आवश्यकता है । यदि लोग लालच और क्षेत्रवाद जातिवाद जैसे मुद्दों को भूलकर आम जनता सवाल उठने लगे तो संभव है चुनाव घोषणा पत्रों में यह बात जरूर शामिल होगी और एक दिन ऐसा आएगा जब सुशासन, चुस्त प्रशासन, त्वरित न्याय जैसी बातें सही अर्थों में दिखने लगेंगी । सबसे बड़ी बात जो दिख रही है कि हमारी पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र किसी से शायद कम नहीं । कमी है तो राजनीतिक हस्तक्षेप की जिस कारण पूरे तंत्र के अंदर एक अघोषित सुस्ती या झिझक छा जाती है और कभी घोषित तो कभी अघोषित तौर पर अपराध नियंत्रण से लेकर कार्रवाई करने में पूरे तंत्र को संवैधानिक दायरे में ही वह स्वतन्त्रता नहीं होती जो अभी चुनाव के दौरान दिख रही है । विकसित देशों और हमारे देश के काम काज में सबसे बड़ा अंतर भी शायद यही है जिस ओर हम सभी को देखना चाहिए।



### गोगो दीदी योजना पर बोले सीईओ

## आर्दश आचार संहिता अभी लागू नहीं तो उल्लंघन कैसा?

मनोज मिश्रा

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले झामुमो और भाजपा में महिला वोटरों को लुभाने की कवायद शुरू हो गई है। मंइयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक 1000 रुपए की सम्मान राशि हेमंत सरकार दे रही है तो दूसरी तरफ भाजपा ने भी जीतने पर गोगो दीदी योजना के तहत सभी महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 2100 रुपए देने की घोषणा कर दी है। दोनों ओर की घोषणाओं से झारखंड की राजनीति में हलचल मची हुई है। झामुमो ने बीजेपी पर आरोप लगाया था कि बीजेपी ने चुनाव आयोग के नियमों के विरूद्ध गोगो दीदी योजना की घोषणा की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को आदेश दिया था कि गोगो दीदी योजना का फार्म भरवाने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इससे चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि भाजपा पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठा रही है।

शेष पेज 15 पर

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लांच किया कला महोत्सव से संबंधित पोस्टर एवं वीडियो

# जयपाल सिंह स्टेडियम में 'आर्ट 81' महोत्सव 18 व 19 को

- कार्यक्रम में भाग लेंगे देश एवं राज्य स्तर के चित्रकार
- नए वोटरों को जोड़ने के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने को 'आर्ट 81' कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 18 एवं 19 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखंड की विभिन्न कला विधाओं, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वे मंगलवार को निर्वाचन सदन में 'आर्ट 81' कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर एवं वीडियो की लांचिंग एवं प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो दिवसीय कला महोत्सव में राष्ट्र एवं राज्य स्तर के कलाकार कार्यक्रम स्थल पर लाइव पेंटिंग करेंगे। साथ ही, नए वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आरजे एवं लाइव म्यूजिकल बैंड द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा 81 विधानसभा क्षेत्र की संस्कृति, त्योहार, प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करते हुए 81 आर्ट बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में आने वाले परिवार के लोगों, विद्यार्थियों के लिए 81 फीट गुणा 5 फीट का कैनवास भी उपलब्ध रहेगा, जिसपर वे अपनी कला प्रदर्शित कर सकेंगे। साथ ही, नए वोटरों को जोड़ने के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विगत के लोकसभा चुनाव में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन में शहरी एवं युवा मतदाताओं की रुचि देखी गई थी। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के साथ-साथ शहरी मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे है। कार्यालय द्वारा वोटर टर्नआउट लाइन मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी मतदान कर्मियों को दी जा रही है, जिससे कि मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में नहीं रहना पड़े। विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए एक ऐप भी लांच किया जा रहा है। इस ऐप से अपने मतदान केंद्र पर कतार में कितने लोग हैं, इसकी जानकारी भी मतदाताओं को घर बैठे मिल सकेगी।

के. रवि कुमार ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, देवघर के शहरी क्षेत्रों में आर्ट 81 में बनाए गए पेंटिंग्स एवं कलाकृतियों का एग्जीविशन लगाकर संबंधित जिलों के स्वीप कार्यक्रमों में इनका वृहत प्रदर्शन भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार एवं उप निदेशक जनसंपर्क आनंद भी मौजूद थे।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

# मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें : रवि कुमार

**सीईओ ने कहा**
- लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए बनाएं स्वीप कैलेंडर
- आम मतदाताओं की जागरूकता के लिए करें सार्थक प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीईओ के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। अधिकारी कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के क्षेत्रों में केंद्रित होकर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य करें। वे मंगलवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारियों के साथ सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) से संबंधित रणनीति बनाने के लिए समीक्षा बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्य योजना एवं कैलेंडर तैयार करते हुए प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों को अविलंब उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को प्रत्येक दिन के स्वीप की एक्टिविटी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टैगिंग करना है। इसके साथ ही प्रत्येक दिन के अंत में पूरे कार्यक्रमों का प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी स्वीप के कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न करें । स्वीप गतिविधियों से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन हरेक स्तर पर सुनिश्चित कराएं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी जिलों में स्थानीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए नगर विकास विभाग एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक घरों तक अपनी पहुंच बनाते हुए उन्हें जागरूक करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को त्योहार की तरह आयोजित किया जाना है एवं फैमिली वोटिंग को बढ़ावा देने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए करना है। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाता की वोटिंग प्रक्रिया में तेजी लाकर लंबी कतार कम कर एवं मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराते हुए शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के बीच इसका वृहत प्रचार करें। मौके पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं जिलों में गठित स्वीप सेल के पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेनिंग दी। उन्होंने ट्रेनिंग में सभी जिलों में कम मतदान वाले मतदान केंद्र के क्षेत्रों में विशेष स्वीप कार्यक्रमों की रूपरेखा कैसे तैयार करें एवं स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को कैसे प्रेरित करें, इस विषय पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिया।

# सीएम से मिला झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड राज्य पुलिस सेवा संवर्ग (पुलिस उपाधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक) के सेवा शर्तों एवं देय भत्ता आदि के न्यायोचित मांग के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार यथोचित विचार करेगी। इस अवसर पर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव बुधराम उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।





सीएम हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड आयुष मेडिकल एसोसिएशन और आयुष एसोसिएशन ऑफ झारखंड का प्रतिनिधि मंडल मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान हेतु पहल करने का आग्रह किया। राज्य आयुष परामर्श दात्री समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री से भेंट करने प्रतिनिधि मंडल में डॉ आनंद शाही, डॉ देवेंद्र नाथ तिवारी, डॉ गौतम कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार राय, डॉ मोना सिंह, डॉ नेहा, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ नितिन कुमार, डॉ विजय तिवारी और आयुष एसोसिएशन आफ झारखंड के सचिव डॉ मुकेश चंद्र शामिल थे।

# वादा खिलाफी के लिए सबसे पहले एफआईआर हेमंत पर हो : बाबूलाल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भरवाया गोगो दीदी फॉर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 'गोगो दीदी योजना' को लेकर राज्यभर में जबरदस्त उत्साह है। उत्साह की वजह भी है। भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री पर लोगों को विश्वास और भरोसा है। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष पर जनता का भरोसा नहीं रहा क्योंकि उन्होंने जनता से झूठ बोला और उन्हें ठगने का काम किया। कई वादा खिलाफी के लिए पहले एफआईआर उनपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री जो भी घोषणा और वायदा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। इसलिए लोगों को भरोसा है कि उन्होंने वायदा किया है, घोषणा की है तो निश्चित रूप से सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में यह सब निर्णय हो जाएगा। मरांडी मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रोड के समीप स्थित खोखमा टोली में गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने फॉर्म भरा है, उसे कंप्यूटर में लोड किया जाता है। उसका दस्तावेज तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जांच करनी है तो करें। कार्रवाई करना हो तो करें। मैंने आकर खुद मां-बहनों का फॉर्म भरा है। भाजपा और मोदी की सरकार देश में महिलाओं का सशक्तिकरण चाहती है। आज पहली दफा कोई कार्यक्रम नहीं चल रहा है। पहले से ही अनेक योजनाएं चल रही है, जो मां-बहनों को समर्पित है। मरांडी ने कहा कि देश की संसद और विधानसभा में कानून बनाकर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों को रिजर्व किया गया है। इसके साथ लखपति दीदी बनाया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़े, उसके लिए भी प्रयास हो रहे हैं। महिलाओं के लिए शौचालय दिया गया है। तीन तलाक को कानून बनाकर खत्म किया गया है। मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़कर 26 सप्ताह कर दिया गया है। महिलाओं के लिए जनधन खाता खोला गया। झारखंड में भी जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो बच्चियों को साइकिल दी गई थी। इसके साथ पिछली सरकार ने एक रुपया में महिलाओं के लिए 50 लाख रुपये तक संपत्ति की रजिस्ट्री की योजना भी शुरू की थी। मरांडी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की कार्रवाई संबंधी आदेश साफ दिखता है कि योजना को लेकर उनमें बेचैनी है।



### आईएएस पूजा सिंघल व सीए सुमन कुमार ने ईडी के जब्त दस्तावेजों का किया अवलोकन

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले की आरोपित पूर्व निलंबित आईएएस पूजा सिंघल और सीए सुमन कुमार ने मंगलवार को ईडी के जरिये जब्त दस्तावेजों का पीएमएलए की कोर्ट रूम में बैठकर अवलोकन किया। साथ ही इसमें कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट किया। पीएमएलए कोर्ट के आदेश के आलोक में ईडी ने जब्त किए गए दो बैग दस्तावेज कोर्ट में जमा किया है, जिसका अध्ययन पूजा सिंघल और सुमन कुमार के जरिये किया जा रहा है। पूजा सिंघल को उन दस्तावेजों को देखने के लिए जेल से कोर्ट लाया गया। मनी लांड्रिंग के आरोप में पूजा सिंघल 25 मई, 2022 से जेल में बंद है। पूजा सिंघल ने वैसे जब्त दस्तावेज को दिखलाने का आग्रह अदालत से किया था, जो ईडी के चार्जशीट एवं उपलब्ध कराए गए पुलिस पेपर में नहीं दर्शाए गए हैं। कोर्ट से इन दस्तावेजों को अवलोकन करने की अनुमति मिलने के बाद पूजा सिंघल जेल से इन दस्तावेजों को देखने कोर्ट रूम पहुंची और कई घंटे इन दस्तावेजों का अवलोकन किया।

### झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी : राजीव ओझा



**रांची।** भाजपा से टुंडी विधानसभा क्षेत्र के संभावित उम्मीदवार ने हरियाणा चुनाव में भाजपा को जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। राजीव ओझा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर भाजपा सरकार के जनहितकारी कार्यों पर मुहर लगाते हुए तीसरी बार विश्वास जताने का काम किया है। हरियाणा की जनता ने एक बार फिर से कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के सभी दलों को रिजेक्ट कर दी है। हरियाणा चुनाव का परिणाम आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रभावी होगा। झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

### आधा सच आधा फसाना

# भाजपा चुनाव मैदान में तीन पूर्व सांसद और एक पत्रकार को दे सकती है मौका

**रजनीश**

**रांची।** झारखंड में चुनावी सरगर्मी तेज है। इस बीच लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। हर दल की ओर से कुछ ना कुछ घोषणाएं की जा रही है। वहीं सभी दल अपने आप को मजबूत स्थिति में बता रहे हैं। सभी प्रत्याशी अपने विपक्षी प्रत्याशियों के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। सूत्रों के हवाले से खबरें आ रही है कि एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग की सारी अटकलों को सुलझा लिया गया है। ऐसी संभावनाएं जाताई जा रही है कि भाजपा अपने प्रत्याशियों के नाम की भी सूची बना ली है। संभावना यह जताई जा रही है कि दुर्गा पूजा के बाद संभावित प्रत्याशियों की सूची भाजपा जारी कर सकती है। सूत्र बतातें है कि चार विधायकों का टिकट कट सकती है। वहीं एक वरिष्ठ पत्रकार को भी चुनाव लड़ने की संभावना जतायी जा रही है। खैर राजनीतिक है कब क्या होगा यह कहना संभव नहीं है।

**संभावित उम्मीदवार :** रांची सीट से रमेश सिंह, हजारीबाग सीट से योगेंद्र प्रताप सिंह, हटिया सीट से नवीन जायसवाल, जमशेदपुर पूर्वी से रामबाबू तिवारी, झरिया सीट से रागिनी सिंह, सिंदरी सीट से तारा देवी, निरसा सीट से अपर्णा सेनगुप्ता, बाघमारा सीट पर अभी चर्चा हो रही है। टुंडी सीट से राजीव ओझा, बेरमो सीट से रवींद्र पांडेय, बोकारो सीट से रोहित लाल सिंह, चंदनक्यारी सीट से अमर बाउरी, जामताड़ा सीट से दुबराज मंडल, जमा सीट से जयश्री सोरेन, दुमका सीट से सुनील सोरेन, शिकारीपाड़ा सीट से सुनील हांसदा, खूंटी सीट से नीलकंठ सिंह मुंडा, सिसई सीट से अरुण उरांव घाटशिला सीट को अभी हॉल्ट रखा गया है, राजमहल सीट से अनंत ओझा, गिरिडीह सीट से रवींद्र राय, धनवार सीट से बाबूलाल मरांडी, नाल सीट से एक वरिष्ठ पत्रकार का नाम है, मधुपुर सीट से राज पालीवाल, जरमुंडी सीट से गंगा नारायण सिंह, खिजरी सीट से अर्जुन मुंडा, विसरामपुर सीट से वैभव नारायण, धनबाद सीट से चन्द्र शेखर अग्रवाल व देवघर सीट से विनिता पासवान का नाम चर्चा में है।

### चुनावी नतीजों पर चंपाई सोरेन ने कहा

# हरियाणा तो झांकी है झारखंड अभी बाकी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरियाणा विधानसभा चुनावी नतीजों पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रतिक्रिया दी है। चंपाई ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि 'हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी है' बता दें कि दो राज्यों के चुनाव में बीजेपी ने हरियाणा में बहुमत का जादुई आंकड़ा पार लिया है। 90 विधानसभा सीटों में बीजेपी ने 49 पर बढ़त कयाम रखते हुए कांग्रेस को शिकस्त दी है। यह तीसरी बार होगी जब हरियाणा में बीजेपी सरकार बनाने जा रही है।



**दोनों राज्यों के चुनावी नतीजे आये सामने :** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजे आ चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कनफरेंस और कांग्रेस की गठबंधन में सरकार बनने जा रही है। मतगणना के बाद गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार लिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा के सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 90 में 46 सीटों की आवश्यकता थी। गठबंधन ने यहां 46 सीटें जीत दर्ज हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी को मतगणना के बाद 29 सीटें आयी है।

### राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने युवाओं को विकसित भारत का प्रमुख स्तंभ कहा

# 21वीं सदी का नेतृत्व भारत करेगा : अर्जुन राम मेघवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय मामले राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में विकसित भारत एम्बेसडर यूथ कनेक्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा दूरदर्शी कार्यक्रमों की वजह से भारत आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। आज हम एक वैश्विक शक्ति हैं। 21वीं सदी जो कि एशिया की सदी होगी, उसका भारत नेतृत्व करेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की दूरदर्शी योजनाओं और आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि देश तभी विकसित होगा जब हमारे देश के 25 करोड़ से अधिक बच्चे-बच्चियां पढ़ लिख कर ना सिर्फ काबिल बनेंगे बल्कि चरित्रवान भी बनेंगे। फिर देश अपने आप विकसित राष्ट्र हो जाएगा। इसलिए आप सबकी भी जिम्मेदारी है कि आप 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।



### हरियाणा में मैं स्टार प्रचारक था, जीत तय थी : मेघवाल



**केंद्रीय** विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मैं हरियाणा में स्टार प्रचारक था। शुरू से ही भाजपा की जीत तय थी। वे मंगलवार को रांची में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने माई भारत के बैनर तले विकसित भारत 2047 के युवा कांक्लेव का उद्घाटन किया। कहा कि युवा विकसित भारत के लिए जुट जाएंगे। इससे पहले उन्होंने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इसके बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में पौधारोपण भी किया। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हरियाणा में मजबूत सरकार बना रहे हैं। पूरे देश में गुड गर्वनेंस और डेवलपमेंट ही दो एजेंडे चलने वाले हैं।









# देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि मे परं सुखम्।



रात में अपनी छटा बिखेरता पुराना विधानसभा मैदान में श्री राम लला पूजा समिति का पूजा पंडाल। यहां 35 फीट ऊंची श्री हनुमान की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है।

### पति की मौत के बाद कई आरोप झेले, लेकिन हिम्मत नहीं हारी

## विपरीत परिस्थितियों में साहस से ही महिलाएं आगे बढ़ पाएंगी : प्रेमलता

**माता दुर्गा की पूजा भक्त शक्ति के लिए करते हैं। वहीं, नारी स्वयं शक्ति की प्रतीक है। पर, हम देखें तो भारतीय, खास तौर पर झारखंडी महिलाओं का जीवन ऐतिहासिक रूप से संघर्षपूर्ण रहा है। फिर भी बहुत-सी महिलाओं ने न सिर्फ अपनी मंजिल पाई है, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनी हैं। आज हम चर्चा कर रहे हैं प्रेमलता की, जिन्होंने पति की मौत के बाद अपने दो बच्चों को पालने के लिए काफी संघर्ष किया। और, अंततः सम्मानजनक जीवन जीने में सफल रहीं।**

- फौजी पति को जहर देने तक का लगाया गया आरोप
- ससुर ने दिया साथ, बताया- बीमारी से हुई है मृत्यु

**शक्ति है, कमजोर नहीं**

काजल मेहता

**रांची।** राजधानी रांची की रहने वाली प्रेमलता। शादी के छह वर्ष के बाद फौजी पति की बीमारी से मृत्यु हो गई। ससुराल वालों ने पति को जहर देने का आरोप लगा दिया। उस समय उनके दो छोटे-छोटे बच्चे थे, जिनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी उन पर थी। पिता ने नौकरी लगवा दी, लेकिन कुछ वर्षों में पिता की मृत्यु हो गई। वे फिर अकेली पड़ गईं। संघर्ष जारी रहा। वहीं, कुछ दिनों बाद प्रेमलता को फौज में क्लर्क की नौकरी मिल गई और तब उनका जीवन व्यवस्थित हुआ। उनके बेटे भी अब अपने-अपने क्षेत्र में मुकाम पर हैं। प्रेमलता का कहना है कि महिलाओं को साहस रखना चाहिए। किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा उसकी हिम्मत पर निर्भर करती है। साहस है, तो सब कुछ है। विपरीत परिस्थितियों में साहस से ही महिलाएं आगे बढ़ पाएंगी।
प्रेमलता ने बताया कि उनका बचपन बड़े प्यार से खुशनुमा माहौल में बीता था। वे घर की सबसे बड़ी बेटी हैं। उनके पिता किसान थे और परिवार खेती-किसानी से ही चलता था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई बांका के पतवा स्थित श्री पाठक सरकारी विद्यालय में की थी। प्रेमलता ने बताया- 16 वर्ष की उम्र में ही मेरी शादी करवा दी गई। मेरे पति फौज में थे। शादी के बाद ससुराल वालों के समर्थन से पढ़ाई पूरी की। पति का समर्थन और सहयोग हमेशा साथ रहता था। उन्होंने बताया कि शादी के कुछ वर्षों के बाद वे एक बेटे की मां बनीं। अगले कुछ वर्षों के बाद उन्हें एक और बेटा हुआ। लगा कि सबकुछ मिल गया। जिंदगी खुशियों से भर गई।

### पहली नौकरी मिली और थोड़े ही दिनों बाद पिता की मौत का सदमा भी



प्रेमलता

प्रेमलता के पिता ने लखनऊ के एक प्राइवेट कंपनी में उनकी नौकरी लगवा दी। यह 1998 की बात है। तब उन्हें 1200 रुपये सैलरी मिलती थी। इन पैसों से ही उन्हें अपने बेटों की परवरिश और अपनी जरूरतें पूरी करनी थी। पिता का समर्थन और सहयोग हमेशा मिलता रहा, लेकिन वर्ष 2001 में पिता ने भी साथ छोड़ दिया। पिता की मृत्यु के बाद प्रेमलता एक बार फिर अकेली पड़ गईं। वहीं, एक बदलाव भी आया। अब तक उनपर दो बेटों का पालने की जिम्मेदारी थी, लेकिन पिता की मौत के बाद दो भाइयों और मां की भी जिम्मेदारी आ गई। पर, प्रेमलता ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटों के साथ-साथ भाई और मां की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। प्रेमलता ने बताया- जब पिता का देहांत हुआ, तो मां भी काफी सदमे में चली गईं। भाई छोटे थे। उन्हें संभालना और उनके साथ अपने बच्चों को भी संभालना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन नामुमकिन भी नहीं था। आज की तारीख में मेरे भाई नौकरी कर रहे हैं। अच्छे मुकाम पर हैं। मेरी मां मेरे साथ हैं और स्वस्थ हैं। मेरे बेटे भी अपने-अपने क्षेत्र में अपना मुकाम पा लिया है।

### ब्रेन मलेरिया ने लगा दिया खुशियों पर ग्रहण

प्रमलता ने कहा- दूसरे बेटे जन्म से घर में आनंद छाया हुआ था। लेकिन, इस खुशी पर ब्रेन मलेरिया ने ग्रहण लगा दिया। अगले वर्ष मेरे पति का देहांत हो गया। उस वक्त वे कश्मीर में तैनात थे। छुट्टियों में घर आए थे। छुट्टियों के दौरान मेरे पति को ब्रेन मलेरिया नाम की बीमारी हो गई और उनका निधन हो गया। पति को खोने का दर्द और दो बच्चों को पालने की फिक्र ने मेरी जिंदगी ही बदल दी। लेकिन, मैंने कभी हार नहीं मानी।

### विधवा जानकर कई लोगों ने तंग किया

प्रमलता ने कहा- मुझे कई आपत्तिजनक व्यवहार भी झेलने पड़े। उन दिनों मैं साइकिल से आना-जाना करती थी। विधवा जानकर कई लोगों ने बदमाशी करने की कोशिश की, छेड़खानी की, मेरा फायदा उठाने की कोशिश की। इन सब के बावजूद मैंने हिम्मत नहीं हारी। अपने साथ ये सब कुछ होता देख मैं डर गई और मैने ब्रिगेडियर से शिकायत की। मेरी शिकायत पर उन्होंने मेरी सुरक्षा के लिए जवानों को लगाया। मैं कमांडर और ब्रिगेडियर दत्ता की आजीवन आभारी रहूंगी।

### पति को जहर देने के आरोप ने तोड़कर रख दिया

पति की मृत्यु से प्रेमलता कई दिनों तक सदमे में रहीं। पर, बच्चों के खयाल और उनकी बेहतर परवरिश की सोच ने उन्हें हिम्मत दी। इस बीच, वह अपने मायके चली आई थीं। मायके में भाई और मां-पिता ने प्रेमलता का हौसला बढ़ाया। प्रेमलता की शादी कम उम्र में हुई थी और जिस वक्त पति की मृत्यु हुई तब प्रेमलता मात्र 24 वर्ष की थी। प्रेमलता ने बताया- ससुराल वालों ने मुझपर पति को जहर देने का आरोप लगा दिया। गांव के लोगों ने भी आरोप लगाया। लेकिन, जब सभी लोग मेरे खिलाफ थे, तब मेरे ससुर ने मेरा साथ दिया और सबको बताया कि मेरे पति की मौत बीमारी से हुई है। समाज के इन आरोपों से मैं पूरी तरह टूट गई थी। सबको बता पाना मुश्किल था कि मैं अपने पति को क्यों मारूंगी। लेकिन, मेरे मायके वालों ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें दूसरी शादी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया, मगर अपने दोनों बेटों के भविष्य की फिक्र ने उन्हें दूसरी शादी से दूर रखा। प्रेमलता कहती हैं- भले मेरे लिए बहुत ही अच्छे रिश्ते आते थे। लेकिन, अगर मैं दूसरी शादी कर लेती, तो मेरे बेटों का क्या होता। ये दोनों का भविष्य खराब हो जाता। मैं अपने स्वार्थ के लिए अपने बच्चों की जिंदगी दांव पर नहीं लगा सकती थी। भले मेरी उम्र कम थी और मेरे पति का साथ भी नहीं था, लेकिन हौसला कायम था। जिंदगी गुजारने के लिए नकारात्मक लोगों को नजरअंदाज करना भी जरूरी था।

### फौज में मिली क्लर्क की नौकरी

प्रेमलता ने अपने संघर्ष के संबंध में बताया कि उन्होंने न सिर्फ पारिवारिक जिम्मेदारियां उठाईं, बल्कि सामाज के नकारात्मक लोगों की बातों को भी झेला। एक अच्छी बात भी हुई कि अनुकंपा पर डिफेंस में नौकरी मिल गई। उन्होंने कहा- नौकरी के लिए जब खत मेरे ससुराल में गया, तो उस वक्त ससुराल वालों ने मेरे नौकरी करने पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों को जब खर्चे उठाने की बात करती, तो सभी लोग पीछे हो जाते थे। इसलिए अंत में कशमकश के बाद ससुराल वाले डिफेंस की नौकरी के लिए तैयार हो गए। प्रेमलता ने कहा- मैं जब डिफेंस में में गई, तो वहां के एक कमांडेंट ने मेरी बड़ी सहायता की। उन्होंने अपनी बेटी समझकर मुझे दूसरी शादी कर लेने की सलाह भी दी, लेकिन मैंने उन्हें अपने बच्चों और अपनी मानसिक स्थिति के बारे में बताया। इसे सुनकर उन्होंने दुआ की और हर कदम पर मेरा साथ दिया। जब मैं क्लर्क बनी, तब मुझे कुछ नहीं पता था। मैंने गांव से पढ़ाई की थी। इधर, मेरे कंधे पर सात कैंटीन की जिम्मेदारी आ गई थी। लेकिन, कमांडेंट ने मेरी हमेशा मदद की। मुझे काम सिखाया, मेरे साथ दो हवलदार भी दिए, जिन्होंने मेरी हमेशा मदद की। इसके बाद ब्रिगेडियर दत्ता भी थे, जिन्होंने मेरी बहुत मदद की और मेरे जीवन को आसान कर दिया।

### अपने आप पर भरोसा रखें महिलाएं

महिलाओं को हिम्मत रखनी चाहिए। हिम्मत टूट जाने से संभलना मुश्किल हो जाता है। सुरक्षा अपने साहस पर निर्भर करता है। अगर किसी महिला के खिलाफ कोई आवाज उठाए, उसे रोकने को कोशिश करे, तो उस महिला में इतना साहस होना चाहिए कि वह सबको रोक सके। महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में अपने आप पर भरोसा रखना होगा। वे अपने जीवन को अपने अनुसार जिएं। उन्होंने कहा- मैं यह नहीं कहती कि मेरी तरह कम उम्र में पति के देहांत के बाद दूसरी जिंदगी नहीं शुरू करें। मेरे पास चुनाव करने का मौका था और मैंने अपने बच्चों को चुना। अन्य महिलाएं अपने अनुसार अपने जीवन को चुनें।

## मौसम ने श्रद्धालुओं के उत्साह को किया फीका, 11 अक्टूबर तक होती रहेगी बारिश

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड पर इस साल मानसून मेहरबान रहा है। किसानों को खरीफ फसल की अच्छी पैदावार की आस है। लेकिन बेमौसम बारिश ने दुर्गा पूजा के उत्साह को फीका कर दिया है। रांची में शाम 4 130 बजे के बाद झमाझम बारिश हुई। मेघ गर्जन और तेज हवा की वजह से जिंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक यह बारिश, दक्षिण-पश्चिम मानसून के रिटर्निंग फेज की वजह से हो रही है। इस बारिश की वजह से दुर्गा पूजा को लेकर बने बड़े-बड़े पंडालों और मेलों की चमक फीकी पड़ गई है। मौसम केंद्र के मुताबिक 11 अक्टूबर तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। कुछ जगहों पर बहुत तेज बारिश भी हो सकती है। दरअसल, रांची में बहुत धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। कई पूजा समितियों ने बड़े-बड़े पंडाल बनवाए हैं। आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरी राजधानी जगमगा रही है। चतुर्थी यानी 7 सितंबर को ही इसबार ज्यादातर पंडालों के पट खुल गये थे। शेष पंडालों के पट पंचमी यानी 8 अक्टूबर को खुल गये हैं। आज से पूजा पंडालों में भक्तों का जुटान शुरू हो जाता है। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी ट्रैफिक और सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी की गई है। लेकिन बेमौसम बारिश की वजह से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। नया अरगोड़ा चौक एवं पुराने अरगोड़ा चौक के अलावा कटहल मोड़ वाले रास्ते में लगाए गए पूजा पंडाल का गेट तेज बारिश में गिर गया है। जिससे आवागमन बाधित हुआ है पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश गोड्डा में 123.2 मिमी रिकॉर्ड हुई है। अगले पांच दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। इसका सीधा असर मेले से जुड़े व्यवसाय पर पड़ेगा। रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो जैसे शहरों में दुर्गा पूजा मेला के दौरान ठेला-खोमचा की बाढ़ सी आ जाती है। छोटे-छोटे इलाकों के कारीगर छह दिनों तक रेहड़ी लगाकर अपना व्यवसाय करते हैं। चाट, पानी-पुरी, भेलपुरी, फास्ट फुड, खिलौने के स्टॉल से पूरा शहर अटा पड़ा रहता है। जाहिर है कि नवमी तक इसी तरह का मौसम बना रहा तो स्ट्रीट फुड का कारोबार प्रभावित होगा।

## फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा पूजा पंडाल का जायसवाल ने किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया ।सृजन समाज सेवा संस्थान की अध्यक्ष कृष्णा सिंह और पूजा समिति के अध्यक्ष अभिषेक यादव बिट्टू ने उनका स्वागत किया । इस अवसर पर कॉलोनी के गणमान्य लोगों पीयूष साहू सचिन, विनोद सिंह ,दुनियानंद सिंह, मनोरमा सिंह, शांता पाठक,अंबालिका तिवारी, सोनामती, संगीता देवी, सुनीता चौरसिया, बिंदु गुप्ता और नीरासी देवी के अलावा बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## श्री श्री दुर्गा पूजा कमिटी के पंडाल का उद्घाटन आज

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्री श्री दुर्गा पूजा कमिटी कांके रोड का पूजा पंडाल का उद्घाटन आज बुधवार को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और सीएमपीडीआई सीएमडी की उपस्थित में संध्या 6 बजे किया जायेगा। इस बार दुर्गा पूजा कमिटी काल्पनिक महल का निर्माण कर रही हैं जिसको सोनी टेंट द्वारा बनाया जा रहा है । यह पूजा पंडाल आजादी के साल से ही लगातार बनते आ रही है। इसकी मुख्य विशेषता परम्परागत पूजा और भोग वितरण रहा है। महाअष्टमी को भक्तों के द्वारा भोग भगवान को समर्पित किया जाता है। इसके लिए पूजा प्रभारी सुब्रत पाठक अपनी टीम के साथ लगातार लगे हुए हैं। कमिटी के सचिव नकुल तिर्की ने बताया की लगातार चार दिनों तक पूरा प्रांगण भक्तिमय वातावरण में रहेगा। इसमें भजन संध्या, डांडिया और आरती नृत्य प्रतियोगिता होगी।

## कल्पना सोरेन को दुर्गा बताकर मूर्ति लगाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची



नामकुम इलाके में जय माता दी दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल और उसमें स्थापित मूर्तियां चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पूजा पंडाल में गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की भी आदमकद प्रतिमा लगाई गई है। इसके साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की बेटी रोहिणी आचार्य, महिला पहलवान और कांग्रेस नेत्री विनेश फोगाट की प्रतिमाएं भी पंडाल के अंदर स्थापित की गई हैं। कल्पना सोरेन की प्रतिमा को नारी शक्ति और देवी दुर्गा का रूप बताते हुए उन्हें विपक्षियों पर भारी बताया गया है। वहीं रोहिणी आचार्य को भी देवी दुर्गा का रूप और विनेश फोगाट को देश का मान बढ़ानेवाली और दुश्मनों से लड़नेवाली बताया गया है। पूजा समिति के मुताबिक, पूजा पंडाल में महिलाओं की प्रतिमा लगाकर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि लोग अपने-अपने घरों में महिलाओं को देवी रूप में पूजें। पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन ने जिस तरीके से विपक्षियों का मुकाबला करते हुए खुद को एक उभरती हुई महिला नेता के रूप में स्थापित किया, उससे समाज की अन्य महिलाओं को भी सीखने की जरुरत है।

# पूजा पंडाल जाने के लिए छह रूट पर रात में सिटी बसें शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूजा पंडालों में आने वाले भक्तों के लिए नगर निगम ने मंगलवार से रात में बस सेवा शुरू की है। यह व्यवस्था 13 अक्तूबर तक छह रूट तक बनी रहेगी। इसके लिए कई रूट निर्धारित किए गए हैं। हर रूट पर दो बसों को चलाने की व्यवस्था की गई है। बस में बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बताया गया कि बस सेवा सभी तय रूट पर रात 12 बजे तक मिलेगी। हालांकि भक्तों की संख्या बढ़ने की स्थिति में इसके बाद बसें चलेंगी।

**इन रूटों पर चलाई जाएंगी बसें**

बसें ओरमांझी से बरियातू होते हुए करमटोली में ट्रेकर स्टैंड, कांके चौक से नागा बाबा खटाल, तुपुदाना चौक से बिरसा चौक-हिनू होते हुए कडरू रोड में होटल रेडिसन ब्लू तक, धुर्वा गोल चक्कर से बिरसा चौक, हिनू होते हुए होटल रेडिसन ब्लू, धुर्वा गोलचक्कर से कांटाटोली चौक वाया हरमू रोड, अरगोडा, कडरू, सुजाता चौक, मुंडा चौक तक और नामकुम के रामपुर से कांटाटोली चौक तक चलाई जाएंगी।

निगम प्रशासक संदीप सिंह ने मंगलवार को कई पूजा पंडालों का दौरा किया। टीम के साथ बिहार क्लब, चंद्रशेखर आजाद क्लब, दुगार्बाड़ी समेत कई पंडालों में जाकर वहां सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। प्रशासक ने पूजा समितियों को भीड़ का आकलन करते हुए महिला व पुरुष दर्शनार्थियों के लिए अलग प्रवेश, निकास द्वार रखने, वाहन पड़ाव की उचित व्यवस्था एवं आमजन को जहां-तहां कचरा नहीं फेंकने को लेकर विभिन्न माध्यम से जागरूक करने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सभी 166 पूजा पंडाल में निगम स्तर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जोनवार टीम बनाई गई है। जिनके द्वारा स्वच्छता, पेयजल, चलंत शौचलय, स्टोन डस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। पंडाल निरीक्षण के क्रम में अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।

**समस्या हो तो कनेक्ट सेंटर से करें संपर्क**

प्रशासक ने सभी पूजा समितियों को निदेश दिया कि महोत्सव के दौरान पंडाल एवं आसपास में सफाई का विशेष ध्यान रखें। निगम स्तर से किसी भी तरह की जरूरत महसूस होने पर कनेक्ट सेंटर में दूरभाष संख्या 18005701235 या व्हाट्सएप नंबर 8141231235 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें। इसके अलावा वर्षा की संभावना को देखते हुए यदि जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है, तो क्यूआरटी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था करेगी। उन्होंने विद्युत शाखा को शहर के सभी खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

# मनरेगाकर्मियों की हड़ताल समाप्त, आज काम पर लौटेंगे

- 79 दिनों से हड़ताल पर थे
- मानदेय में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर बनी सहमति
- ग्राम रोजगार सेवक को अलग से 1500 रुपये प्रतिमाह यात्रा भत्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कई चक्र की वार्ता के बाद राज्य भर के मनरेगा कर्मियों का हड़ताल समाप्त हो गया। सभी कर्मी बुधवार से काम पर लौटेंगे। उक्त जानकारी मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय प्रामाणिक ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

ग्रामीण विकास मंत्री एवं मनरेगा आयुक्त से वार्ता में 30% मानदेय वृद्धि एवं सामाजिक सुरक्षा के तहत जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान लागू करने पर सहमति बनी। अब 12000 रुपये मानदेय पानेवाले रोजगार सेवक, 23700 रुपये मानदेय पानेवाले बीपीओ के मानदेय में 30 फीसदी की वृद्धि होगी। इसी तरह असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, कंप्यूटर ऑपरेटर और लेखपाल आदि के वेतन में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी. प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में मनरेगा कर्मियों को 1500 रुपये तक यात्रा भत्ता भी देने की मंजूरी हुई है. वहीं पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख रुपये तक की सामाजिक सुरक्षा देने पर भी सहमति बन गई है. मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे और नियमितीकरण है, इसपर अभी सहमति नहीं हुई है. हालांकि राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा. राज्य भर के मनरेगा कर्मी इसके लिए मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने प्रोजेक्ट भवन पहुंचे थे।

प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागी ने कहा कि मनरेगा कर्मी अपने स्थाईकरण वेतनमान तथा सामाजिक सुरक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय प्रामाणिक ने कहा कि सरकार ने हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं किया किंतु सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान के वजह से मनरेगा कर्मियों के दुर्घटना एवं मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार एवं आश्रितों को लाभ देने और ग्राम रोजगार सेवक को अलग से 1500 रुपए प्रतिमाह यात्रा भत्ता देने का आश्वासन दिया है। मानदेय में संतोषजनक वृद्धि नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में अपने ग्रेड-पे की लड़ाई और अधिक ऊर्जा के साथ लड़ेंगे। पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी एकजुट हैं और अपने हक अधिकार के लिए निरंतर लड़ाई जारी रखेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### इनोवेंट अर्किटेक्स व आरएस सेरामिक्स का हुआ उद्घाटन



**रांची।** इटकी रोड स्थित नोवा नगर में इनोवेंट अर्किटेक्स एवं आरएस सेरामिक्स का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान संचालक ने बताया कि वर्षो से विभिन्न महानगरों में सफलतापूर्वक कार्य के बाद अब रांची में वास्तुविद रोहित त्रिपाठी ने डिजाइन, विनिर्माण, इंटीरियर के क्षेत्र में नए नए प्रयोग को लाये हैं। वहीं, प्रसिद्ध कंपनी के सेरामिक्स टाइल्स एवम ग्रेनाइट के थोक विक्रेता के रूप में आरएस सेरामिक्स ग्राहकों को कम मूल्य में बेहतर गुणवक्ता के साथ मिलेगा। मौके पर रमेश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, सुनील सिंह, संजय कुमार, भीम प्रभाकर, राजेंद्र केशरी, जीतेंद्र, डॉक्टर पीके सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन




**रांची।** झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र ने नीमिया के डाड़ मइया कार्यक्रम के तत्वावधान में भोजपुरी भजन, कीर्तन सह काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव व मार्गदर्शन संस्था के संरक्षक राजजी यादव ने किया।

इसमें भोजपुरी भाषी रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुनीता श्रीवास्तव एवं रीम्मी वर्मा के संचालन में निवेदिता श्रीवास्तव एवं वीणा पाण्डेय के सरस्वती वंदना से हुआ। संस्था की उपाध्यक्ष गीता चौबे ने उपस्थित रचनाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सुनीता श्रीवास्तव 'जागृति' कलसा के ओटे-ओटे, पुष्पा पाण्डेय - कुछ मांगे अइनी, अपर्णा सिंह -सातों बहिनीया अइली, पूनम वर्मा- करी के सोलहों श्रृंगार,रिम्मी वर्मा-हम त अंगना, गीता चौबे गूंज - मैया अइनी तोहरा द्वार, डॉ उर्मिला सिन्हा -कथी केरा ककही, हिमकर श्याम -एक हाथ में बा कमल, रंजना वर्मा 'उन्मुक्त' -देवी मां बड़ा, वीणा पाण्डेय 'भारती'-भवानी राउर बिछिया, निवेदिता श्रीवास्तव -माई से मांगी वरदान, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव -नीमिया के डार, बिनोद सिंह गहरवार -जोतावाली हई शेरावाली हई, आरती श्रीवास्तव 'विपुला' खोलू खोलू मैया, लक्ष्मी सिंह -मोरा अंगनवा, नीता शेखर -अगते में जनती, प्रतिमा मणि त्रिपाठी -सातों बहिना,नीलम -कथी बिना, डॉ शिप्रा -ए माई तू सांचो, ममता -आल्हा, सबने भक्तिभाव से भरी प्रस्तुति दीं। लग रहा था जैसे मां साक्षात आशीर्वाद दे रही हों। कार्यक्रम का समापन निरंजन प्रसाद के उद्बोधन व डॉ उर्मिला सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### शाखा ने कन्याओं को दी आत्मसुरक्षा की जानकारी




**रांची।** झारखंड प्रांत युवा मंच के 9 दिन 9 कन्या कार्यक्रम के अंतर्गत रांची समर्पण शाखा द्वारा बच्चियों को आत्म सुरक्षा करना सिखाया गया। जिसमें बच्चियों को यह भी बताया गया कि उन्हें कोई भी अनजान व्यक्ति जो आपके साथ छेड़छाड़ करें उस व्यक्ति से कैसे अपनी सुरक्षा करनी है। यह कार्यक्रम आरबी स्प्रिंडल स्कूल पतराटोली रातु में किया गया। कार्यशाला में सिखाने के लिए एक सेल्फ डिफेंस टीचर नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक मात्रा में बच्चियों ने आगे बढ़कर कार्यशाला में सम्मिलित हुई। इस कार्य में संयोजिका कोमल पोद्दार और प्रभारी रेखा रायेक, दिशा जैन का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम मे अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कोमल पोद्दार, पायल जैन, कविता जालान उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### भाजपा किसान मोर्चा ने रांची उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रांची महानगर के अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को राज्य के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पार्टी के सदस्य झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के नाम रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। उनकी अनुपस्थिति में उपायुक्त कार्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रविभूषण दुबे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, विनय राज, संकेत तिवारी, महेश सिंह, गौतम सिंह, पुनीत सिंह,गुड्डू, राजीव शाहदेव, अवधेश दुबे सहित पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पूजा के फूल खरीद रही महिला से अपराधी ने छीनी चेन

**रांची।** अरगोड़ा में रहने वाली शोभा रानी नामक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने गले से सोमवार को सोने की चेन झपट ली। घटना के बाद पीड़िता ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह डीएवी स्कूल हनुमान मंदिर के पास दुकान से पूजा के लिए फूल खरीद रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी आए और गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। इसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज करायी। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### चाकू के बल पर मोबाइल लूट की प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** अशोकनगर के आर्यन करमाली नामक शख्स से चाकू दिखाकर मोबाइल लूट लिया गया। उसने राहुल सिंह नामक युवक पर अरगोड़ा थाने में सोमवार को केस किया है। आरोप लगाया कि 6 अक्तूबर की शाम घर के पास बैठा था। तभी एक युवक आया और चाकू दिखाकर मोबाइल छीन लिया। आरोपी के बारे में उसके दोस्त ने बताया कि राहुल अपराधी प्रवृत्ति का है।

# संजीवनी बिल्डकॉन के एमडी की दोनों पत्नियों के साथ तीन को सजा





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

न्यायिक दंडाधिकारी अछत श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को जमीन के नाम पर ठगी के मामले से जुड़े संजीवनी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी जेडी नंदी की दोनों पत्नियों अनिता नंदी एवं अनामिक नंदी के साथ कंपनी के निदेशक श्याम किशोर गुप्ता को दोषी पाकर दो अलग-अलग धाराओं में क्रमशः तीन और दो साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दोनों सजाएं अनुगामी चलेगी। अर्थात पहली सजा तीन साल पूरी करने के बाद दूसरी सजा दो साल चलेगी। कहा जाए तो तीनों अभियुक्तों को पांच साल कैद की सजा काटनी होगी। साथ ही अदालत ने तीनों पर 18 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। तीनों ने मिलकर हाईकोर्ट कॉलोनी हरमू निवासी मोद नारायण झा एवं उनकी पत्नी ममता कुमारी से कागजी जमीन दिखाकर 15 लाख 55 हजार 644 रुपए ऐठ लिया था। संजीवनी बिल्डकॉन ने दोनों को साफ-सुथरी जमीन के नाम पर वैसी जमीन बेची जिन पर खुद कंपनी का स्वामित्व नहीं था। घटना को लेकर दोनों ने मिलकर 16 अक्तूबर 2012 को अदालत में मुकदमा किया था। मामले में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने पांच गवाहों को प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर अदालत ने तीनों को दोषी पाकर सजा सुनाई है।

# एचईसी में इस बार पर्दे पर होगी रामलीला आर्थिक संकट के कारण मंचन बंद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची शहर में जहां दुर्गा पूजा पंडालों की भव्यता देखने को मिल रही है, वहीं एचईसी के सेक्टर-दो में इस साल भी रामलीला का आयोजन हो रहा है, पर इस बार मंच के बदले पर्दे पर रामलीला होगा। रामलीला मैदान संस्कृति समिति ने आर्थिक कारणों से रामानंद सागर की रामायण धारावाहिक को बड़े पर्दे पर दिखाने का फैसला लिया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि पहले रामलीला का मंचन करने में लगभग तीन से चार लाख रुपये का खर्च आता था। पैसे की कमी के चलते इस साल मंचन बंद कर दिया गया है। बड़े पर्दे पर धारावाहिक दिखाने में 50 से 60 हजार रुपये का खर्च आ रहा है, जिसका प्रबंध समिति के सदस्यों और समाजसेवियों की मदद से किया जा रहा है। एचईसी में पिछले दस सालों से रामलीला का मंचन बंद था। रामायण धारावाहिक देखने के लिए आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं। शाम 6:30 से रात 10 बजे तक रामायण का प्रसारण होता है। इस दौरान लोग मूंगफली (चिनिया बदाम) का आनंद लेते हैं। जब रामलीला का मंचन होता था, तब मैदान में लोगों की भीड़ देखने लायक होती थी।

**सिर्फ एचईसी में होती थी रामलीला**

रांची में केवल एचईसी में ही दशहरा के समय रामलीला का आयोजन होता था। विजय दशमी समारोह समिति वर्ष 1967 से इसका आयोजन करती थी। वर्ष 2010 से आर्थिक कारणों से रामलीला का मंचन रुक गया और तब से नियमित रूप से नहीं हो पाया है। इसके बाद से बड़े पर्दे पर रामायण धारावाहिक दिखाया जाता रहा है।

**अगले साल मंचन की उम्मीद**

रामलीला मैदान संस्कृति समिति के सदस्यों का कहना है कि अगले साल रामलीला के मंचन की तैयारी की जा रही है। पहले रामलीला मंडली को ठहराने में मुश्किल होती थी, लेकिन समिति ने समाजसेवियों की मदद से एक सामुदायिक भवन का निर्माण करवा लिया है। साथ ही मंच को भी बड़ा किया जा रहा है। अगले साल बनारस की रामलीला मंडली से रामलीला का मंचन करवाने की योजना है।

### निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता की याचिका खारिज

**रांची।** ठेकों की कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लॉउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। गेंदा राम ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 11 सितंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी।

### रिम्स एचआईवी टेस्टिंग लैब को मिला एनएबीएल एक्रीडेशन

**रांची।** रिम्स के एचआईवी टेस्टिंग लैब को एनएबीएल प्रमाणपत्र मिला है। एनएबीएल एक्रीडेशन पाने वाली यह राज्य की पहली सरकारी लैब है। नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्रिज की ओर से सभी मानकों पर खरा उतरने वाली लैब को यह प्रमाणपत्र दिया जाता है।

## नवरात्र के 9 दिनों में हम संवेदनशील होने का तप और साधना करते हैं

# चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाती है : संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि चेतना तथा भावना का संयुक्त स्वरूप को संवेदना कहा जाता है। जीवंत एवं जागरूक ग्रहण करने को क्षमता और अनुभूति का मिश्रण यदि व्यक्तित्व में समावेश हो तो वह व्यक्ति चैतन्य के श्रेणी में आता है। वैसे तो प्राणी मात्र को सृष्टिकर्ता ने भावनाएं प्रदान की है जैसे कोई भी मादा जानवर अपने शिशु के लिए भावुक होती है और नर जानवर सुरक्षा देने का कार्य करता है। इसका यह कार्य ईश्वर प्रदत भावनाओं के वशीभूत ही होता है परंतु मनुष्य में आकृत भावनाएं ईश्वर ने प्रदत की है। नकारात्मक भाव और सकारात्मक भाव से हम या तो सकारात्मक कार्य करते हैं या फिर नकारात्मक कार्य करते हैं।

### नियमित कर्मियों को 7वां व हमें चौथा वेतनमान मिलता है : राजीव रंजन

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि आज हम जितना काम करते हैं उतना सरकारी कर्मचारी भी नहीं करते हैं। हमारे ऊपर वर्कलोड काफी अधिक होता है । विभागीय काम के अलावा हम कई अन्य काम भी करते हैं लेकिन सरकारी कर्मचारी या नियमित कर्मचारियों को आज सातवां वेतन मिल रहा है और हम लोगों को चौथा वेतन मिल रहा है। बिहार में हम लोगों से 50% अधिक वेतन मिल रहा है और 10% की वृद्धि भी हर वर्ष होती है। बिहार के तर्ज पर हम लोगों की समस्या का भी समाधान किया जाए।

# राष्ट्रीय घरेलू कामगार मंच ने राजभवन के पास दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय घरेलू कामगार मंच की ओर से अंतरराष्ट्रीय मयार्दापूर्ण कार्य दिवस पर राजभवन के पास आमसभा सह धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की संयोजिका सिस्टर अंशु ने कहा कि कामगारों के लिए रोजगार का निर्माण, सम्मानजनक मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेवारी है। घरेलू कामगारों को अन्य सभी कामगारों की तरह अधिकार मिलना चाहिए। शहरी क्षेत्र में असंगठित कामगारों में घरेलू काम महिलाओं के लिए सबसे बड़ा रोजगार है। घरेलू कामगार अधिकतर पिछड़े समुदाय, एससी-एसटी जनजाति के प्रवासी मजदूर होते हैं। कठिन श्रम के बाद भी इनकी स्थिति अच्छी नहीं है। काफी कम मेहनताना, न्यूनतम मजदूरी, छुआछूत, शारीरिक शोषण, यौन उत्पीड़न, कार्यवधि में अनियमितता, छुट्टी और अवकाश नहीं मिलना, मातृत्व लाभ में वेतनयुक्त छुट्टी, भूतपूर्व कामगारों के लिए पेंशन, मुक्त गुणात्मक चिकित्सा की सुविधा बहाल नहीं है। यूनियन की अध्यक्ष अनिपा देवी ने साप्ताहिक छुट्टी व आवास की व्यवस्था, प्रियंका तिर्की ने आवाज की समस्या को लेकर अपनी बात रखी। आशा ने नियोक्ता के घर को कार्यस्थल, रेणु लिंडा ने सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन एवं मातृत्व लाभ, निधि भूटकुमार ने न्यूनतम मजदूरी, सुनीता मुंडा ने घरेलू कामगारों के लिए अलग से राज्य स्तरीय कानून बनाने की बात कही।

# नियमित कर्मियों को 7वां व अनुबंध कर्मियों को मिल रहा है चौथा वेतनमान

- विरोध में जेईपीसी और कस्तूरबा कर्मी दे रहे हैं धरना



**हमारी ड्यूटी 24 घंटे होती है : रोहिणी प्रसाद**



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी प्रसाद ने कहा कि हमारी ड्यूटी 24 घंटे की होती है। हमारा कोई साप्ताहिक छुट्टी नहीं होता है। रविवार को भी हम लोग काम करते हैं हमारी समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं है। सरकारी कर्मचारियों को सातवां वेतन मिल रहा है और हमें चौथ वेतन मिल रहा है। इतनी महंगाई में भला हम कैसे घर चलाएंगे हमारे बारे में सरकार को सोचना चाहिए।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सरकार जिसकी भी हो शिक्षा विभाग के अनुबंध कर्मियों को केवल आश्वासन देने का काम किया है। चाहें वह झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) में कार्यरत हों, पारा शिक्षक हो या फिर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत कर्मी। हर बार इन्हें केवल आश्वासन दिया जाता है, फिर मांगों को लेकर सड़क पर उतरना पड़ता है। इसी क्रम में जेईपीसी और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मियों ने दो दिन की सामूहिक अवकाश पर हैं। वहीं राजभवन के सामने धरना पर बैठे हैं। अपनी मांगों पर कर्मियों का कहना है कि जितना कार्य सरकारी कर्मचारी करते है उससे ज्यादा कार्य अनुबंध कर्मी करते हैं। फिर भी उन्हें 7वां वेतनमान मिल रहा है और हम चौथा वेतनमान ही मिल रहा है। ऐसे में इस महंगाई में हम कैसे जिएं। जेईपीसी के कर्मचारियों ने कहा कि पिछले 10-25 सालों से अलग अलग पदों पर प्रखंड और जिला में कार्यरत है। सरकार हमारी वेतन वृद्धि, चिकित्सा या ग्रुप बीमा जैसी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। हम अपनी मांगों को लेकर पिछले कई सालों से आंदोलन कर रहे है, लेकिन हमारी मांगों को नहीं माना जा रहा है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ ने कहा कि हमलोग पिछले 17 से 18 साल में कार्यरत है। कई बार हम अपनी मांगें रख चुके है, लेकिन कार्यकारिणी समिति से केवल आश्वासन ही मिला है। वेतन वृद्धि समेत अन्य मांग पूरी नही होने से रोज मरे की

# प्रतीक्षारत 25 डीएसपी को मिली पोस्टिंग, तीन के तबादले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत 25 डीएसपी को पोस्टिंग दी है जबकि तीन डीएसपी का तबादला किया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार शाम को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी आदेश के अनुसार, राहुल देव बड़ाईक को गढ़वा का एएसपी अभियान, सुरजीत कुमार को गिरिडीह का एएसपी अभियान, रीतिभान सिंह को कोडरमा का डीएसपी मुख्यालय, रणवीर सिंह को सिमडेगा का डीएसपी मुख्यालय, अखिल नीतीश कुजूर को खूंटी का डीएसपी मुख्यालय, राकेश नंदन मिंज को रांची का एसटीएफ डीएसपी, सुधीर कुमार को रांची का एसटीएफ डीएसपी, अंजनी कुमार तिवारी को रांची का डीएसपी, प्रतीक्षारत संतोष कुमार मिश्र को रांची का स्पेशल ब्रांच डीएसपी, हिमांशु चंद्र मांझी को रांची का डीएसपी स्पेशल ब्रांच, वेंकटेश कुमार को देवघर का डीएसपी मुख्यालय, नीरज को जमशेदपुर का ट्रैफिक डीसीपी, कुलदीप कुमार को रांची का स्पेशल ब्रांच डीएसपी, वीरेंद्र कुमार राम को रांची का स्पेशल ब्रांच डीएसपी, रोहित कुमार रजवार को रांची का एटीएस डीएसपी, अजय कुमार केसरी को चतरा का आईआरबी 3 डीएसपी, अंकिता राय को रांची का एटीएस डीएसपी, संदीप कुमार गुप्ता को लातेहार आईआरबी 4 डीएसपी, आनंद ज्योति मिंज को रांची का एसटीएफ डीएसपी, भूपेंद्र प्रसाद रावत को मुसाबनी आईआरबी 2 डीएसपी, दीपक कुमार को रांची का एसटीएफ डीएसपी, आशीष कुमार महली को रांची का एसटीएफ का डीएसपी, मंगल सिंह जमुदा को रांची का एसीबी डीएसपी, सुमित सौरभ लकड़ा को रांची का एसीबी डीएसपी, दुमका के आईआरबी -1 के डीएसपी राजेश कुमार सिंह का तबादला करते हुए रांची रेंज डीआईजी कार्यालय का डीएसपी बनाया गया है।

### सात आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने मंगलवार को सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। हजारीबाग के एसडीपीओ कुमार शिवाशिष को जमशेदपुर का सिटी एसपी बनाया गया है। वहीं पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत 2021 बैच के आईपीएस पारस राणा को एएसपी अभियान चाईबासा, राकेश सिंह को एएसपी अभियान पलामू, ऋत्विक श्रीवास्तव को एएसपी अभियान चतरा, एम मो याकूब को एसडीपीओ हुसैनाबाद, ललित मीणा को एसडीपीओ चैनपुर गुमला, अमित आनंद को एसडीपीओ हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## एक नजर

### बाइक चेकिंग अभियान चला

**सिल्ली।** मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में दुर्गा पूजा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड मोड़ के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें तेज रफ्तार से जा रहे हैं बाइक को पकड़ कर चालान कर दिया गया। वहीं ओपी प्रभारी कुंदन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बाइक तेज रफ्तार से चलाते हुए लड़कों के ऊपर विशेष गश्ती टीम के द्वारा उनके ऊपर नजर रखी जाएगी साथ ही साथ यह चेकिंग अभियान क्षेत्र में लगातार चलता रहेगा।

### डीएवी में फेस ऑफ मां दुर्गा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**बेड़ो।** प्रखंड के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा के मौके पर बच्चों के बीच फेस ऑफ मां दुर्गा चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा छह और सात के विद्यार्थी शामिल हुए। बच्चों ने माचिस की तीली का उपयोग कर मां का चित्रांकन बनाया। इसमें कक्षा सात के श्रेयांश शौर्य और दीक्षा कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त किए। कक्षा छह के आदित्य राज और ओसामा कुमारी दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा सात की श्रेया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजता प्रतिभागियों को स्कूल की ओर से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चे अपने संस्कृति से जुड़े रहते हैं।

### लैंड बैंक नीति को तत्काल रद्द करें मुख्यमंत्री : विनोद सिंह

**रांची।** भाकपा (माले) विधायक विनोद सिंह ने सीएनटी व एसपीटी एक्ट को उल्लंघन करने वाले भूमि अधिग्रहण कानून (संशोधन) और लैंड बैंक नीति को तत्काल रद्द करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। विनोद सिंह बगोदर विधानसभा सीट से विधायक और प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति हैं। अपने पत्र में उन्होंने कैबिनेट बैठक कर इसे अविलंब खारिज करने की मांग की है। विनोद सिंह ने कहा है कि पूर्व की डबल इंजन सरकार ने 2016 में लैंड बैंक बनाया था, जिसके तहत राज्य की 22 लाख एकड़ सामुदायिक व गैर-मजरुआ जमीन को चिह्नित कर लैंड बैंक में पंजीकृत किया गया था। यह लैंड बैंक की जमीन को ग्रामसभा की अनदेखी कर अधिग्रहित करने की ताकत कंपनी को देता है। यह संविधान की पांचवीं अनुसूची की भावना के खिलाफ है। रघुवर दास सरकार ने 2018 में भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 पारित करवा कर भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 में संशोधन किया था। विनोद सिंह ने यह भी कहा है कि पूर्व की सरकार की पहल स्पष्ट रूप से पेसा कानून एवं छोटानागपुर काश्तकारी कानून और संताल परगना काश्तकारी कानून का उल्लंघन करता है।



## एसीसी हाई स्कूल खलारी की छात्राओं ने किया मां दुर्गा के रूपों का मंचन

**खलारी।** खलारी के एसीसी उच्च विद्यालय व एसीसी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में संयुक्त रूप से धूमधाम से नवरात्र मनाया। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी व प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों ने काफी मनमोहक व ज्ञानवर्धक नृत्य प्रस्तुत किया। हाई स्कूल के बच्चियों ने दुर्गा माता के नौ रूपों का मंचन किया। बच्चियों ने बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका पम्मी व पायल ने बहुत ही आकर्षक और मनमोहक धनुची नृत्य प्रस्तुत की। बच्चियों को प्रषिक्षण व साज सज्जा में शिक्षिका शर्मिला पात्रा, दीपा गिरि, नेली तिर्की, पम्मी, पायल का सराहनीय योगदान रहा। इसके अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने-अपने स्तर से सराहनीय कार्य किया। मंच संचालन अजय सिंह ने बखूबी निभाया। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी को धन्यवाद देते हुए दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी।

### नगड़ी के बसिला गांव में डालसा ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के बसिला गांव में मंगलवार को विधिक जागरुकता शिविर सह डोर-टू-डोर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी रीना लिंडा, उमेश कुमार, सतीश कुमार, फुलेश्वरी देवी और राजा वर्मा मौजूद थे। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही और कन्या भ्रूण हत्या आदि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नालसा की 10 स्कीम के बारे में भी बताया और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से विधिक सेवा प्राप्त करने के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस करते हुए कहा कि नशा से धन की बबार्दी के साथ ही शारीरिक और मानसिक ह्रास होता है। डायन बिसाही पर बोले कि किसी भी महिला को डायन कहना और उसे प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है।

## न्यूज बॉक्स

### क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत



**लापुंग।** मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने अपने ग्रामीण इलाकों का दौरे के दौरान ग्राम पंचायत लतरातु की ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझा। डॉ. भगत ने शिक्षा, रोजी रोजगार, नौकरी, स्वास्थ्य, कृषि और सरकार की कल्याणकारी योजना में गरीबों का लाभ ना मिलाना, अबूवा आवास में पारदर्शिता ना होना एवं प्रखंड, अंचल में बिचौलियों का हावी होना को प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने गांव में लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किए कि वे आगामी चुनाव में उन्हें वोट देकर समर्थन दें। डॉ. भगत ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की आवाज को विधानसभा में पहुंचाना होगा। ग्रामीणों ने भी उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

### पांच जिले के 27 किसानों को शरीफा बागवानी की दी गई जानकारी



**रांची।** आईसीएआर के प्लांडू अनुसंधान केंद्र में सोमवार को शरीफा आधारित उत्पादन प्रणाली की स्थापना और प्रबंधन विषय पर तीन दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें झारखंड के रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों से आए 27 किसान शामिल हुए। डॉ विकास दास द्वारा शरीफा की ग्राफ्टिंग तकनीक पर विशेष रूप से जानकारी दी गई जिससे इसे मुरझा रोग से बचाया जा सके। मुकेश कुमार सिंह द्वारा राज्य बागवानी मिशन के तहत चलनेवाली योजनाओं की जानकारी दी गई और शरीफा की खेती को बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद झारखंड के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशाल नाथ द्वारा शरीफा की खेती के विभिन्न आयामों एवं शोध के अनुभव साझा किए गए। डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा राज्य में शरीफा पर किए जा रहे अनुसंधान में केन्द्र की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर निदेशक डॉ विकास दास और विशिष्ट अतिथि राज्य बागवानी मिशन के निदेशक मुकेश कुमार सिंह तथा अनुसंधान केन्द्र, प्लांडू के प्रधान डॉ अरुण कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में झारखंड में शरीफा की व्यावसायिक खेती और उनकी चुनौतियों पर विशेष रूप से विचार किया गया। मौके पर राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ टी शक्तिवेल द्वारा शरीफा की खेती और इसके प्रसंस्करण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ महेश कुमार धाकड़, डॉ मीनू कुमारी और विक्टर थिंगुजम द्वारा किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के चयन और मानदेय नियमावली में संशोधन

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के मानदेय, चयन सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। बंधन झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहाय का सेवा नियमावली के मंजूरी दी। अनुकंपा की कठिनाई को भी दूर किया गया। आश्रित को उसी वर्ग में नौकरी मिल जाएगी। वहीं, अब तक जिन्हे मानदेय नहीं दिया जा सकता है उसे एक बार मानदेय वृद्धि की जाएगी। पीटीपीएस से उत्पादक बिजली ऊपरी सबसे निकालने के आधारभूत संरचना बनाने के लिए 2181 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के सफलता संचालन के लिए 40 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति दी गई। उसके अलावा चुनाव में विधि व्यवस्था के लिए 128 करोड रुपए की स्वीकृति जेसीएफ से अग्रिम के रूप में लेने की मंजूरी दी गई।मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के परदेसी छात्रवृत्ति में कोटा बढ़ाया गया, अब 50 छात्र-छात्राएं विदेश पढ़ने जा सकते हैं।

- सभी जिलों में पलाश मार्ट खुलेगा।
- कोल्हान के मुसाबनी में बनेगा नया डिग्री कॉलेज।
- देवघर में बनेगा नया डिग्री कॉलेज।
- गिरिडीह के तिसरी में बनेगा डिग्री कॉलेज।
- दुमका के नारायणपुर में खुलेगा नया डिग्री कॉलेज।
- हजारीबाग के बड़कागांव में बनेगा डिग्री कालेज।
- केंद्र सरकार के वक्फ बोर्ड संशोधन के लिए राज्य सरकार लिखेगी केंद्र को पत्र।

## बच्चों ने नवदुर्गा के रूप की प्रस्तुति दी, किया डांडिया नृत्य



**बेड़ो।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेडो.एवं उपशाखा मूरतो में बच्चों ने नवदुर्गा के रूप की प्रस्तुति दी। साथ ही मनमोहक डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चे रंग बिरंगे परिधानों में सज कर विद्यालय आए थे एवं अपने हाथों से डांडिया की लकड़ी सजा कर लाए थे। गुजराती, राजस्थानी, हिंदी, बांग्ला, भोजपुरी, नागपुरी तथा मराठी के विभिन्न प्रसिद्ध गानों पर बच्चों ने लगातार विभिन्न मुद्राओं में डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया। बच्चों के एक ग्रुप ने नवदुर्गा का रूप धारण कर महिषासुर वध नाटक का प्रदर्शन कर बुराई पर अच्छाई की जीत को दिखाया ।

बच्चों के एक अन्य समूह ने शिक्षिका रश्मि प्रजापति के मार्ग निर्देशन पर माता दुर्गा के विभिन्न रूपों की आकृति को चित्रांकन के द्वारा कागज पर उकेरा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि हमें अपने संस्कृति को जीवंत रखते हुए उनसे पराक्रम सीखना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुरतो शाखा की प्रधानाध्यापिका सुषमा तिर्की, बेडो.शाखा की इंचार्ज मिस निशा वर्मा सहित पंपा शर्मा, रीना, राजश्री, रूपाली, सालेन, सुचिता , अनुपमा एवं नीति ने अपना सहयोग दिया।

### डकरा का सबसे पुराना है बी टाइप दुर्गा मंडप का पंडाल

# 1976 से हो रही है दुर्गा पूजा 13 को होगा भक्ति जागरण

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

**दुर्गा** मंडप, बी टाइप डकरा में होने वाला दुर्गा पूजा महोत्सव डकरा का सबसे पुराना पंडाल है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अरूण सिंह बताते हैं कि वर्ष 1976 से यहां पर दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। मुख्य पुजारी पं. रामाकान्त पाठक एवं सहायक पं. नागेन्द्र पाठक के द्वारा पूजा सम्पन्न कराया जाता है। 10 अक्टूबर को सप्तमी पूजन के दिन यहां कलश यात्रा निकाला जाएगा। जल लाने के लिए श्रद्धालु दामोदर नदी जाएंगे। जलयात्रा से लौटने के बाद प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। 13 अक्टूबर रविवार को भक्ति जागरण का कार्यक्रम है। 14 अक्टूबर को प्रतिमा का नगर भ्रमण कराने के उपरान्त दामोदर नदी में विसर्जन कर दिया जाएगा। पूजा पंडाल के बाहर लगने वाले मेला में इस वर्ष समिति द्वारा हस्त शिल्पियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का



प्रदर्शनी एवं बिक्री का स्टाल लगाया जाएगा। दुर्गा मंडल डकरा का पंडाल निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। समिति के लोग जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। अरूण सिंह ने बताया कि आयोजन समिति सुनिश्चित करने में लगी है कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

## डांडिया नृत्य का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली टुटकी में मंगलवार के दिन स्कूल प्रांगण में बच्चों के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। सभी बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर डांडिया छड़ी के साथ विद्यालय पहुंचे और मां भवानी के भक्ति गीतों पर बहुत ही खूबसूरत और मनमोहक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। डांडिया नृत्य देखकर पूरे विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक अभिभूत होते हुए बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की। विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों को बताया कि यह नृत्य नवरात्रि के समय किया जाता है एवं नृत्य की छड़ी देवी दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करती है। यह नृत्य देवी दुर्गा के सम्मान में प्रदर्शन किया गया है। वही प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि यह नृत्य गुजरात का एक पारंपरिक नृत्य है और देवी दुर्गा के उत्सव का भी प्रतीक है। इस मौके पर राहुल भद्रा,नकुल बड़ाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, हर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, विपुल रॉय, सुजाता, शालिनी, जितेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित रहे।

### सरकारी कर्मी बता तीन लोगों ने लिया 32 लाख लोन, केस दर्ज

**रांची।** रांची में सरकारी विभाग का कर्मचारी बताकर बैंक से लाखों रुपए ऋण लेने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज कराया गया है। दीपाटोली एसबीआई शाखा के मुख्य प्रबंधक ने हजारीबाग निवासी नागेश्वर रविदास, गिरधर यादव और बोकारो की नीलम निलय को आरोपी बनाया है। आरोप है कि तीनों ने विभिन्न विभागों के फर्जी पहचान पत्र और वेतन स्लिप देकर बैंक से 32 लाख से अधिक का लोन लिया है। बैंक अधिकारियों की जांच में इसका खुलासा हुआ। इसके बाद केस दर्ज कराया गया। विभागों से पत्राचार में हुआ खुलासा आरोप है कि नागेश्वर ने पथ निर्माण विभाग का कर्मी बनकर 5.75 लाख और छह लाख रुपए जनवरी 2020 में लोन लिया था। नीलम ने नवंबर 2022 में 10 लाख और अप्रैल 2023 को पांच लाख दीपाटोली शाखा से लोन लिया था। उसने खुद को वन विभाग का कर्मी बताया था।

## आंगनबाड़ी सेविका व सहिया को बढ़ा हुआ मानदेय देना होगा : उमेरा



**लापुंग।** लापुंग सहित बेड़ो और इटकी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। हड़ताल के चौथे दिन आंदोलन को और तेज करने तथा धारदार बनाने की चेतावनी दी। बेड़ो प्रखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की अध्यक्ष उमेरा खातुन ने हुंकार भरते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का बढ़ा हुआ मानदेय एवं पेंशन देना होगा । प्रत्येक महीने एक से दस तारीख तक मानदेय हर हालत में मिलना चाहिए अन्यथा आंगनबाड़ी सेविकाओं की हड़ताल जारी रहेगी। वहीं लापुंग प्रखंड की प्रखंड अध्यक्ष रुपु देवी ने झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को केंद्र सरकार की ओर से बकाया 10 महीने की मानदेय का भुगतान करना होगा। अन्यथा हमारा आंदोलन और भी तेज होगा। वहीं बेड़ो की सचिव बसंती देवी ने कहा कि सरकार हमारी भावनाओं को हमारी कमजोरी ना समझे हम नारी नहीं चिंगारी हैं। उन्होंने कहा कि हमें बीएलओ के कार्य से मुक्ति देना सुनिश्चित करें।

### 1956 में ककरिया में हुई थी दुर्गा पूजा की शुरुआत

# पहले ही वर्ष 277 रुपये चंदा एकत्रित हुआ था

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड में सबसे पहला दुर्गा पूजा 1956 ई.में ककरिया में शुभारंभ हुआ था। वर्तमान दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहु एवं सुधीर चंद्र साहु ने बताया कि ककरिया के बांग्ला भाषी बंग समुदाय के लोगों ने दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया। दुर्गा पूजा का इतिहास आज भी दस्तावेज के रूप में संजो कर सुभाष चन्द्र साहु के घर में रखा गया है। दस्तावेज में एक एक पैसे का हिसाब आज भी सुरक्षित है। ककरिया गांव के रामखेलावन शर्मा के मन में पहला विचार 1955 ई. ही में ही आया था ?।? लेकिन सार्वजनिक रूप से दुर्गा पूजा का शुभारंभ 1956 ईस्वी में हुआ । तब लोगों की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी । ककरिया गांव के रामखेलावन शर्मा, तत्कालीन प्रमुख विश्वेश्वर साहु, समाजसेवी हलधर साहु, कालीचरण साहु, अकलु साहु



समेत हरि महाराज, कैलाश चंद्र साहु, रमेश चंद्र साहु ने मिलजुलकर फैसला किया कि जरियागढ़ की तरह ककरिया में भी दुर्गा पूजा आयोजित की जाएगी । ककरिया के लोगों ने चंदा एकत्रित करने का काम शुरू किया गया । कई लोगों ने सर्वाधिक 10-10 रूपए भी चंदा दिया । कई लोगों ने चार आने से लेकर आठ आने तक चन्दा दिया । कुल मिलाकर 277 रूपए चंदा जुटाया गया । जरियागढ़ से ही मूर्तिकार महेश राम को मां

### अकलू साहु ने अपनी दो एकड़ जमीन दान में दी थी

गांव के समाजसेवी अकलू साहु ने मां भगवती के नाम पर अपनी दो एकड़ 74 डिसमिल जमीन खेत के रूप में दान दे दिया । वहीं मां दुर्गा के मंदिर की स्थापना के लिए विश्वेश्वर साहु ने अपनी जमीन दान में दे दी । वहीं दुर्गा पूजा में काली चरण साहु ने बहुत बड़ा योगदान दिया । पहली दुर्गा पूजा में पुजारी की भूमिका रामखेलावन शर्मा ने निभायी थी जबकि हरि महाराज पहली बार यजमान की भूमिका में थे । हलधर साहू, प्रमुख विशेश्वर साहु, कालीचरण साहु, अकलु साहू, कैलाश चंद्र साहू, रमेश चन्द्र साहु समेत कई लोगों ने पहली दुर्गा पूजा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।

दुर्गा समेत अन्य प्रतिमाओं के निर्माण की जिम्मेवारी सौंपी गई । इस संबंध में एक इकरारनामा भी लिखा गया जो आज भी मौजूद है। मूर्तिकार को सिर्फ 45 खर्च के पर मूर्ति बनाने की जिम्मेवारी सौंपी गई ।

मूर्ति तत्कालीन खपरैल कच्चे मध्य विद्यालय ककरिया के भवन में मूर्ति का निर्माण कराया गया । तब हलधर साहु को 60 रूपए देकर मां दुर्गा के श्रृंगार का सामान लाने के लिए बंगाल के पुरुलिया भेजा गया । तत्कालीन प्रमुख विश्वेश्वर साहु को कपड़ा खरीदने के लिए 25 रुपए देकर तथा पूजा में बलि के लिए बकरा खरीदने के लिए उन्हें जिम्मेवारी सौंपी गई इसके लिए उन्हें छह रूपए दिए गए । पहले साल मंदिर तो नहीं बन पाया लेकिन ईंट की ढुलाई कराने के लिए जय गोपाल ठाकुर को 10 रूपए तथा उस्मान खान को रोकाडी.एक रुपए दिया गया।

### पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी में 3 युवकों की निर्मम हत्या

**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी के जतरमा में 3 युवकों की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जिससे इलाके में दहशत का माहौल कायम है। दरअसल, नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमरोड़ा पंचायत स्थित जतरमा गांव के नदी किनारे तीन युवकों की निर्मम हत्या कर फेंका गया था। सभी मृतक फेरी वाले है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मंगलवार को शव बरामद किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवकों की हत्या सीढ़ीनुमा डंडे में बांधकर सर को पत्थर से कुचल कर की गई है। इतना ही नहीं, तीनों युवकों का गुप्तांग भी काट दिया गया है। बताया जा रहा है की मृतक बंदगांव में रहकर गांव-गांव में घूमघूम कर फेरी करते थे। रविवार को 3 लोग फेरी करने जतरमा गांव गए थे। लेकिन, जिसके बाद घर नहीं लौटे। खोजबीन के लिए जतरमा गांव जाने पर तीनों की हत्या किए जाने के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस की टीम ने गांव पहुंचकर शव बरामद किया।

### चतरा जिला न्यायालय में देवेंद्रनाथ महतो को मिली अग्रिम जमानत

# झारखंड बंदी आंदोलन में कुल 52 पर हुआ था केस दर्ज

*न्यायालय में पेशी के बाद स्टूडेंट लाइब्रेरी हॉल में छात्रों को संबोधन किया एवं वर्तमान सीजीएल परीक्षा के अनियमितता पर चर्चा परिचर्चा किया*



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

राज्य में पिछले वर्ष नियोजन नीति आंदोलन में झारखंड बंदी के दौरान सैकड़ो छात्रों एवं अभिभावक पर लाठी चार्ज एवं केस दर्ज हुआ था। इस सिलसिले में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो को मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट चतरा में बड़ी राहत मिली है। चिप ज्यूडिशरी मजिस्ट्रेट विनय कुमार लाल के बेंच ने अग्रिम जमानत को स्वीकार कर लिया। अधिवक्ता अर्जुन कुमार ने बताया कि झारखंड बंदी के दौरान सदर थाना चतरा में केस कांड संख्या 273/23 के आलोक में यह केस दर्ज किया गया था। सरकारी काम में बाधा एवं तोड़फोड़ के मामले में कुल 52 अभियुक्तों को चिन्हित कर यह केस दर्ज किया किया था। जिसमें छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, योगेश चंद्र भारती एवं लोकनाथ महतो का अग्रिम जमानत स्वीकार कर लिया गया। न्यायालय में पेशी के बाद स्टूडेंट लाइब्रेरी हाल में छात्रों को संबोधन किया एवं वर्तमान सीजीएल परीक्षा के अनियमितता पर चर्चा परिचर्चा किया। तत्पश्चात देर शाम को गिद्धौर पूजा पंडाल में डांडिया नृत्य का उद्घाटन में पहुंचे। कोर्ट परिसर में छात्र नेता महतो ने मीडिया वार्ता के दौरान स्थानीय विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता को आड़े हाथ लिया और कहा कि मंत्री पुत्र के पियुन बहाली विवादित में रहा है। बाहरी मूल के पार्टी राजद के एकमात्र विधायक होने के बाद भी नियोजन जैसे अहम विभाग देने का गलती वर्तमान हेमंत सरकार ने किया है। नियोजन विभाग वर्तमान राज्य सरकार का सबसे ज्यादा उदासीन एवं विवाद से परिपूर्ण रहा है। हमारी सरकार बनते ही खतियान आधारित स्थानीयता को परिभाषित किया जाएगा।

## एक नजर

### सेविका- सहायिका की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**कोडरमा।** आठ सूत्री मांगों को लेकर चौथे दिन मंगलवार को भी झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले सतगावां, जयनगर, मरकच्चो, कोडरमा प्रखंड कार्यालय के बाहर सेविका- सहायिकाओं ने चौथे दिन मंगलवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान सेविका-सहायिकाओं ने नारेबाजी की। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सेविका- सहायिका को अपने आंगनबाड़ी में बच्चों की देखभाल, नर्सरी शिक्षा, ताजा नाश्ता खाना देने के अलावा दर्जनों काम सरकार इनसे कराती है। लेकिन इसका कोई अलग से मेहनताना नहीं दिया जाता है। उन्हें अतिरिक्त काम का मेहनताना दिया जाएगा। उन्होंने सेविकाओं का मानदेय बढ़ाने की मांग की।

### झुल रही बिजली तार की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत

**डोमचांच ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो में मंगलवार को विद्युत प्रभावित बिजली तार की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बगड़ो निवासी 56 वर्षीय लक्ष्मण पंडित, पिता- बैनी पंडित के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रक को लेकर चालक अपने घर के पास आया हुआ था। ट्रक से उतरने के दौरान पहले से नीचे झूल रहा तार हाथ में सट गया। इससे करंट लगने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल अवस्था में व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले में स्थानीय मुखिया और ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हमलोगों ने बिजली विभाग को आवेदन देकर झूले हुए तार को ठीक कराने की मांग की थी।

### सहकारी समिति के जरिए व्यवसाय का विस्तार संभवः इंद्रमणि

**कोडरमा।** सामुदायिक सशक्तीकरण परियोजना अंतर्गत समर्पण और बीजेएसएम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बेंदी पंचायत के कुंभियातरी सामुदायिक भवन में सहकारी समिति के गठन और महत्व और श्रम कल्याण के नियम-नीतियों पर समुदाय आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था के सचिव इंद्रमणि साहू ने कहा कि सहकारी समिति के जरिए कोई भी व्यवसाय का विस्तार संभव है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक होने की जरूरत है। प्रशिक्षक अर्चना ने श्रमिक कल्याण, अधिकार के साथ सहकारी समिति के गठन, इसके प्रबंधन से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। समाजसेवी राजेश सिंह घटवार, ढिबरा संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने भी अपने विचार रखे।

# कालरात्रि माता के दर्शन से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं : केसरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शारदीय नवरात्र के सातवें दिन पूजित होने वाली देवी माता कालरात्रि की उपासना की महत्ता पर सागर भक्ति संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि देवी पुराण के अनुसार शारदीय नवरात्र के सातवें दिन माता कालरात्रि की उपासना का विधान है। माता कालरात्रि, कालरात्रि के नाम से इसलिए जानी जाती हैं कि माता बिल्कुल सघन रात्रि की कालिमा के समान अपनी किया का रंग रखी हैं। ब्रह्मांड के समान माता कालरात्रि की तीन नेत्र सदा खुली रहती हैं। माता कालरात्रि के तीनों नेत्र राक्षसों को देख रही होती हैं। उनके नेत्रों से निकलने वाली ज्वाला से दैत्य - राक्षस सभी भस्म होते चले जाते हैं जा माता का स्वरूप इतना भयंकर प्रतीत होता है कि राक्षस- दैत्य उनके इस रूप को देखकर ही भाग खड़े होते हैं। वही दूसरी ओर माता कालरात्रि अपने भक्तों के लिए उतने ही शुभकारी देवी हैं ।इसलिए माता को शुभंकरी माता के नाम से भी जाना जाता है। माता कालरात्रि की उपासना से अग्नि भय, जल भय, जंतु भय, शत्रु भय, रात्रि भय आदि कभी नहीं होते हैं । माता की कृपा से इनके उपासक सभी प्रकार के भय से मुक्त हो जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कालरात्रि माता के इस स्वरूप के दर्शन से भक्तों के सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं ।माता का यह स्वरूप भक्तों के लिए बहुत ही शुभकारी व मंगलकारी है ।जो भी भक्त पवित्र व सच्चे मन से माता कालरात्रि का नाम लेकर किसी कार्य को प्रारंभ करते हैं, तो उनका कार्य निर्विघ्न संपन्न हो जाता है। आगे उसके कार्य में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होता है। वह माता कालरात्रि की कृपा से अपने कार्य में आगे बढ़ता ही चला जाता है । अगर कोई शत्रु उसके कार्य में बाधा पहुंचाने की कोशिश करता है, तो उल्टे शत्रु का ही नाश हो जाता है। माता कालरात्रि के स्मरण मात्र से मनुष्य के अंदर विद्यमान सभी तरह के भय दूर हो जाते हैं ।

## पंडालों को दी जा रही अंतिम रूप, मंदिरों में पहुंच रहे श्रद्धालु



**रामगढ़।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में प्ले ग्रुप से लेकर 8 क्लास के बच्चों ने मिलकर नवरात्रा उत्सव मनाया। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। निदेशक शैलेंद्र कुमार ने विद्यालय को संदेश दिया और नवरात्र के बारे में बताया कि नवरात्रि हिंदू समुदाय लोगों के द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्यौहार है। इन नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का आराधना की जाती है। मां दुर्गा के नौ रूप इस प्रकार है शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री। नवरात्रि 9 दिनों तक चलने वाला वर्ष का सबसे लंबा त्योहार है। नवरात्रि का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। संपूर्ण भारत देश में सभी जगह अलग-अलग ढंग से नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। नवरात्रि के समापन दशहरा त्योहार के द्वारा किया जाता है। सभी बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर और सब मिलकर डांडिया नृत्य किया और पूरा माहौल उत्साहित हो उठा। कक्षा 8 की छात्राओं ने धुनुची डांस से मां दुर्गा की आरती की। सभी कक्षाओं के विद्यार्थी अलग-अलग गानों में कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी



**रामगढ़।** प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी......। शहर सहित जिलाभर में दुर्गा पूजा को लेकर मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं का पूजा पंडाल आकर्षक तरीके से सज चुका है। शारदीय नवरात्र पर बुधवार को महासप्तमी की पूजा और प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा के साथ पंडालो के पट श्रद्धांलुओं के लिए खुल जायेंगे । इसके उपरांत मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की पूजा अर्चना व दर्शन के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़नी आरम्भ हो जाएगी जो विजय दशमी तक जारी रहेगी । शारदीय नवरात्र पर मंगलवार को जिलाभर में महाषष्ठी पर विधि-विधान से बेलवरण की पूजा हुई। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ बेल वृक्ष के नीचे पूजा कर मां दुर्गा को आमंत्रित किया गया। साथ ही श्री दुर्गा पूजा पंडालो में शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती, क्षमा प्रार्थना की गई। इस बार भी पंडालो के अंदर और बाहर रंग-बिरंगे विद्युत बल्बो से बेहतरीन ढंग से साज-सजावट की गई है। सभी ओर मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतों से क्षेत्र गूंज रहे हैं। कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाको का वातावरण दुर्गामय भक्तिमय बना हुआ है। दुर्गा पूजा के को लेकर श्रद्धांलुओं का उत्साह और उमंग चरम पर है।

## नवरात्रि के मौके पर डंडिया प्रतियोगिता आयोजित



**रामगढ़।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में प्ले ग्रुप से लेकर 8 क्लास के बच्चों ने मिलकर नवरात्रा उत्सव मनाया। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। निदेशक शैलेंद्र कुमार ने विद्यालय को संदेश दिया और नवरात्र के बारे में बताया कि नवरात्रि हिंदू समुदाय लोगों के द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्यौहार है। इन नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का आराधना की जाती है। मां दुर्गा के नौ रूप इस प्रकार है शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री। नवरात्रि 9 दिनों तक चलने वाला वर्ष का सबसे लंबा त्योहार है। नवरात्रि का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। संपूर्ण भारत देश में सभी जगह अलग-अलग ढंग से नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। नवरात्रि के समापन दशहरा त्योहार के द्वारा किया जाता है। सभी बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर और सब मिलकर डांडिया नृत्य किया और पूरा माहौल उत्साहित हो उठा। कक्षा 8 की छात्राओं ने धुनुची डांस से मां दुर्गा की आरती की। सभी कक्षाओं के विद्यार्थी अलग-अलग गानों में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में सभी विद्यार्थी और शिक्षिकाएं मिलकर डांडिया नृत्य किए। मौके पर कंचन प्रसाद, नंदिनी झा, अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, आकांक्षा मिश्रा, शांति कुमारी, रजनी कुमारी, सानू साहू, प्रियंका यादव, काजल कुमारी, अंकिता कुमारी, चंचला सिंह, हर्षिता, आरती कुमारी, पूजा कुमारी, नजा, रणजीत सिंह उपस्थित रहे।

## डीजे पूरी तरह रहेगा प्रतिबंधित, पूजा पंडाल में सीसीटीवी अनिवार्य : एसडीओ



**बरही।** दुर्गा पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कटिबंध है. मंगलवार को एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान अधिकारियो ने पूजा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यो को कई आवश्य निर्देश भी दिए. एसडीओ ने बताया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र, महिला व पुरुष के लिए अलग प्रवेश-निकास द्वार, समुचित वोलेंटियर्स आदि को व्यवस्था का निर्देश दिया. एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने डीजे पर पूर्ण रूप से वर्जित तथा नशापान व अफवाहों से दूर रहने की बात कही. उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में महिला व पुलिस बल लगाए जायेंगे. इसके साथ ही थाना में पुलिस बल की रिजर्व कंपनिया तैनात रहेगी. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की लगातार गश्तिया जारी रहेगी. किसी भी प्रकार समस्या के लिए पूजा समिति के लोग तत्काल सूचना दें. त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## 11 हजार वोल्ट का तार टूटा, कई गांवों की बिजली गुल



**दारू/हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के मुख्य कालीकरण सड़क स्थित मड़पा मोड़ के पास 11 हजार वोल्टेज का तार गिर गया। इससे बड़वार, मंगरपट्टा, परतंगा, चुड़कु, बसरिया सहित कई गांव में बिजली पूरी तरह बाधित हो गई। वहीं समय पर बिजली कट जाने से जान माल की क्षति होने से बच गया। बताया गया है कि बड़वार मड़पा मोड़ के समीप एक पोल का इंसुलेटर गरज - बिजली के कारण टूट गया। जिससे एक 11 हजार वोल्ट वाली तार दूसरे 11 हजार बोल्ट वाली तार से टकरा गया। जिससे दो मुख्य तार टूट कर जमीन पर गिर गया। घटना मंगलवार के लगभग 2:30 बजे की बताई गई। मौके पर कोई व्यक्ति या जानवर नहीं था और न ही कोई राहगीर मुख्य सड़क से आवागमन कर रहे थे। अन्यथा एक बहुत बड़ी घटना घट सकती थी।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने डीसी, एसपी को सौंपा आमंत्रण पत्र

# हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति पूजा उत्सव का आनंद शांतिपूर्ण माहौल में ले सकें : नैंसी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को डीसी नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह एवं रांची निवासी वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश सहाय को दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि महासमिति पिछले 24 वर्षों से माता रानी की पूजा अर्चना करते आ रही है महासमिति इस वर्ष वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के प्रारूप पर पंडाल का निर्माण किया गया है सुरक्षा की दृष्टिकोण से उत्तम व्यवस्था रखी गई है। साथ ही बताया गया कि महासमिति आस्था के साथ सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता सुनिश्चित करती है। पूजा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। महासमिति के कोर कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी और इसमें स्थानीय समुदाय के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा और व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से पूजा में शामिल हो सकें। डीसी नैंसी सहाय ने कहा की हमारा उदेश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति उत्सव का आनंद सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में ले सके, और पुलिस अधीक्षक ने महासमिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और आयोजन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें और किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस या प्रशासन से संपर्क करें।

# तेली समाज को नजर अंदाज करना भाजपा को पड़ेगा महंगा : सुनील साहू



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा स्तरीय तेली साहू समाज की बैठक बेडोकला पंचायत भवन में की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के पुर्व अध्यक्ष बसंत साव व संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक साव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय तेली साहु महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहु उपस्थित हुए। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पुरे झारखंड के तेली समाज को टिकट देने में सौतेला व्यवहार कर रही है, जबकि सदियों से यह समाज भाजपा को वोट करती आ रही है। अब तेली समाज किसी दल का बंधुआ वोटर नही रहेगा। यदि प्रदेश में भाजपा आबादी के अनुसार टिकट नही देती है तो हमारी समाज भाजपा को वोट नहीं देने पर विचार कर सकती है। उपस्थित सभी समाज के नेताओं नें अपने प्रदेश अध्यक्ष की बातों पर सर्वसम्मति से सहमति जताई।कहा बरकट्ठा विधानसभा में भी तेली समाज के लगभग 35हजार से अधिक वोट लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां तेली समाज को इग्नोर कर रही है, जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव भुगतना पडेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



**बरही।** मंगलवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जनता दरबार का आयोजन कर आम लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर कोनरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद यूसुफ एवं पंसस प्रतिनिधि मो सागीर ने बरही औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। पंसस मो यूसुफ ने बताया कि फैक्ट्रियों की चिमनी जहरीला धुआं छोड़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन खतरे में पड़ गया है और गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और धूल कण ग्रामीणों के घरों में जमा हो रहा हैं, जिससे उनके जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि डीप बोरिंग के कारण भू-जल स्तर गिर रहा है, जिससे जल संकट की समस्या और बढ़ रही है। मो यूसुफ व मो सागिर ने बताया कि बरही विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा पहले भी इस संबंध में विधानसभा के सदन में अपनी आवाज उठा चुके है। बावजूद इसके अनसुनी की गई है। उन्होंने उपायुक्त से इस गंभीर मामले की जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### पंचायत सचिवालय बरकट्ठा उत्तरी में मुखिया ने बच्चों के बीच किया खेल सामग्री का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उत्तरी पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रमीला देवी ने +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा ?के छात्र छात्राओं के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रमीला देवी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस महात्वाकांक्षी योजना का मकसद है खेल कुद को बढ़ावा देना। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिता को बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों के युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतियोगिता भी जरूरी है। जिसको लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों में खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है। खेल सामग्री 16 सेट में छात्र और 16 सेट में छात्राओं को दिया गया । मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव,उप मुखिया उर्मिला देवी, वार्ड सदस्य अमर गुप्ता, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पाण्डेय, शिक्षक बिरेंद्र कुमार यादव, सुमित कुमार,अजीत कुमार ,जितेन्द्र कुमार समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### मुखिया और जेएमएम नेता ने विद्यालय में 206 स्कूली बैग किया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में 206 स्कूली बैग छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। वितरण झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार और झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने किया। इस दौरान मुखिया सुमन कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग हजारीबाग की ओर से उपलब्ध कराए गए कक्षा एक से आठ तक के स्कूली बच्चों के बीच 206 स्कूल बैग का वितरण किया है। वितरण के दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल आने को कहा। मौके पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद दास, संजय यादव, जीतू मांझी, लखन यादव, विजय दास, अर्जुन दास, संयोजिका मालवा देवी, सदस्य धनवा देवी, शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, पंकज सिन्हा, राजेश्वर प्रसाद, कुंती देवी समेत अन्य अभिभावक गण उपस्थित थे।

## बुधवार को होगा माता रानी का पहला दीदार, पंडाल सजकर तैयार



**बरही ।** बुधवार से महासप्तमी पूजा के साथ ही सभी पूजा पंडाल में मां के दीदार प्रारंभ हो जाएंगे. इसे लेकर सभी पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली है. बरही के विभिन्न पूजा पंडाल सजकर पूरी तरह से तैयार हो चुके है. इस वर्ष दर्शकों को पूजा पंडाल के विभिन्न स्वरूप एक बार फिर से देखने को मिलेंगे. बरही का सबसे प्राचीन दुर्गा मंदिर का प्रांगण भव्य पंडाल से सुशोभित हो चुका है. पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन ठाकुर ने बताया कि बुधवार को संध्या में मां के पट खोल दिए जायेंगे. जहां भक्त मां का दर्शन कर पाएंगे. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड में मां झारखंड विधानसभा के अंदर विराजेंगी. महीनो दिन के परिश्रम व लाखो की लागत से बना यह पंडाल झारखंड विधान सभा का हुबहू नकल उतारा गया है. जहां दर्शक अपनी मां को देख पाएंगे.

# कृषि कार्यालय में जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, सिमडेगा द्वारा जिला स्तरीय खरीफ़ -सह- मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन जिला कृषि कार्यालय परिसर में किया गया। कर्मशाला का सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह सहित जिला परिषद सदस्य सोनी पैकरा, जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, नाबार्ड एवं केवीके के वैज्ञानिक संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सहित सभी अतिथियों को जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने पौधा देकर स्वागत किया।कृषि पदाधिकारी ने जिला में कृषि के विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में फसल आच्छादन लक्ष्य के अनुरूप 94.4 प्रतिशत हेक्टर आच्छादित किया गया है। बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर 4479 किसानों के बीच धन, मडुआ एवं मूंगफली का वितरण किया गया है। बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत प्रत्यक्षण हेतु शत् प्रतिशत अनुदान पर खरीफ बी प्राप्ति एवं वितरण 2544 किसानों के बीच उरद, मक्का एवं मूंगफली का वितरण किया गया है। वहीं जिले के 94 पंचायतों में 93016 किसानों को के.सी.सी. योजना से आच्छादित किया गया है। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गतल संभावित 11030 किसानों के विरूद्ध 9750 किसानों की सूची बैंक द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया गया जिसमें से 7096 किसानों का ई केवाईसी कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें से 6941 किसानों की सूची 50000/- तक के ऋण माफी हेतु राज्य को अग्रसारित किया गया है। साथ ही वर्तमान में सरकार द्वारा 200000/- (दो लाख) तक की ऋण माफी अंतर्गत 2435 किसानों का ऋण माफ किया गया है। सॉयल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12051 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 8317 मृदा नमूना संग्रहण एवं 6567 नमूनों का विश्लेषण कार्य पूर्ण करते हुए सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया जा रहा है। झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि मिलेट फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत अब तक जिले के 3175 किसानों द्वारा ऑनलाईन निबंधन कराया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि ड्राप योजना के तहत उचित तरीकों से बेहतर जल प्रबंधन, कुशल सिंचाई तकनीकों को अपनाकर सिंचित क्षेत्र का विस्तार, फसल उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आय में वृद्धि करना है, इस योजना में छोटे और सीमांत किसानों को 90% सब्सिडी पर और सामान्य किसानों को 80% सब्सिडी पर डीप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली स्थापित की जाती है। वर्तमान में 177 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है जिसमे से 182 किसानो के लिए 125 हेक्टेयर का कार्यादेश निर्गत किया गया है। उपायुक्त ने कार्यक्रम उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा जिला में लगभग 28% भूमि जो वन से जंगल से आच्छादित है, कृषि योग्य भूमि 40-42 प्रतिशत है एवं बाकी नदी, पहाड़, रोड़ आदि है ये जो कृषि योग्य भूमि है जो एक फसलीय हैं मूलत, यहां वर्षा आधारित कृषि है,अब इसमें जो 42 प्रतिशत भूमि है उसमें जो सीमांत कृषक है जो लगभग 60% है एक हेक्टेयर से कम भूमि में कृषि करने वाले तथा लघु कृषक सीमांत 18 प्रतिशत है और बड़े कृषि तो यहां बहुत कम है। का अर्थ यह हुआ कि इस जिले में राज्य में 12 प्रतिशत कृषि भूमि में कृषि कार्य नहीं हो रहा तो इस जिले में 20 प्रतिशत ज्यादा भूमि है जिसमें कृषि कार्य नहीं हो रहा है। कृषि योग्य जोत भूमि है कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं और जब हम वहां कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं तो उसका बहुत सारा कारण है हमारे किसान निवेश नहीं कर पा रहे हैं, बहुत कमजोर हैं, पूंजी नहीं है, सरकार के विभिन्न योजनाओं में अनुदान पर लाभ लेकर सीमांत किसान कृषि कार्य करते हैं। इसकी वजह से जिले में फूड सिक्योरिटी भी नहीं है।

## इंटर महिला कॉलेज का धूमधाम से मनाया गया 40वां स्थापना दिवस

**सिमडेगा।** मंगलवार को पार्वती शर्मा इण्टर महिला कॉलेज सिमडेगा 40वा स्थापना दिवस पूर्ण करने के उपलक्ष्य में एस०एस०गर्ल्स हाई स्कूल के सामने वाहन पड़ाव में कॉलेज के स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रति अपना योगदान समर्पित करने वाले व्यस्क अतिथियों को कॉलेज परिवार की ओर से शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर के द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। मंच का संचालन कॉलेज के व्याख्याता दुर्गविजय सिंह देव के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अचल अधिकारी सिमडेगा की मौजूदगी रही एवं विशिष्ट अतिथियों में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थित्ति रही। इस महाविद्यालय ने प्रथम पूर्व प्राचार्य के पद पर रह चुकी विशिष्ट अतिथि नजमा बेगम के द्वारा चंद शब्दों से कॉलेज परिवार एवं छात्राओं को अनुग्रहित किया गया। पूर्व विधायक विमला प्रधान के द्वारा सिमडेगा शहरी क्षेत्र में महिला कॉलेज की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए पार्वती शर्मा इण्टर महिला कॉलेज के योगदान की सराहना की। पूर्व प्राचार्य अर्जुन प्रसाद ने कॉलेज के विषय में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कॉलेज परिवार को धन्यवाद दिया। पूर्व विधायक पार्वती इन्टर महिला कॉलेज के पूर्व सचिव निर्मल बेसरा के द्वारा शिक्षा के महता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं की शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की बात कही गई।

# न्यूज बॉक्स

## विधानसभा चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारियों का कॉलेज में हुआ प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारी को महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को चुनाव से जुड़े सभी पहलुओं का बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से कहा कि टीम भावना से काम करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के मापदंडों एवं गाइडलाइन के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराएं। इस दौरान पिठासीन पदाधिकारी कुल 765 एवं प्रथम मतदान अधिकारी कुल 825 उपस्थित होकर प्रशिक्षण में शामिल हुए।प्रशिक्षण सभी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।

## भौंरा काटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**कुरडेग ।** थाना क्षेत्र के सावां टोंगरीटोली में एक 30 वर्षीय ग्रामीण को भौंरा काटने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार सावां टोंगरीटोली निवासी आनन्द किन्डो नामक ग्रामीण रविवार को मवेशी चराने जंगल गया था।इसी दौरान भौंरा मधुमक्खियों ने काट लिया।घायल व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाया गया और घर में ही जड़ी बुटी से ईलाज किया जा रहा था। मंगलवार सुबह घायल व्यक्ति की मौत हो गई।सूचना पाकर कुरडेग पुलिस मृतक के घर पहूंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।और अन्तिम संस्कार कर दिया।

## कुरडेग में हुई प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया। किसानों को आत्मा तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे जानकारी तथा मोटे अनाज के वैज्ञानिक खेती के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। एटीएम अनु सोफिया एक्का के द्वरा मोटे अनाजों के महत्व के बारे में बताया गया।किसानों को धान के साथ साथ अन्य फसल जैसे मोटे अनाज मक्का,ज्वार बाजरा,रागी मडुवा आदि की खेती करने का सुझाव दिया। साथ ही नई तकनीकी अपनाकर कृषि पैदावार बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।मोटे अनाजों की खेती वृहत पैमाने पर करके किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।किसानों को कृषि बीमा ,कृषि लोन के बारे भी बताया गया।इस कर्मशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्याम किशोर प्रसाद ,किसान मित्र एवं काफी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड के दर्शनीय स्थल वनदुर्गा मंदिर में हुआ महाआरती का आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल माँ वनदुर्गा मन्दिर में नवरात्रि के मौके पर हुई महाआरती का आयोजन इस मौके पर बाबा उमाकांत जी महाराज एवं तुलसी जी महाराज की अगुवाई में विधिवत पूजन के पष्चात महाआरती का आयोजन किया गया । समिति प्रसाद मनीष टेलीकॉम केरसई, संजय मिश्रा, केशरी सिंह, कैलाश सिंह, जहुरण सिंह, जगरनाथ सिंह, बसंत साहू, बालेश्वर साहू, महेश साहू, लोहरा साहू , लखु साहू, पुजारी गजेन्द्र सिंह एवं अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर बताया गया कि शारदीय नवरात्र के मौके पर नौ दिनों तक विधिवत पूजन के बाद, दुर्गा पाठ किया जाता है । साथ सुबह शाम आरती किया जाता है । वही कलश स्थापना के दिन से ही भक्तों द्वारा माता को भोग लगाया जाता है । इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जाता है।

## खलिहान में काम कर रहे किसान को जंगली हाथी ने बनाया निशाना, हुई मौत



**बानो।** प्रखण्ड में जंगली हाथी ने बीती और एक किसान का जान ले ली मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि लगभग दो बजे इस आशा के साथ कि धान दौरी कर दूसरे काम मे जाना है ।मिली जानकारी के अनुसार बानो प्रखण्ड के ग्राम डुमरिया मैनाबेडा निवासी सुकरा सिंह अपने खलिहान में धान दौरी करने में जुटा हुआ था।अचानक जंगली हाथी के हमला कर देने संभल नही पाया और गिर गया। गिरने के बाद पटक कर मार डाला । घटना की जानकारी मिलने पर बानो रेजर अभय कुमार गाँव जाकर मृतक के पत्नी बिरसमुनि देवी को तत्काल 10;000 रु सहायता राशि दिया । साथ ही ग्रामीणों के बीच टोर्च आदि सामानों का वितरण किया गया।जानकारी मिलने पर बानो थाना के एस आई निरंजन महतो शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया । घटना की जानकारी मिलने पर रौतिया समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष महेश सिंह डुमरिया मैनाबेड़ा जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया ।घर का एक मात्र कमाने वाला के अचानक मौत हो जाने से बिरसमुनी देवी के सामने परेशानी का पहाड़ टूट गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में दृश्य कला संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत दृश्य कला 2-डी एवं 3-डी से संबंधित कार्यशाला का समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत कुमार ने विद्यार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र का विरतण करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। इससे उनमें रचनात्मकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं आलोचनात्मक सोच विकसित होती है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम प्रभारी अवधेश रजक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उनके व्यक्तित्व को निखारना है। यह कार्यक्रम मार्क 2 फैशन टेक द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी कला को प्रदर्शित करते हुए दैनिक जीवन से संबंधित 2-डी एवं 3-डी वस्तुओं को जीवंत रूप दिया तथा कला-प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। इस अवसर पर शुभम कुमार सॉफ्टवेयर डेवलपर, फैशन टेक जीत विद्यार्थी सॉफ्टवेयर डेवलपर, फैशन टेक, बलराम कुमार प्रोजेक्ट समन्वयक, फैशन टेक वरीय शिक्षक संजय कुमार सिन्हा, रामायण पासवान, सुनील कुमार सिंह, सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# 36वीं नवयुवक संघ लट्ठाखम्हन हॉकी चैंपियनशिप का हुआ आगाज

नवीन मेल संवाददाता

> लट्ठाखम्हन हॉकी चैंपियनशिप के मैदान से खेल कर टीम इंडिया की कैप्टन बनी सलीमा टेटे : बिपिन पंकज

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के लट्ठाखम्हन खेल मैदान में नव युवक संघ हॉकी एसोसिएशन लट्ठाखम्हन द्वारा 08 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2024 तक आयोजित 36 वी नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप 2024 महिला और पुरुष का आज विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रखंड के प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, हॉकी सिमडेगा के वरिष्ठ पदाधिकारी सह तकनीकी प्रकुख पैंखरासियस टोप्पो, लट्ठाखम्हन विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय नंद एवम अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। पुरुष वर्ग के उद्घाटन मैच में कुडपानी प्रधान टोली ने बरबेड़ा को पेनाल्टी शूटआउट में 5=4 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया, जबकि महिला वर्ग उद्घाटन मैच में महारानी दुर्गावती क्लब रूंघुडेरा ने भेड़ी टोली को 03-00 गोल से पराजित किया।एक अन्य मैच में आदनबेड़ा ने लोकोटोली को पेनाल्टी शूट में 4-2 से पराजित किया।

# पंचायत के गिरजा टोली में ग्रामीणों ने एक विशेष बैठक का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के गिरजा टोली में मंगलवार को मेरोमडेगा पुर्वी क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक और राजनैतिक चेतना को जागृत करने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए।विधायक ने कहा कि बदलते परिवेश में आज हमारे ही बीच के कुछ दलाल किस्म के लोग,अपने ही समाज को भाजपा और झापा के इशारे पर कमजोर करने और आपस मे लड़ाने का कार्य कर रहे है। ऐसे लोगों से हम सभी को सचेत रहने और स्वयं के अंदर राजनीति जागरूकता उत्पन्न करने की जरूरत है। ताकि हम भाजपा की कठपुतली बने नेता और उनके पार्टियों से स्वयं और अपने समाज को पिछलग्गू बनाने से बचा सके। उन्होंने कहा लोगों का अब झापा और भाजपा से मोह भंग हो चुका है। लोकसभा चुनाव में भी हमारी जनता ने दोनों ही पार्टियों को सबक सिखाने का काम किया है। आगामी विधानसभा चुनाव तक पुरा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत फिर से होगी। अपने भाईयों के विरुद्ध भड़काने का काम ये दोनों पार्टियां कर रही है। जिससे कि हम आपस में लड़े और कमजोर हो जाएं।भाजपा की ये शुरू से मंशा रही है कि इस छेत्र को संबिधान की पांचवीं अनुसूची के तहत मिले अधिकार के तहत अनुसूचित क्षेत्र को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जा सके। डिलिस्टिंग करने की कोशिश की जा रही है। अब इस देश की जनता अपने हक और अधिकार तथा संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गई है। मौके पर अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, सुकवन जोजो, जमीर खान, सुनील जोजो, आदि उपस्थित रहे।

# दुर्लभ बीमारी का दंश झेल रहा है युवक पेड़ की छाल की तरह होता जा रहा है पैर

नवीन मेल संवादाता

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत से एक दुर्लभ बीमारी का रोगी सामने आया है। इस बीमारी के कारण युवक का एक पैर पेड़ की छाल की तरह होता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, रोगी की हालत ऐसी है कि वह न तो कुछ कर पाता है और न ही ठीक से बैठ सकता है। मामला कोनमेरला पंचायत अंतर्गत सरदारटोली गांव का है। यहां के रहने वाले 34 साल के राजेंद्र बड़ाईक को एक अजीबोगरीब बीमारी ने घेर लिया है। इस व्यक्ति को जो भी देखता है वो डर जाता है। दरअसल, राजेंद्र एक दुर्लभ चर्म रोग से ग्रसित है। जिसकी वजह से उसका एक पैर पेड़ की छाल में बदल गया है। राजेंद्र पिछले चार महीने से इस गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। इस बीमारी का इलाज कराने राजेंद्र अस्पताल भी गया था, लेकिन इस बीमारी का इलाज नहीं हो पाया। इलाज के नाम पर राजेंद्र के पास जो भी पैसा था सब खतम हो चुका है। खेती लायक सभी जमीन राजेंद्र बंधक दे दिया है। राजेंद्र का उसकी पत्नी के अलावा और कोई नही है।

### सरकारी योजनाओं से वंचित है राजेंद्र घर में राशन कार्ड तक नहीं

पीड़ित परिवार के पास न तो घर में जॉब कार्ड है ना राशन कार्ड।



अबुआ आवास या पीएम आवास योजनाओं से आज भी बेखबर है ये परिवार। घर में खाने के लाले पड़े हैं। राशन कार्ड न होने से पीड़ित परिवार के पास आयुष्मान कार्ड भी नही है। जिसके कारण अब उनका उम्मीद प्रशासन के सहयोग पर जाकर टीका है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## बीडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की महत्वपूर्ण बैठक

**जलडेगा।** बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण बैठक किया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के सन्दर्भ में किन किन गतिविधियों को किया जाना है एवं किन गतिविधियों की मनाही है इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही मतदान केंद्र के सौ एवं दो सौ मीटर की परिधि में किये जाने वाले गतिविधियों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## खड़िया डोकलो भवन का विधायक कोंगाड़ी ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के मेरोमडेगा पूर्वी में मंगलवार को विधायक मद से निर्माण हेतु खड़िया डोकलो भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने विधिवत तरीकों से शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिकता के आड़ में आज हमारे परम्परागत भाषा, संस्कृति व परंपरा को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा झारखंड राज्य जिस उद्देश्य को लेकर अलग हुए था, उन मूल उद्देश्य को दरकिनार कर भाजपा ने यहां अपने एजेंडे के तहत प्राथमिकता को बदलकर हमे दूसरी ओर उलझाने का कार्य किया और इसमे वो किसी हद तक सफल भी रहे। अब महागठबंधन की हमारी सरकार झारखंडियों को उनके भाषा, संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने का कार्य कर रही है। जल, जंगल और जमीन किसी भी आदिवासी समाज की आत्मा हैं, जिसे छीनने का लिए कई तरह के षड़यंत्र भाजपा और उनके पूंजीपति दोस्तों के साथ मिलकर कर रही है।

## महिलाओं के खाते में भेजी सीएम मंईयां समान योजना की तीसरी किस्त



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में घर मे बहन, बेटी व महिलाएं हैं तो मनी है। आज खटाखट खटाखट माता बहनों एवं बेटियों के खाते में मुख्यमंत्री मंईँया समान योजना की राशि भेजी जा रही है। घर मे लक्ष्मी के रूप में मौजूद बेटियों के सहारे पैसे की बरसात हो रही है। विधायक भूषण बाड़ा मंगलवार को सदर प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री मंईँया समान योजना की तीसरी क़िस्त की राशि का माताओं एवं बहनों के खाते में भेजते हुए कही। मौके पर विधायक ने इंडिया गठबंधन सरकार की पहल पर दुर्गा पूजा के मौके पर हजारों माताओं एवं बहनों के खाते में पैसे भेज कर ढेर सारी खुशियां बरसाई। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को पूरा सम्मान देने का काम राज्य सरकार ने किया है। सरकार के इस योजना से हमारी माता बहनों एवं बेटियों को पूरा सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कुछ पैसे के लिए किसी के सामने झोली फैलाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। मौके पर जिप सदस्य जिसिमा खाखा,जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, जिप सदस्य शांति बाला,प्रमुख सुशीला देवी,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,बीडीओ समीर रैनियार खलखो, सीओ इम्तियाज अहमद,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन,उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग,ज्योति लुगुन,अंजली रानी, सोभेन तिग्गा,पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा,विजय किंडो,पंचायत के मुखिया,वार्ड सदस्य सहित कई लाभुक मौजूद थी।

# गांव के बच्चों को बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का हो रहा प्रयास : विधायक भूषण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक मद से जीईएल. मध्य विद्यालय खूंटी टोली में बने दो कमरों का जीईएल चर्च खूंटीटोली परिसर में बने चबूतरा का मंगलवार को शुभ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से जी ई एल चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने सयुक्त रूप से विद्यालय भवन एवं चबूतरा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बिशप मुरेल बिलुंग को विधायक सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की गलत नीति के कारण सरकारी व अल्पसंख्यक स्कूलों में बढ़े बच्चों की संख्या के अनुपात में स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास नहीं हो पाया था। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अल्पसंख्यक स्कूलों का न तो अपना भवन था न शिक्षक थे और न ही अन्य कोई व्यवस्था थी। आए दिन समस्याएं बढ़ रही थी। लेकिन हमने सरकार के साथ मिलकर इस समस्या को गंभीरता से लिया और गांव में स्थित स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हर संभव प्रयास करने का काम किया। जो अब भी जारी है। विधायक ने कहा कि बेहतर सुविधा के साथ गरीब बच्चों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। अब अल्पसंख्यक स्कूलों के बच्चों को गर्मी में तपते, सर्दी में ठिठुरते और बारिश में चिपचिपाते फर्श पर बैठकर पढ़ाई करना नदी पड़ेगा। डेस्क के अभाव में जमीन पर बैठ कर पढ़ने की जरूरत नहीं होगी। स्कूलों में कमरों का अभाव पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी। बरामदे और पेड़ों के नीचे खुले आसमान तले बैठकर पढ़ाई करना नहीं पड़ेगा। विधायक ने कहा कि समय के साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित कई हाई स्कूलों को इंटर कॉलेज में प्रोन्नत किया जा चुका है। इसके बाद इंटर कॉलेजों की कमी की समस्या से काफी हद तक मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि आज कोई भी अल्पसंख्यक स्कूलों में छात्र बगैर गुरुजी के शिक्षा ग्रहण नहीं करते हैं। मौके पर जिप सदस्य पाकरटाड जोसिमा खाखा,जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो,पादरी विभव केरकेट्टा,पादरी जेम्स जोजो,पादरी लॉरेन डुंगडुंग,पादरी ज्योति ताबिता बिलुंग,पादरी जातोम टेटे,पादरी सुसारेम डुंगडुंग,पादरी ईमानी बुढ़,कांडीदात प्रतिमा डुंगडुंग, नगर प्रभारी सह जिला महासचिव शशि गुड़िया,जॉन्शन मिंज,सचिव सुनील लुगुन, सहित कई शिक्षक व अन्य मौजूद थे।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग : बिशप

मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग हैं। यह बच्चे को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन न केवल एक छात्र को नौकरी के लिए तैयार करती है, बल्कि वह व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व का भी विकास करती है। बिशप ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से तात्पर्य सभी समुदाय और सभी वर्ग के बच्चों के लिए समान और मानक शिक्षा हो जो आजीवन सीखने और ज्ञान की प्राप्ति को बढ़ावा दे।

भक्ति विकसित करो। जीसस के शब्दों को याद रखो- हे परमपिता, आपने इन सब बातों को ज्ञानियों और बुद्धिमानों से छिपा कर रखा, तथा अबोध बच्चों पर प्रकट किया है।
- श्री श्री परमहंस योगानंद, ''परमहंस योगानन्द के वचनामृत''

संपादकीय

## एग्जिट पोल के उलट बीजेपी सफल

सारे एग्जिट पोल को झुठलाते हुए हरियाणा के परिणाम से कई पार्टियां सकते में हैं क्योंकि उन्होंने हवा ऐसी फैला रखी थी कि किसान नाराज हैं, पहलवान नाराज हैं, मुसलमान भी खुश नहीं और सभी सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं क्योंकि ऐतिहासिक जीत के साथ बीजेपी ने चुनावी विश्लेषकों के लिए अध्ययन का नया विषय प्रस्तुत कर दिया है। हरियाणा में कांग्रेस को इतनी बड़ी हार क्यों झेलनी पड़ रही है? कांग्रेस के पक्ष में पूरा का पूरा माहौल दिखाई दे रहा था। बावदूद इसके कांग्रेस आखिरकार कहां पीछे रह गई और भाजपा एंटी इनकनवेंसी के बावजूद भी जीत हासिल करने में कामयाब रही। इसके अलग-अलग विश्लेषण सामने आ रहे हैं। लेकिन कहीं ना कहीं वर्तमान में जो कहा जा रहा है वह यह है कि कांग्रेस को इस चुनाव में उसका आत्मविश्वास ले डूबा है। कांग्रेस इस चुनाव में अत्यधिक ओवर कॉन्फिडेंट के साथ मैदान में थी। उसने मान लिया था कि इस बार हम जीत रहे हैं। तभी तो आज सुबह ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास के बाहर जिस तरीके का माहौल था, उससे ऐसा लग रहा था कि वह मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस को जाटों पर भरोसा करना भी भारी पड़ गया। हरियाणा में 30 से 35 सीटों पर जाट वोटर्स का सीधा प्रभाव माना जाता है। हरियाणा में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा जाट उम्मीदवार भी उतारे थे। हालांकि, यह राजनीति उसकी काम नहीं आई और इस चुनाव में बीजेपी बाजी मारती हुई दिखाई दे रही है। जाट लैंड में भी भाजपा को बढ़त मिलती हुई दिखाई दे रही है। इसके अलावा किसानों और पहलवानों पर कांग्रेस ज्यादा निर्भर रही। किसानों का फैक्टर जितना मीडिया में दिखाई दे रहा था, जमीन पर उतना नहीं था। वहीं कुछ पहलवान भाजपा के पक्ष में भी खड़े रहे थे। एक प्रमुख कारक पार्टी की अंदरूनी कलह और उसके शीर्ष नेता सत्ता के लिए आपस में झगड़ रहे हैं। चुनाव से बहुत पहले, कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि जीत निश्चित थी और उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया था। कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा और वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा के बीच सत्ता संघर्ष खुलकर सामने आ गया है, जिसके लिए पर्दे के पीछे काफी नुकसान नियंत्रण की जरूरत है। हुड्डा पर बहुत ज्यादा भरोसा किया गया। हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस ने जाट वोटों पर ध्यान केंद्रित किया, जाहिर तौर पर भाजपा के पक्ष में गैर-जाट वोटों का एकीकरण हुआ। कांग्रेस की जीत ने राज्य में प्रभावशाली समुदाय की वापसी की ओर इशारा किया होगा। इसके बजाय, ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य समुदायों ने सत्तारूढ़ दल के पक्ष में भारी मतदान किया है। जाट के खिलाफ ओबासी, दलित और ब्राह्मण एकजुट हो गए। इसका अलावा नायब सिंह सैनी को कांग्रेस ने कमजोर आंका, जो उसपर भारी पड़ गया है। कहा जा रहा है कि मोदी का पुराना फामूर्ला काम आया जब गुजरात में नरेंद्र मोदी की शैली थी कि वो विधानसभा चुनाव में कई विधायकों का टिकट काट देते थे। सरकार में नियमित अंतराल पर बड़ा बदलाव करते थे। इससे वह लोकल एमएलए के खिलाफ या उनकी सरकार के खिलाफ उपजे एंटी इनकंबेंसी को पूरी तरह समाप्त कर देते थे।

> अलग-अलग विश्लेषण सामने आ रहे हैं। लेकिन कहीं ना कहीं वर्तमान में जो कहा जा रहा है, वह यह है कि कांग्रेस को इस चुनाव में उसका आत्मविश्वास ले डूबा है।

# बढ़ती सुख-सुविधाओं की लालसा ने मनुष्य का सुकून छीना


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक जीवनशैली में तेजी से उभरने वाला विकार मानसिक तनाव है, जो हम हमेशा लोगों के व्यवहार से अनुभव करते है, विभिन्न परिस्थितियों में खुद में भी बहुत बार तनाव महसूस होता है। लोगों द्वारा किया गया दुर्व्यवहार, दुःख, परेशानी में इंसान को हमेशा मन में डर सताता है, चिंता होती है, नकारात्मक विचार और बुरे ख्याल मन में बैठ जाते है। घटित बुरी घटनाओं की यादें हमें हरदम झंझोड़ देती है। दिन भर में दस अच्छी और एक बुरी खबर में अच्छी खबर को नजरअंदाज कर हमें केवल वह एक बुरी घटना ही परेशान करती है। जबकि उस एक बुरी खबर का हमारे जीवन में कोई विशेष अस्तित्व भी नहीं होता। लेकिन मनुष्य बेमतलब की बात को तूल देकर खुद के मन और तन को विकार देता है। अपने मन पर खुद का नियंत्रण न होना ही समस्या की मूल जड़ है। तनाव बढ़ाने से या खुद के टेंशन लेने के समस्याओं का कभी हल नहीं निकलता है। तनाव खत्म होगा हमारे सकारात्मक विचार और सफल प्रयास से।




सभी प्राणियों में मनुष्य को सबसे बुद्धिमान माना जाता है, मनुष्य ने विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर ली है, आज के आधुनिक वातावरण में जहां देखने को तो खूब सुख-सुविधाएं दिखाई पड़ती है, परंतु इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपना सुख-चैन, स्वाभाविकता, भोलापन, मासूमियत खो दिया, सुकून महसूस नहीं होता। भौतिक सुख को ही हमनें सब कुछ मान लिया है, और यहाँ तक कि हम इंसानियत को भी भूलकर पैसों के पीछे पागल हो गए। मानव से मानवता और इंसान से इंसानियत शब्द बना है, इसी शब्द की सार्थकता अनुरूप हर मनुष्य का आचरण होना चाहिए, परंतु मनुष्य बहुत नीचे गिर गया है। बहुत बार लोगों का स्वार्थ देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी है, जो खुद के फायदे के लिए दुसरो को तबाह नहीं करते है। आज की युवापीढ़ी तो रात को जागती है और दिन में आराम फरमाती है, घर में कम और बाहर ज्यादा खाते है, लोगों की नसीहत भी गाली लगती है, नीतिनियम, रोक टोक को पाबंदी मानते हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम ने तो हमें लत लगा दी है। जिम्मेदारियों के बोझ का अहसास जिन्हे होता है वहीं मेहनत को अपना कर्म बना लेते है तब उम्र भी मायने नहीं रखती है।

अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावटखोरी, हर ओर राजनितिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, झूठा दिखावा, भेदभाव, धोखा, नशाखोरी, लोभ, संस्कारहीन व्यवहार, ईर्ष्या भाव ऐसे दूषित वातावरण में मानसिक शांति मिलना ढोंग है। लोगों की लापरवाही भी मनुष्य के लिए सिरदर्द का कारण बनता है, हर क्षेत्र में सरकारी कर्मचारियों की कमी की समस्या की सजा आम जनता को भुगतनी पड़ती है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण शहरों में खुलेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बड़ी परेशानी है। हर जगह, हर क्षेत्र, कार्यालय, हर रिश्ते-नाते में कुछ लोग ऐसे मिल जायेंगे जो दुनिया में केवल दूसरों को परेशान करने के लिए मौजूद है। क्योंकि ये सब तो दुनियाँ में अशांति और अराजकता के वाहक है, बहुत से लोग इससे जुड़ी समस्याओं से प्रभावित है, लेकिन सिर्फ यही हमारा पूरा संसार नहीं है, लोगों ने क्या किया इससे बेहतर है कि हमने क्या किया? यह समझें। दुनिया में केवल समृद्ध प्रकृति, अच्छे कर्म और समाधान ही मानसिक सुख का आधार बन सकते है।

मानसिक तनाव हमारे द्वारा ही तैयार किया गया खुद के लिए विकार है, इसलिए समस्या का हल खोजें, परेशान न हों। मानसिक तनाव के निमार्ता अधिकतर हम खुद होते है। हमारा व्यवहार भी इसके लिए उत्तरदायी है जैसे :- दुसरो पर ज्यादा भरोसा, बुरी आदतें, जल्दी हिम्मत हारना, खुद को कमजोर बेबस मानना, आलस्य, आधुनिक दिनचर्या का अवलंबन, नीतिनियम की कमी, गलत जिद, मार्गदर्शन की कमी, लोग क्या कहेंगे सोचकर डरते रहना, नया कुछ सीखने से डरना ऐसी बहुत सी बातें हमें मानसिक रूप से बीमार बनाती है। अगर हम सत्य की राह पर चल रहे हैं तो कभी भी लोकलाज की न सोचें। जीवन को आसान बनाकर जिंदादिली से जियें।

नकारात्मक विचार शैली के लोगों से दूरी बनाना हमें जीवन में बहुत आवश्यक है। हमें जीवन में उन लोगों की कद्र करनी चाहिए जो हमारे सुख-दुःख में हमेशा साथ देते है, बेहतर मार्गदर्शन करते है, मतलब के अनुसार व्यवहार बदलते नहीं है। हर व्यक्ति की अपनी अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता होती है, कभी भी हमें अपनी मयार्दा भूलकर लोगों की स्वतंत्रता पर आंच आये ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। जीवन में अगर सुख-शांति से जीना है तो, बुरे काम से दूर रहें, परोपकार की भावना, प्रकृति प्रेम, पशु सेवा, असहायों की मदद, मानवधर्म की राह पर चलने से हम समाधानी बनकर रहेंगे। बिना किसी अपेक्षा और स्वार्थ के सत्कर्म हमें जीवन में संतोष दिलाते है। खुद को हमेशा अच्छे काम में व्यस्त रखें, अपने क्षेत्र में काम करते हुए हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयत्न करें। थोड़ा समय निकालकर समाज में श्रमदान करें। हेल्दी हॉबी बनाए रखें, नियमित व्यायाम, मैदानी खेल खेलें, अपनी बढ़ती उम्र को भी केवल संख्या मानकर चलें। सुख-दुःख, हार-जीत जीवन में निरंतर चलता रहता है, वक्त कभी एक-सा नहीं रहता, समयानुसार बदलाव आते ही है। मुश्किल समय में हौसला बनाये रखें और आपने जो अपने जीवन में अच्छे काम, अच्छे व्यवहार किये है तो अच्छे लोग भी आपसे जुड़े रहेंगे। आप जीवन में जैसा बोएंगे वैसा ही फल पाएंगे।क्या आपको याद है कि आप पिछली बार कब मन से खिलखिलाकर हंसे थे? जबकि हमें हर पल मुस्कुराते हुए जीना चाहिए। जीवन में समस्या आएंगी, लेकिन आप उस समस्या को किस तरीके से देखते है, ये आप पर निर्भर करता है। समस्याओं को चुनौती मानकर सामना करने वाले हमेशा सफल होते है, क्योंकि वे समस्याओं से घबराते नहीं बल्कि उसे अवसर मानकर आगे बढ़ते है। कोई भी समस्या या दुख होने पर वह समस्या खुद पर हावी न होने दें, तनाव बिलकुल भी न लें, क्योंकि तनाव अनेक जानलेवा गंभीर बीमारियों की जड़ होती है जो हमें अधिक मुश्किल हालात में डाल देती है, साथ ही यह अपराधवृद्धि में विशेष सहायक है। खुद पर भरोसा रखें, हमेशा समयानुसार अद्यतन रहें, मुश्किल आने पर निराश होने के बजाय हल क्या हो सकता है इस पर ध्यान दें। अपने खाली समय का सदुपयोग करें, सकारात्मक विचारों के लोगों से मिलें, गुस्से, आवेश या भावनाओं में बहकर तुरंत निर्णय न लें। नशे और बुरी संगत से दूर रहें। अभिभावक कृपया बच्चों को अतिलाड़ में न बिगाड़े, उन्हें उत्तम संस्कार दें। बिना किसी स्वार्थ के बेसहारों की मदद अनमोल सुकून देता है। जिसके मन में लोगों के लिए कोई जलन या भेदभाव नहीं है और अपने काम से संतुष्ट है वही समाधानी मनुष्य मानसिक तनाव से दूर रह सकता है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश


आर.के. सिन्हा

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ यही है कि इसके रचयिता टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद वे चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को बांग्लादेश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए, मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसला लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है। वैसे तो बांग्लादेश में नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि राष्ट्रगान को बदलने की ₹कोई योजना नहीं₹ है। सरकार ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो। हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला₹ ('मेरा स्वर्णिम बंगाल') की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के 'अमी कोथाय पाबो तारे' से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी। दरअसल, बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलने की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तानी सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया, जिसे बदला जाना चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो 1975 में देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं। गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## अब वक्त भारत के विमर्श को गढ़ने का


प्रहलाद सबनानी

आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में शुभ-लाभह्व की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे ह्लशुद्ध लाभह्व की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से ह्लशून्य लाभह्व के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**ईश्वर के साथ एकात्म रहें और कुछ भी आपको हानि नहीं पहुंचा सकता। प्रत्येक कार्य का मानसिक प्रतिरूप होता है। हम अपनी शारीरिक शक्ति से कार्य करते हैं, परंतु उस कार्यकलाप का मूल स्रोत मन में होता है, और वह मन रूपी कप्तान द्वारा निर्देशित होता है।**

## अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

परिवेश दो प्रकार के हैं- जिनके प्रति आपको ध्यानपूर्वक सतर्क रहना चाहिए-बाह्य और आन्तरिक। अपने विचारों का निरीक्षण करें। आपके समस्त अनुभव आपके विचारों से रिस कर आते हैं। अपने विचारों की संगति से ही आप ऊपर उठते या नीचे गिरते हैं। आपको दूसरे लोगों से लगातार स्पन्दित होने वाले विचारों एवं सुझावों की अपेक्षा अधिक शक्तिशाली होना चाहिए। आपके वातावरण में प्रवेश करने वाले बुरे स्पन्दनों पर विजय प्राप्त करने का यही तरीका है। ईश्वर का चिन्तन अपने परिवेश के रूप में करें। ईश्वर के साथ एकात्म रहें और कुछ भी आपको हानि नहीं पहुँचा सकता। प्रत्येक कार्य का मानसिक प्रतिरूप होता है। हम अपनी शारीरिक शक्ति से कार्य करते हैं, परन्तु उस कार्यकलाप का मूल स्रोत मन में होता है, और वह मन रूपी कप्तान द्वारा निर्देशित होता है। चोरी करना पाप है; परन्तु उससे बड़ा पाप चोरी करने का मानसिक कर्म है, जो भौतिक वस्तुओं के रूप में चोरी को प्रारम्भ करता है, क्योंकि मन ही वास्तविक कुकर्मी है। जिस किसी बुरे कार्य करने से आप बचना चाहते हैं, सर्वप्रथम उसे मन से बाहर फेंक दें। यदि आप केवल भौतिक कर्म पर ही एकाग्र होते हैं, तो नियन्त्रण कर पाना बहुत ही कठिन होता है। मन पर एकाग्रता करें, अपने विचारों को सही करें, और कार्य स्वतः ही ठीक हो जाएँगे। जब भी कोई बुरा विचार आए, उसे बाहर फेंक दें। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से

Times Now Navbharat @TN... · 9m
#ResultsWithNavBharat: जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट की जीत पर पूर्व WFI अध्यक्ष और भाजपा नेता बृज भूषण शरण सिंह ने कहा, 'हमारा नाम लेकर अगर वे(विनेश फोगाट) जीत गईं तो इसका मतलब हम महान आदमी हैं'

#ResultsWithNavBharat #JanGanKaMann #ElectionResults Show more




2 · 116

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**नाफरमानी कर रहा, है कुछ ऐसे वक्त।**
**बिगड़ा बच्चा अड़ गया, ज्यों निर्णय ले सख्त।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

अलग बात

## जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के निहितार्थ


उमेश चतुर्वेदी

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। इसका उसे राष्ट्रीय फायदा भले ही न मिले,लेकिन केंद्रीय सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परेशानी खड़ी करने का जरिया वे बनाते रहेंगे। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। इसलिए अंदरूनी मुद्दों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उछालने में दलों को कोई हिचक नहीं होती। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लंदन और अमेरिका के भाषण इसके उदाहरण हैं। दुनिया में भारत का दबदबा भले ही बढ़ रहा हो, भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भले ही हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जो भारत में उथल-पुथल देखना चाहती हैं। इसके लिए वे अपने तईं प्रयास भी करती रहती हैं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की जीत को ये ताकतें बहाना बनाएंगी और यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एनडीए तय करेगा तो बन्ना के खिलाफ चुनाव लड़ूंगा : सरयू

## मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगाया भ्रष्टाचार व भयादोहन का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा लगाए गए आरोपों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि एनडीए तय करे तो वे जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से बन्ना गुप्ता के विरुद्ध चुनाव लड़ेंगे। रांची आवास में प्रेसवार्ता के दौरान राय ने कहा कि भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से उनकी मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर में दोनों सीटें हैं। इच्छा है तो जमशेदपुर पश्चिमी से भी वे चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानगो पेयजल आपूर्ति योजना को उन्होंने पूरा कराया। पांच साल में बन्ना गुप्ता ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। उनके ही प्रयास से बालीगुमा में पावर ग्रिड का निर्माण हुआ, जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। बन्ना गुप्ता चौतरफा भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनके विरुद्ध एक एफआइआर इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसे वे फर्जी बता रहे हैं। इस मामले में रांची के पुलिस अधीक्षक (नगर) ने कहा है कि इसका स्रोत जानने के लिए जांच की जा रही है। बन्ना गुप्ता के एक करीबी ने जमशेदपुर में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। राय ने आरोप लगाया कि इस मामले से उन्हें जबरन जोड़ने की कोशिश की जा रही है, उन्होंने मांग की, कि इस मामले में पुलिस भी पक्षकार है, इसलिए इसकी न्यायिक जांच हो। सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता का वीडियो जारी हुआ था। इस पर उन्होंने खुद ही एफआइआर की थी, परंतु आज तक उसका कोई फलाफल नहीं निकला।

सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता खुद को पिछड़ा कह सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं। जमशेदपुर में करीब 100 गरीब फुटपाथ दुकानदारों का आशियाना तोड़वाया है। सभी पिछड़ा वर्ग से हैं। कोविड महामारी के दौरान आदित्यपुर, जमशेदपुर के एक अस्पताल को बंद करा दिया। इसके मुख्य चिकित्सक डॉ. ओपी आनंद को जेल में डाल दिया। आनंद भी पिछड़े यादव जाति से आते हैं।



### बहरागोड़ा में आलीशान फार्म हाउस

सरयू राय ने सवाल उठाया कि बन्ना गुप्ता को बताना चाहिए कि उन्होंने किस कमाई से बहरागोड़ा में आलीशान फार्म हाउस बनाया है। बन्ना गुप्ता जैसे व्यक्ति राजनीति को रोजगार समझते हैं और वैध-अवैध कमाई से जमशेदपुर के नजदीक और दूर के स्थानों पर अपने परिवार के लोगों के नाम से फार्म हाउस खड़ा कर लेते हैं। इनके जैसे लोगों को मेरे द्वारा किए गए कार्य न तो कभी पसंद आएंगे और ना ही समझ में आएंगे। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित अंशुल शरण के बारे में बताते हुए कहा कि इनके बारे में आक्षेप लगाते हुए बन्ना गुप्ता कहते हैं कि ये अमेरिका में रहते हैं। मेरे परिवार की महिलाओं के बारे में बन्ना गुप्ता आपत्तिजनक बातें कहते हैं। नारी को सिर्फ भोग की वस्तु के तौर पर देखने का नजरिया उन्हें बदलना चाहिए।

# 'जनता को न नीति मिली न नियोजन सरकार ने आम जनमानस को छला'

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव के वक्त राज्य सरकार लोकलुभावन वादों की बड़ी पोटली लेकर आई थी। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने जनता से किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के वादे को भी भुला दिया है। जनता को न नीति मिली न नियोजन। सरकार ने जनता को ठगा है। महतो मंगलवार को रिंग रोड स्थित तुरुप (रूदिया) में आयोजित खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम की सोच जनता के विकास से इतर अपने परिवार के विकास तक सीमित है। इन्होंने सिर्फ निजी विकास को महत्व दिया है। जिसका नुकसान जनता को उठाना पड़ रहा है। खिजरी की जनता ने कांग्रेस को अपना मत दिया और इन्होंने खिजरी के विकास पर पूर्ण विराम लगा दिया है।

मतो ने कहा कि पूरे राज्य समेत खिजरी की जनता भी बदलाव चाहती है। बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता। उन्होंने कहा कि गांव समाज के समग्र विकास के लिए ग्राम सभा और पंचायत की मजबूती अनिवार्य। सरकार ने ग्राम सभा को कमजोर कर दिया है जिस वजह से अबुआ आवास योजना आज बबुआ आवास बन कर रहा गया है। गरीबों को आवास नहीं मिला पैसों वालों को आवास दे रही है सरकार। कार्यकर्ता सक्रियता और एकाग्रता से मंजिल हासिल करने की जिद्द और जुनून पैदा करें। बौद्धिक स्तर पर पार्टी की पृष्ठभूमि का दायरा बढ़ाकर राजनीतिक हालात बदलना ही हमारा मकसद है। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार को करारा जवाब देगी जनता।

इस मौके पर मुख्य प्रवता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय प्रवता सुधीर यादव, जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, जगदीश महतो सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रभारी उपस्थित थे।



*आजसू पार्टी का खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन संपन्न*

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत 3 खेलों के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत आज वुशु, योगासन और साइकिलिंग के नतीजे जारी हुए। रेसलिंग का फाइनल मैच बुधवार को होगा। बुधवार को ही रेसलिंग के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मंगलवार को वुशु, साइकिलिंग और योगासन के सफल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रेसलिंग प्रतियोगिता के नतीजे कल फाइनल मुकाबलो के बाद जारी किये जाएंगे। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी समेत शेष अन्य खेलो के मुकाबले 16 अक्टूबर, 2024 के बाद होंगे।



# राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## दुर्गा पहाड़ी मंदिर सिमडेगा में पिछले 59 वर्षों से मनाई जा रही है दुर्गा पूजा

**बानो।** प्रखंड के समड़ेगा बानो की दुर्गा पूजा का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण है। बानो के पहाड़ी मंदिर समडेगा में दुर्गा पूजा लगभग छः दशक पूर्व से से चलता आ रहा है। बानो के दुर्गा पहाड़ी के संबंध में समडेगा के मगन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार कि यहाँ सप्तमी को दर्शनार्थियों के लिये पट खोल दिया जाता है मुख्य पंडाल। यहाँ पर संधि पूजा (अष्टमी-नवमी) में कई भक्तों द्वारा बकरे तथा कोंहड़ा की बलि देकर किया जाता है। कई श्रद्धालु मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु भी बकरे की बलि चढ़ाते हैं। कहा जाता है कि आज से 59 वर्ष बानो समड़ेगा के कर्मा सिंह और गुरुचरण सिंह दोनों भाई मां दुर्गा के भक्त थे।

# श्रीश्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति ने किया गंगा आरती का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मां दुर्गा के पट खुलने के बाद रांची रेलवे स्टेशन के दक्षिण द्वार स्थित श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति ने गंगा आरती का आयोजन किया। गंगा आरती को भव्य बनाने के लिए बनारस से कला क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण किए ब्राहणों नीतिश दुबे, अश्वनी त्रिपाठी और मयंक दुबे को बुलाया गया। पूजा पंडाल के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस स्थान पर 1964 ई0 से पूजा हो रही है। गंगा आरती से हमलोगों में दिव्य उर्जा का संचार हुआ है।

# जम्मू कश्मीर विस चुनाव जीतने पर पटाखा फोड़कर कांग्रेस ने मनाया जश्न



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को प्रंचड बहुमत मिलने और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को विधानसभा चुनाव में जीत मिलने की खुशी पर पटाखा फोड़कर मंगलवार को कांग्रेस भवन में जश्न मनाया। साथ ही लोगों के बीच मिठाईयां बांटी गई। जम्मू कश्मीर एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सरकार बनने से हम खुश हैं लेकिन हरियाणा के परिणामों से हम निराश हो सकते हैं हताश नहीं। जम्मू कश्मीर के डोरू विधानसभा क्षेत्र से झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर की प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई देते हुए कमलेश ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पिछली बार की अपेक्षा अत्यधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी।


झारखण्ड सरकार
वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
राँची वन प्रमण्डल, राँची

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित आम नीलामी विज्ञान सं0–PR 338151 (Forest Environment and climate change) 24-25 (D) के संबंध में सूचित करना है कि 27वीं अखिल भारतीय खेल–कूद प्रतियोगिता, 2024 का आयोजन दिनांक–16.10.2024 से 20.10.2024 तक सम्भावित होने के फलस्वरूप दिनांक–18.10.2024 को आयोजित आम नीलामी को स्थगित करते हुए नीलामी की नई तिथि दिनांक–23.10.2024 को की जाती है। नीलामी फॉर्म दिनांक–15.10.2024 से दिनांक– 20.10.2024 तक कार्यालय अवधि में किसी कार्य दिवस पर प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त की जाएगी। नीलामी फॉर्म दिनांक–21.10.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक वन प्रमण्डल पदाधिकारी, राँची वन प्रमण्डल, राँची के कार्यालय में जमा की जाएगी।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
राँची वन प्रमण्डल, राँची

PR 338392 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/19/02//2024-25 (2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-DSPL/SD/HZB/19/02/2024-25 (2nd call) | बड़कागांव | ग्राम सांड टोला छपेरवा में होरिल महतो के घर से बिमल महतो के खेत होते हुए पुराने पथ तक पथ निर्माण। | 11506300.00 | 230200.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 25.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 338464 (Rural Development) 24-25 (D)



झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची।

प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/19/2024-25 दिनांक– 08.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 09.10.2024 अपराहन 05.00 बजे से। |
| 3 | बीड सबमिशन स्टॉट डेट | दिनांक– 09.10.2024 अपराहन 05.00 से। |
| 4 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | In the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi on 15.10.2024 at 3:30PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 16.10.2024 अपराहन 05.00 बजे तक। |
| 6 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 17.10.2024 अपराहन 05.00 बजे से। |
| 7 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉची–02। |
| 8 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 9 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A -Ranchi Zone ( Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 7,16,000/- | 10,000/- |
| 2 | Request Proposal for Supplying various Equipment's Chemicals standard reference Microbial Cultures, Glassware's/ Plasticwares and General items in 9 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand B -Dumka Zone (Deoghar, Jamtara, Godda, Dumka, Pakur, Sahibganj, Dhanbad, Chas, Giridih) | 4,59,000/- | 10,000/- |

NB:- For Details
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉची।

PR 338444 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा रद्द करने के संबंध में

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:– LAB/DWSD/16/2024-25 दिनांक– 26/09/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR No. 337329 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची।

PR 338437 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
O/o General Manager -cum -Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002

Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

e-Tender Notice

Online tenders are invited from manufacturers/ authorized dealers/ supplier firms authorized by principal manufacturer for supply of under mentioned O&M Head materials

| Sl No | NIT | Name of material | Unit | Quantity | Estimated Cost (in Rs.) | EMD Amount (in Rs.) | Cost of BOQ including GST (Non-refundable) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195/PR/JBVNL/ 24-25 | Rubber mat along length of pannel | Nos. | 87 | 1,449,972.00 | 29,000.00 | 2,950.00 |
| 2 | | 30 V 80 AH Battery Charging unit complete with battery and stand | Set | 15 | | | |
| 1 | 196/PR/JBVNL/ 24-25 | Polycarbonate seal bit | Nos. | 45,001 | 267,632.00 | 5,400.00 | 885.00 |
| 2 | | Sticker seal with Hologram | Nos. | 2,800 | | | |
| 1 | 197/PR/JBVNL/ 24-25 | Male female contact of 33 KV AB Switch 600-630 Amp | Set | 272 | 1,087,067.00 | 21,800.00 | 2950.00 |
| 2 | | Male female contact of 11 KV AB Switch 600 Amp | Set | 306 | | | |
| 3 | | Male female contact of 11 KV AB Switch 400 Amp | Set | 368 | | | |
| 1 | 198/PR/JBVNL/ 24-25 | 2.5 mm2 copper 2 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 600 | 619,027.00 | 12,400.00 | 1475.00 |
| 2 | | 2.5 mm2 copper 4 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 530 | | | |
| 3 | | 2.5 mm2 copper 6 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 532 | | | |
| 4 | | 2.5 mm2 copper 10 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 504 | | | |
| 5 | | 2.5 mm2 copper 12 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 450 | | | |
| 1 | 199/PR/JBVNL/ 24-25 | 33 KV Post Insulator 10 KN (Polymer) | Set | 153 | 2087584.00 | 41800.00 | 5900.00 |
| 2 | | 33 KV H.G. fuse set | Mtrs. | 25 | | | |
| 3 | | 11 KV H.G. fuse set | Set | 318 | | | |
| 4 | | 33 kV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 90 KN with H/W fitting | Nos. | 100 | | | |
| 5 | | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 370 | | | |
| 6 | | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 45 KN with H/W fitting | Nos. | 70 | | | |
| 7 | | 33 KV Polymer Pin Insulators 10 KN with GI PIN and nut & washer | Nos. | 40 | | | |
| 8 | | 11 KV Pin Insulator 5 KN with GI Pin (Polymer Type) and nut & washer | Nos. | 2,300 | | | |
| 9 | | LT Pin insulator with Pin (Porcelain type) | Nos. | 1,520 | | | |
| 10 | | LT shackle insulator with strap (Porcelain type) | Nos. | 680 | | | |
| 1 | 200/PR/JBVNL/ 24-25 | Aluminium pipe 40 mm dia | Mtrs. | 182 | 1,328,293.00 | 26600.00 | 2950.00 |
| 2 | | Connector Pipe to Panther | Nos. | 348 | | | |
| 3 | | Connector Panther to Panther | Nos. | 410 | | | |
| 4 | | Connector Panther to AB Switch | Nos. | 444 | | | |
| 5 | | Connector Pipe to AB Switch | Nos. | 610 | | | |
| 6 | | Connector Dog to AB Switch | Nos. | 754 | | | |
| 7 | | Aluminium binding wire | KG | 626 | | | |
| 8 | | Jointing sleeves (Alumnium) suitable for 150-232 sq.mm | Nos. | 126 | | | |
| 9 | | P G clamp for 232/150 sq mm conductor | Nos. | 300 | | | |
| 10 | | P G clamp for 80/100mm2 | Nos. | 852 | | | |
| 1 | 201/PR/JBVNL/ 24-25 | 33 KV Straight through Jointing kit 400 mm2 | Set | 66 | 5,857,874.00 | 1,17,200.00 | 11800.00 |
| 2 | | 33 KV Straight through Jointing kit 300 mm2 | Set | 8 | | | |
| 3 | | 11 KV Straight through Jointing kit 240 mm2 | Set | 108 | | | |
| 4 | | Termination Kit for 400 mm2 (33 kV) | Set | 200 | | | |
| 5 | | 33 KV 3-core heat shrinkable Out door type Cable termination kit for 300 mm2 | Set | 33 | | | |
| 6 | | 11 KV 3-core heat shrinkable Indoor Cable Jointing/termination kit 300 mm2 | Set | 276 | | | |
| 7 | | 11 KV AB cable 240 mm2 straight jointing kit | set | 138 | | | |
| 8 | | 11 KV AB cable 240 mm2 End jointing kit/Termination kit | Set | 109 | | | |
| 9 | | Jointing kit straight through HT AB cable 95 mm2 | set | 37 | | | |
| 10 | | 11 kv 3 core XLPE heat shrinkable straight through jointing kit for 400 sqmm | Nos. | 12 | | | |
| 11 | | HT AB cable 95 mm2 End jointing kit | set | 38 | | | |
| 1 | 202/PR/JBVNL/ 24-25 | Earthing complete Conventional type having intermittent layer of charcoal and salt | Nos. | 68 | 6,805,576.00 | 136200.00 | 11800.00 |
| 2 | | Earthing (Chemical) with GI earthing pipe 40 mm 3.1 mtrs. Long (Bentonite as intermittent layers) | Set | 608 | | | |
| 3 | | GI Base Plate for 33KV | Nos. | 84 | | | |
| 4 | | Stone Base plate for 11 KV, DSS, LT | Nos. | 612 | | | |
| 5 | | GI stay set complete for D/s/s (1900x 20mm) with staywire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 212 | | | |
| 6 | | Anticlimbing Device(Barbed wire) 2x12 SWG | KG | 700 | | | |
| 7 | | Danger Board 33 kV/ 11 kV/ LT | Nos. | 920 | | | |
| 8 | | Earth clamp for earthwire (50 x 6 mm)[GALVANIZED] (1.8 Kgs.) | Pair | 520 | | | |
| 9 | | GI Wire No. 6/8/10 | Kg. | 726 | | | |
| 10 | | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and guy insulator | Set | 400 | | | |
| 11 | | Earthing (Chemical) with GI earthing pipe 20 mm 2.5 mtrs. Long | Set | 60 | | | |
| 12 | | GI stay set complete for D/s/s (1900x 16mm) with staywire 7/12 SWG and Guy insulator | Set | 720 | | | |
| 13 | | GI service pipe 40 mm diameter 3 mtr length | Set | 1,050 | | | |
| 14 | | Galvanised Nuts & Bolts(Assorted size) | Kg | 1,336 | | | |
| 15 | | LT Stay set complete (1700x16 mm) with stay wire 7/12 SWG | Set | 362 | | | |
| 16 | | Angle/side Stay Clamp ( 50x6 mm) for 8 mtr 200kg PSC Pole[GALVANIZED] | Pair | 226 | | | |
| 17 | | GI Stay Wire 7/16 | Kg | 1020 | | | |
| 1 | 203/PR/JBVNL/ 24-25 | Suitable Lugs | Nos. | 1,092 | 1,946,832.00 | 39000.00 | 5900.00 |
| 2 | | Suspension Clamp Assembly Suitable Upto 70-95 Sqmm bare messenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket, 2 Mtr Stainless Steel Strap & 2 Nos. SS buckles) | Nos. | 680 | | | |
| 3 | | Dead End Clamp Suitable above 70 Sqmm bare messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 2 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) [Minimum breaking load-15 KN] | Nos. | 450 | | | |
| 4 | | LT AB Cable accessory, 1.1Mtr. Stainless steel strap IF207(20x0.7) | Mtrs. | 338 | | | |
| 5 | | Buckle for strap | Nos. | 1,128 | | | |
| 6 | | Pre insulated mid span joint suitable 95 mm2 Phases | Nos. | 139 | | | |
| 7 | | Insulation Piercing Connector for DB charging | Nos. | 1,956 | | | |
| 8 | | Insulation piercing connector branching suitable for T Joints | Nos. | 1,051 | | | |
| 9 | | Spring loaded distribution Bus Bar insulated Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable and three phase connection 1 incoming and out going 3 phase connection as per field requirement | Nos. | 312 | | | |
| 10 | | LT phase seperator | Nos. | 1,820 | | | |
| 11 | | T/C Fuse wire 12/ 14/ 16/ 18/ 22/ 28/ 32 SWG | Kg | 256 | | | |
| 12 | | Service main anchor clamp for proper support of service cable(4mm2 and 10 mm2) | Nos. | 137 | | | |
| 13 | | LT pre insulated mid span joint suitable 50 sqmm | Nos. | 100 | | | |
| 14 | | LT pre insulated mid span joint suitable 95 sqmm | Nos. | 92 | | | |
| 15 | | Suspension Clamp Suitable for 95 -150 Sq. mm. BareMessenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Nos. | 240 | | | |
| 16 | | Dead End Clamp Suitable for 95 -150 Sq. mm. Bare Messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Nos. | 132 | | | |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:- 09.10.2024 to 01.11.2024 up to 14.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | From:- 09.10.2024 to 01.11.2024 up to 14.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | 01.11.2024 up to 14:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | 02.11.2024 At 15.00 Hrs.. |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Bidder have to submitted their bids online in electronic format with digital Signature. Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in physical form.
1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
2. For any clarification please contact :0651-2490550 /9431135609.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager –cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Ranchi

PR 338383 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)D

## एक नजर

### अनुमंडल क्षेत्र शक्ति की आराधना के लिए तैयार

**सरायकेला।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर मनाए जाने वाली दुर्गा पूजा की तैयारी लगभग पूरी हो गई है. देवी मां की प्रतिमा और पूजा पंडाल पूरी तरह से आकार ले लिया है. पूजा आयोजन समिति अपने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं. पूजा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया-संवारा गया है. बिजली के बल्बों के अलावा फूलों से पंडाल और आसपास के क्षेत्र को सजाया जा रहा है. घर से लेकर बाजार तक दुर्गोत्सव का उमंग देखा जा रहा है. दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत का प्रतिकार भी देखने को मिलेगा. वैसे नवरात्रि के प्रारंभ से ही अनुमंडल क्षेत्र में शंख और मंत्रों की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो रहा है. विभिन्न मंदिरों में सुबह-शाम नवरात्र की पूजा और आरती में महिलाओं की भीड़ जुट रही है.

### गोगो दीदी योजना के नाम से कोई सरकारी योजना संचालित नहीं : बीडीओ

**चाडिल।** गोगो दीदी योजना को लेकर चांडिल के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने सूचना जारी की है. ज्ञापांक 697 के तहत मंगलवार को जारी सूचना में उन्होंने कहा है कि चांडिल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100 रुपये प्रति महिला को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है. इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत चांडिल प्रखंड में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है और न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन पत्र जारी किया गया है. आम लोगों से ऐसे भ्रामक विज्ञापन से सावधान रहने का अनुरोध किया गया है. क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता गोगो दीदी योजना के नाम से महिलाओं से आवेदन फार्म भरवाएं जा रहे हैं.

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने मंगलवार को आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना. इस दौरान 100 से ज्यादा लोगों ने व्यक्तिगत तथा सामाजिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. वृद्धा पेंशन भुगतान में विलंब, राशन कार्ड नहीं बनना, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका चयन के संबंध में विलंब, नशामुक्ति अभियान चलाने, राशि भुगतान नहीं होने के संबंध में, सोसायटी द्वारा अनैतिक कार्य, शराब दुकान बंद कराने, घरेलू विवाद, नाली निर्माण में गड़बड़ी, निजी विद्यालय में नामांकन एवं फीस माफी से संबंधी शिकायत शामिल हैं. उपायुक्त ने मुलाकात करने वालों को यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. साथ ही कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान किया.

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का एकदिवसीय धरना



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग/ हजारीबाग**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा ने किया। धरना के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम हजारीबाग उपायुक्त को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं को गिनाया। मांगपत्र में कहा गया है कि मानसून के दौरान औसत से अधिक वर्षा के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों के सब्जी की फसल भारी मात्रा में बर्बाद हुआ। सरकार कमेटी बनाकर किसानों की क्षतिपूर्ती का मुआवजा दिया जाए, किसानों के जमीन का ऑनलाइन रसीद, दाखिल खारिज, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का भूमि सत्यापन आदि कार्य पंचायतों में शिविर लगाकर करने, 2024, 25 में धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों को प्रति क्विंटल 500 रुपए बोनस का भुगतान करने, आगामी रवि सीजन के लिए बीज में 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने, ताकि किसान फिर से खेती शुरू कर अपने जीविका सुदृढ़ कर सके। मिलेट्स श्री अन्न के बीज किसानों को सुलभ कराने के लिए एक ठोस कार्य योजना बनाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सभी किसानों को देने, लैंड सीडिंग को आसान बनाने की मांग शामिल है। धरना में प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा मनमीत अकेला, प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, जिला प्रभारी प्रेम सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बैजनाथ साव, कोडरमा जिला प्रभारी अर्जुन साव, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, जैविक प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक अनूप भाई वर्मा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, रवि दांगी, जिला मंत्री प्रदीप कुमार मेहता, राजेश चंद्रवंशी, आशीष वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मिथिलेश कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, आशीष वर्मा, सुरेश महतो, राकेश गुप्ता, उप मुखिया प्रकाश कुशवाहा, पूर्व मुखिया अशोक राणा, अनिल कुमार कुशवाहा, इंद्रदेव चौधरी सहित कई किसान उपस्थित थे।

### दुर्गापूजा को लेकर निरसा अनुमंडल क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**धनबाद।** चिरकुंडा एसडीपीओ रजत मनीक बाखला के नेतृत्व में दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन के द्वारा चिरकुंडा थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया फ्लैग मार्च चिरकुंडा, कुमारधुबी, गल्फरबाड़ी पंचेत, निरसा, कालुबथान,एमपीएल होते हुए मैथन पहुंचा. एसडीपीओ बाखला ने बताया कि फ्लैग मार्च दुर्गा पूजा के बनाये गये विभिन्न पंडालो में सुरक्षा व्यवस्था को मुआयना करने, लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए निकाला गया. कहा कि सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. आम नागरिक त्योहारों का शांतिपूर्वक आनंद उठायें.उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अक्सर भीड़-भाड़ में खो जाते हैं. उनके लिए पंडालों में अनाउंसमेंट की व्यवस्था की जा रही है. आग्रह किया कि छोटे बच्चों के पॉकेट में उनके अभिभावक कागज पर नाम पता व फोन नंबर डाल दें. साथ ही कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी. फ्लैग मार्च में चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, निरसा कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, पंचेत, कालुबथान, मैथन ओपी प्रभारी व पदाधिकारी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल हुए.

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त हुई जारी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय किस्त (अक्टूबर 2024) का भुगतान हेतु एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला परिषद उपाध्यक्ष व अन्य लाभुकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत स्वीकृत 133909 लाभार्थियों के बीच कुल 13 करोड़ 39 लाख 9 हजार राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त,जिला स्तरीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा सांकेतिक रूप से 25 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त का भुगतान हेतु प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभुकों को दुर्गापूजा की बधाई देते हुए कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत सभी स्वीकृत लाभार्थियों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया है। इस योजना से वंचित महिलाओं को भी बहुत जल्द योजना से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे जिला के कई पदाधिकारी,जन-प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी तथा कई लाभुक उपस्थित रहे।

# गुलकेड़ा पंचायत में मुखिया ने कई योजनाओं का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर प्रखंड की गुलकेड़ा पंचायत में मुखिया लक्ष्मी केराई ने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मुखिया लक्ष्मी केराई ने ग्राम पंचायत फंड से गुलकेड़ा गांव के बुरुसाई चौक में बने यात्री शेड व गुड़ासाई गांव में फुटबॉल मैदान में निर्मित चबूतरा शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया. इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी मुखिया लक्ष्मी केराई ने जानकारी दी. जहां ग्रामीण मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्रामसभा के दौरान मंईयां सम्मान योजना, पीएम किसान योजना, पेंशन इत्यादि के बारे में ग्रामीणों को बताया गया. साथ ही गांव में सड़क, पानी, बिजली की समस्या दूर करने को लेकर भी चर्चा की गई. मौके पर गांव के मुंडा जुगसिंह जामुदा, सेवानिवृत्त आर्मी जवान सह समाजसेवी दयासागर केराई, वेल्फेयर क्लब गुड़ासाई के अध्यक्ष रामराई बांकिरा, प्रधान जामुदा, विशाल मुंडा, गोलमाय जामुदा, डिरु मुंडा, संदीप जामुदा, जुगसिंह बांकिरा समेत अन्य महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे.

### लोजपा रामविलास ने पूर्व केंद्रीय मंत्री की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया

# स्व रामविलास पासवान को सभी वर्ग के लोगों का समर्थन प्राप्त था : केवल पासवान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दलित सेना के संस्थापक स्व रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि 8 अक्टूबर को लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष केवल पासवान के आवासीय कार्यालय में मनाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री पासवान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान का व्यक्तित्व देश की युवा पीढ़ी, राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र के कार्यकताओं सहित देश के सभी वर्ग लोगों के लिए लंबे समय का प्रेरणादायक बना रहेगा। जिलाघ्यक्ष ने कहा की संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त दलित नेता जगजीवन बाबू के बाद पदमभूषण से सम्मानित स्व रामविलास पासवान को देशवासी राष्ट्रीय स्तर का दलित नेता मानते थे। कहा की दलित वर्ग के साथ साथ देश के सभी वर्ग के लोगों में वे लोकप्रिय थे। इसलिए सभी वर्ग के लोगों का समर्थन उन्हें मिलता रहा। कहा की स्व रामविलास पासवान ने जहां मंडल आयोग के सिफारिसों को लागू करने के लिए आवाज उठाई वहीं, उन्होंने सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए भी आरक्षण देने की आवाज उठाई। जिलाध्यक्ष ने कहा की स्व रामविलास पासवान का मानना था की स्वर्णों में भी जो गरीब हैं उन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए इसलिए उन्होंने स्वर्णों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा की स्व रामविलास पासवान जीवनभर समाज के दलित, आदिवासी और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने का प्रयास करते रहे।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ढिबरा लदे वाहन को किया जब्त



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी पुलिस ने मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के धोवापाट से अवैध ढ़िबरा लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है. बताया गया कि गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है. पुलिस को लोकाय - सिंघो मुख्य मार्ग से अवैध ढ़िबरा लदे पिकअप निकलने की सुचना मिली थी, सुचना के आधार थाना प्रभारी रंजय कुमार ने पुलिस टीम को भेजा जिसके बाद पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर थाना ले गई. वहीं मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची, विभाग आगे की कार्रवाई में जुटा है.

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त लाभुकों के खाते में भेजी




**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित पिल्लई हॉल सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना तीसरी किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने की. कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की माता, बहनों के लिए दृढ़संकल्पित है. इसी का नतीजा है कि अब तक राज्य की 48 लाख महिलाओं को महिला सम्मान योजना से आच्छादित करने का सरकार का प्रयास सफल रहा है. और भी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है. जब महिलाएं शिक्षित होंगी, परिवार और समाज शिक्षित होगा, महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी होंगी तभी पूरा परिवार स्वावलंबी बनेगा. इस योजना को बेहतर तरीके से राज्य में लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का प्रयास प्रशंसनीय है. आने वाले दिनों में पूरे झारखंड का विकास हो। गांव के परिवेश में सुधार हो, इसके लिए मुख्यमंत्री दृढ़संकल्पित हैं. जब तक गांव का विकास नहीं होगा, राज्य का विकास संभव नहीं है. राज्य सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगी. राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण हेतु प्रतिबद्ध है.

### बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी लघु नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

**चक्रधरपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. इस प्रार्थना सभा में मानव के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं बुराई पर भलाई की जीत की कामना की गई. प्रार्थना सभा में लघु नृत्य नाटिका के माध्यम से दशार्या गया कि महिषासुर के कहर से परेशान देवताओं ने देवी दुर्गा से महिषासुर के अत्याचार को कम करने की विनती की. देवी भगवती का राक्षस महिषासुर से पूरे नौ दिनों तक युद्ध चला और दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया. इस लघु नृत्य नाटिका के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत तिवारी ने बच्चों की हौसला अफजाई एवं प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत ही कम समय में तैयारी कर शानदार प्रस्तुति दी. इसके लिए उन्होंने विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार एवं शिक्षिका मंदिरा गांगुली को भी धन्यवाद दिया. इस विशेष प्रार्थना सभा में उप प्राचार्य बसंत कुमार महतो के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

# ठनका गिरने से दो मासूम की गई जान



**नवीन मेल संवाददाता। गावां / गिरिडीह**

गावां थाना क्षेत्र के धरवे नावाडीह में आकाशिय बिजली गिरने से दो मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि नावाडीह निवासी सोनू कुमार (10) वर्ष पिता रामप्रसाद यादव एवं बिराज कुमार (8) वर्ष पिता अखलेश यादव दोनो घर से कुछ दूरी पर खेल रहे थे। इसी बीच तेज हवा के झोंको के साथ बारिश होने लगी। दोनो बच्चे बारिस से बचने के लिए दौड़कर पास में पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गए। इसी बीच अचानक तेज आवाज से साथ वृक्ष पर वज्रपात हो गया जिससे दोनो अचेत होकर वहीं गिर गए। आनन फानन में परिजनों ने दोनो को सीएचसी गावां लाया। जहां डॉ महेश्वरम ने जांचोपरांत दोनो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, नागेश्वर यादव, कॉग्रेस यादव, समेत काफी संख्या में लोग सीएचसी पहुँचे व दोनो परिवारों को ढांढस बंधवाया। राजकुमार यादव ने दोनो बच्चों के पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह ले जाने के लिए 5 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया। घटना के बाद दोनों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक गोमो पहुंचे, निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक (हाजीपुर) अमरेंद्र कुमार सोमवार दोपहर गोमो पहुंचे. उनके साथ धनबाद रेल मंडल के अपर प्रबंधक विनीत कुमार व मंडल अन्य पदाधिकारी साथ मौजूद थे. इस दौरान उन्होंने चालक नियंत्रण कक्ष (क्रूलाबी), चालक विश्राम गृह तथा विधुत लोको शेड का निरीक्षण किया. सबसे पहले वे चालक नियंत्रण कक्ष पहुंचे व निरीक्षण किया. चालक नियंत्रण कक्ष स्टेशन के उत्तर दिशा में स्थित पुराने गार्ड विश्राम भवन में शिफ्ट होगा. इस जगह का जायजा लिया. उन्होंने नियंत्रण कक्ष को बेहतर बनाने का निर्देश दिये. चालक विश्राम गृह पहुंच कर रोस्टर फाइलों की जांच पड़ताल कर साफ सफाई की व्यवस्था को देखा. विश्राम गृह में मौजूद चालकों से विश्राम गृह में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और विश्राम गृह के इंचार्ज को आवश्यक दिशा निर्देश दिये. अधिकारियों ने नये चालक विश्राम गृह में हो रहे घटिया निर्माण कार्य को देख कर नाराजगी ब्यक्त की. अपर महाप्रबंधक एडीआरएम विनीत कुमार को भवन में चारो ओर रिस रहे पानी को दिखाते हुए सवाल खडा किया।

# पार्टी के नीति और सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाएं : विधायक

*नारायण महतो व रमेश प्रसाद कुशवाहा को आजसू जिला उपाध्यक्ष एवं तेजपाल महतो को जिला सह सचिव किया गया*




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

नारायण महतो एवं रमेश प्रसाद कुशवाहा को आजयू पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है जबकि तेजपाल महतो को पार्टी का जिला सह सचिव मनोनीत किया गया। मंगलवार को आजसू पार्टी जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर नव मनोनीत पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पार्टी के नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की हमे पूर्ण विश्वास है की पार्टी ने जो जिम्मेवारी आपको सौंपी है उसपर खरा उतरते हुए पार्टी संगठन को आपलोग मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। विधायक ने कहा की विधानसभा चुनाव करीब है इसलिए आप सभी पार्टी की उपलब्धियों एवं पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचायें। साथ ही यदि कहीं पर भी पता चले कि विधानसभा क्षेत्र में किन्हीं को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना का लाभ नही मिल रहा है तो उन्हें योजना का लाभ दिलाने में मदद करें। वहीं, आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी सिर्फ वादा करने में यकीन नही करती है बल्कि वादों को धरातल पर उतारने में आजसू पार्टी यकीन करती है। कहा कि रामगढ़ विधायक के प्रयास से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र ने विकास के मामले में इतिहास रच दिया है। कहा की आनेवाले समय में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पूरे राज्य के लिए एक उदाहरण बनेगा। वहीं, नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष नारायण महतो एवं रमेश प्रसाद कुशवाहा तथा नवमनोनीत जिला सह सचिव तेजपाल महतो ने कहा की उन्हें पार्टी द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसपर खरा उतरते हुए जिला में पार्टी संगठन को वे मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

# काम मांगो अभियानः ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम



**गांडेय, गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के करीबाक, बरमसिया 2, फुलची, ओर मेदनीसारे पंचायतों में मंगलवार को ग्राम स्वशाशन अभियान द्वारा काम मांगो अभियान चलाया गया यह अभियान 2 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्राम एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पंचायतो के साथ मनरेगा के सफल संचालन हेतु सकारात्मक माहौल बनाया जायेगा। इसका उद्देश्य गांवों में जरूरतमंद लोगों को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) के तहत काम मांगने के प्रति जागरूक करना है और मनरेगा के व्यापक प्रचार प्रसार तथा इसके सफल क्रियान्वयन में जन भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान श्यामलाल मुर्मू ने कहा झारखंड में मजदूर बहुल संख्या में हैं। संसाधनों की प्रचुरता के बाद भी रोजी रोजगार के लिए मजदूर मजदुरी एवम् अन्य राज्यों में पलायन करते हैं। कोरोना काल में जब सर्वत्र काम काज ठप्प था तो मनरेगा लोगो को रोजगार उपलब्ध करवाने में बहुत ही उपयोगी और कारगर सिद्ध हुई है। बुधन मांझी ने कहा अपने गाँव में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के साथ साथ मनरेगा तमाम गावों में आजीविका को मजबूत करने के लिए संपत्ति का सृजन भी करती है। सुदूरवर्ती गांवों के ग्रामीणों को इस अभियान के माध्यम से नरेगा जॉब कार्ड से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी जा रही है, जिसमें काम की मांग, जॉब कार्ड आवेदन, डिलीट जॉब कार्ड, समय पर मजदूरी के भुगतान, बेरोजगारी भत्ता और ग्राम स्तरीय भागीदारी शामिल हैं।

### दरिद्र नारायण भोज सह कंबल का किया गया वितरण

# जरूरतमंदों की मदद करना हमारा लक्ष्य : शेफाली गुप्ता

*भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग करने का विश्वास एवं भरोसा दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से फॉरेस्ट कॉलोनी में धर्म योद्धा दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल परिसर में षष्ठी के अवसर पर दरिद्र नारायण भोज सह कंबल वस्त्र का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में यहां जरूरतमंद जुटे दरिद्र नारायण भोज कार्यक्रम में भोजन ग्रहण किया एवं कंबल वस्त्र प्राप्त किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता एवं महासमिति के सदस्यों ने मिलकर जरूरतमंदों को भोजन परोसा एवं कंबल वस्त्र का वितरण किया। इस अवसर पर जरूरतमंदों ने भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता को ढेर सारा आशिर्वाद एवं उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। जरूरतमंदों को भोजन करवाकर एवं कंबल वितरण कर बेहद आत्मीय संतुष्टि मिलती है। जरूरतमंदों के द्वारा अपनत्व के भाव का प्रेषित से काफी अभिभूत हूँ। इस दौरान भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग करने का विश्वास एवं भरोसा दिया। इसके बाद भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम में जाकर वृद्धजनों के बीच संध्या का नाश्ता का वितरण किया एंव वृद्धजनों से शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। मौके पर धर्म योद्धा दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष श्याम बिहारी कागड़ा, किशोर वाल्मीकि, प्रीतम राम एवं विकास राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**भारत में सबसे शुभ, जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है नवरात्र, आदि शक्ति के अवतार मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों (नवदुर्गा) को समर्पित है:** शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। साल भर में चार नवरात्रि होती हैं, लेकिन सबसे प्रमुख चैत्र और शारदीय नवरात्रि हैं। इस साल शारदीय नवरात्रि गुरुवार, 3 अक्टूबर को शुरू हुई और 12 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के उत्सव के साथ समाप्त होगी।

**नौ दिनों का यह त्योहार :** प्रत्येक दिन आदि शक्ति के एक अवतार को समर्पित है। पूरे देश में भक्तों द्वारा बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस समारोह का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उपवास है। कई भक्त पहले और आखिरी दिन उपवास रखते हैं, जबकि अन्य उत्सव के दौरान नौ दिन का उपवास रखते हैं। वे कन्या पूजन के बाद अपना उपवास तोड़ते हैं।

# व्रत में शुचिता का है विशेष महत्व

## भक्तों को क्या करना चाहिए

1. भक्तों से अपेक्षा की जाती है कि वे सुबह जल्दी उठें और पवित्र जल में स्नान करें, फिर प्रार्थना के साथ दिन की शुरुआत करें, मंदिरों में जाएं, और माँ दुर्गा के नौ रूपों के प्रति भक्ति दिखाने और आशीर्वाद लेने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लें।
2. **सात्विक भोजन खाएं:** व्रत के दौरान भक्तों को शुद्ध और ताजा भोजन जैसे फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद, मेवे और साबुत अनाज खाने चाहिए। व्रत के दौरान भूख कम करने और ऊर्जा बढ़ाने के लिए भक्त कुट्टू, सिंघाड़ा, समा, साबूदाना भी खा सकते हैं।
3. **सेंधा नमक:** भक्तों को नवरात्रि के व्यंजनों में स्वाद के लिए नियमित संसाधित टेबल नमक के बजाय सेंधा नमक (सेंधा नमक) का उपयोग करना चाहिए।
4. भोजन तैयार करते समय रसोईघर में स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण बनाए रखें परंपरागत रूप से, उपवास को फल खाकर तोड़ा जाता है, जिससे पेट को ठोस भोजन खाने में मदद मिलती है।
5. गर्भवती महिलाओं, बच्चों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को उपवास नहीं रखना चाहिए।

## खान-पान में रखें सावधानी, ताकि व्रत में बनी रहे एनर्जी

1. समा के चावल की पुलाव-समा के चावल व्रत में खाए जाते हैं। इनकी मदद से आप टेस्टी पुलाव तैयार कर सकते हैं। इसे कम घी में बनाया जा सकता है और अच्छी बात ये हैं कि ये डिश फटाफट बनकर तैयार हो जाती है। इसमें आप आलू, टमाटर, लौकी और हरी मिर्ची मिला कर बना सकते हैं।
2. साबूदाना खिचड़ी-साबूदाना का खिचड़ी दो तरह से बनाई जाती है। एक गीली और दूसरी सूखी। व्रत में आप गीली खिचड़ी बनाकर खाएं। इसमें आलू, टमाटर, काजू, मखाने और किश्मिश भी मिला सकते हैं। ये व्रत में खाने के लिए एक हेल्दी डिश है।
3. इडली-साबूदाना और समा के चावल को मिलाकर आप इडली भी बना सकती हैं। व्रत में कुछ हैवी खाने की क्रेविंग हो तो आप इसे बना सकते हैं।

### नवरात्र में 9 दिन तक बनाएं अलग-अलग व्रत के पकवान

4. व्रत वाला डोसा-व्रत में आप डोसा बना सकते हैं। ये कुट्टू के आटे से बनता है। इसमें आप पनीर की फिलिंग कर सकते हैं।
5. आलू की चाट-आलू को सेककर आप इसकी चाट बना सकते हैं। अगर आपको व्रत में चटपटा खाने की क्रेविंग हो तो इसे जरूर ट्राई करें।
6. आलू पराठा व्रत वाला-व्रत में आलू के पराठे खाए जा सकते हैं। इसे राजगीरा के आटे से बना सकते हैं।
7. मखाना चाट-व्रत में कम ऑयली चीज खानी है तो मखाना चाट बनाएं। इसके लिए मखाने को पहले थोड़े घी में सेक लें और फिर दही के साथ कोटिंग करके व्रत वाली खट्टी मीठी चटनी डालकर सेंधा नमक और भुना जीरा छिड़क कर खाएं।
8. सिंघाड़े की कढ़ी-सिंघाड़े की कढ़ी की तरह ही बनती है। बस इसमें बेसन की जगह सिंघाड़े के आटे का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें आप राई का तड़का लगाएं और समा चावल के साथ खाएं।
9. मखाना खीर-मखाने की खीर भी व्रत में खाई जा सकती हैं। जब आप व्रत में लो एनर्जी महसूस करें तो इस खीर को बनाकर खाएं।



***इस साल शारदीय नवरात्रि गुरुवार, 3 अक्टूबर को शुरू हुई और 12 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के उत्सव के साथ समाप्त होगी।***

## भक्तों को क्या नहीं करना चाहिए

1. नौ दिनों के उपवास के दौरान सभी प्रकार के अनाज और आटे से बचें।
2. तामसिक भोजन से बचें: मांस, अंडे, प्याज और लहसुन जैसे तामसिक भोजन से दूर रहें ।
3. शराब न पियें: आध्यात्मिक शुद्धता बनाए रखने के लिए शराब से पूरी तरह बचें।
4. नाखून और बाल कटवाना: उपवास के दिनों में अपने नाखून या बाल न कटवाएं।
5. नशीले पदार्थों से बचें: गहन आध्यात्मिक अनुभव के लिए शराब पीना, धूम्रपान करना और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने से बचें।
6. पवित्रता: उपवास की पूरी अवधि के दौरान पवित्र आचरण और विचार बनाए रखें।
7. नवरात्रि व्रत के दौरान सरसों के तेल का इस्तेमाल न करें। इसके विकल्प के तौर पर देसी घी या मूंगफली का तेल इस्तेमाल किया जा सकता है
9. व्रत रखते समय भक्तों को दिन में झपकी नहीं लेनी चाहिए।
10. भारी वजन उठाने या कठोर व्यायाम से बचें; ऊर्जा बचाने के लिए हल्की गतिविधियां स्वीकार्य हैं।

## व्रत के दौरान क्या खाएं और क्या न खाएं

अपने नवरात्रि व्रत की पवित्रता बनाए रखने और दिन भर के लिए आवश्यक पोषक तत्व और ऊर्जा प्राप्त करने के लिए खाने और न खाने वाले खाद्य पदार्थों की इस सूची को देखें। हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे लोकप्रिय त्यौहारों में से एक, नवरात्रि हर साल चार बार मनाई जाती है जहाँ भक्त त्यौहार के सभी नौ दिन दुर्गा या शक्ति के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित करते हैं। वे नवरात्रि व्रत रखते हैं, ध्यान करते हैं और केवल सात्विक भोजन खाते हैं। इस महीने मनाई जाने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है, जो सभी चार नवरात्रियों में सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण नवरात्रि है और इसे महा नवरात्रि के रूप में भी जाना जाता है। क्या आप जानते हैं कि नवदुर्गा का प्रत्येक अवतार दुर्गा की एक अलग विशेषता का प्रतिनिधित्व करता है और प्रत्येक दिन भक्तों द्वारा नवदुर्गा का आशीर्वाद पाने के लिए उन्हें एक विशिष्ट प्रसाद चढ़ाया जाता है। विशेष परिस्थितियों में, नक्त या एकभुक्त व्रत रखने का निर्णय भी हिंदू शास्त्रों में मिलता है।

## नवरात्र में इस विधि से रखें व्रत

नवरात्रि में 9 दिनों तक कई प्रकार के व्रत रखते हैं। कोई निर्जला व्रत रखते हैं तो कोई फलहार व्रत रखते हैं। भक्त फलहार और दूध का सेवन कर व्रत रखकर माता दुर्गा की पूजा आराधना कर सकता है। नवरात्रि में निराहार व्रत रखना आवश्यक नहीं होता है। हां जो पहली बार नवरात्र में व्रत रखकर माता दुर्गा की पूजा आराधना कर रहे हैं वह अष्टमी तिथि के दिन रख सकते हैं। सभी दिनों में अष्टमी तिथि सबसे शुभ मानी जाती है, इसलिए इस दिन निराहार व्रत रखकर माता दुर्गा की पूजा आराधना कर सकते हैं। इससे माता दुर्गा कृपा से वक्त का कल्याण जरूर होगा।

## व्रत में बना सकते हैं ये स्वादिष्ट पकवान

**1- आलू का हलवा :** आलू का हलवा बेहद मशहूर भारतीय मीठा है जिसे आम तौर पर व्रत के दिनों में खाया जाता है। अगर आपने या आपके घर में भी किसी ने नवरात्रि का व्रत रखा है तो आप भी बना सकती हैं यह बेहद आसान और टेस्टी रेसिपी-

### सामग्री

- आलू 4 (मध्यम आकार के), चीनी एक चौथाई कप, घी 2 चम्मच, फ्रेश क्रीम 2 चम्मच, इलायची पाउडर आधा चम्मच
- **बनाने की विधि :** सबसे पहले आलू को उबालकर उसे अच्छी तरह से मैश कर लें।
- अब एक पैन में घी गर्म करें और मैश किया हुआ आलू उसमें डाल दें।
- मध्यम आंच पर आलू को तब तक पकाएं जब तक घी ना छोड़ने लगे।
- इस मिश्रण में चीनी और क्रीम डालें और तब तक मिलाते रहें जब तक आलू में चीनी अच्छी तरह से मिक्स न हो जाए।
- हलवा तैयार है। इसे इलायची पाउडर से गार्निश कर गर्मा गर्म सर्व करें।






### चुकंदर का सलाद

- चुकंदर का सलाद बेहद टेस्टी और हेल्थी रेसिपी जिसे आप आम दिनों के साथ ही नवरात्रि के व्रत के दौरान भी खा सकती हैं। ऑफिस जाने वाले लोगों के लिए भी यह रेसिपी अच्छी है।
- **सामग्री :** चुकंदर 4, पुदीना पत्ता 5, फ्रेश क्रीम 80 ग्राम, सरसों का पेस्ट 1 चम्मच, बादाम 4, काली मिर्च चुटकी भर, पार्सले 4
- **बनाने की विधि :** सबसे पहले चुकंदर को उबाल लें और फिर उसे मध्यम आकार में काट लें। पुदीना के पत्तों को भी अच्छी तरह से धोकर बारीक काट लें।
- अब एक बाउल में कटे हुए चुकंदर, पुदीना, फ्रेश क्रीम, सरसों का पेस्ट और बादाम को अच्छी तरह से मिलाएं।
- इसमें काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें। पार्सले से सजाकर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

### फलाहारी जलेबी

- **सामग्री :** आलू 250 ग्राम
- 50 ग्राम अरारोट
- 250 ग्राम चीनी
- 1 चुटकी केसर
- तलने के लिए घी
- **बनाने की विधि :** सबसे पहले चीनी में पानी व केसर डालकर एक तार की चाशनी बना लें।
- अब आलू को उबालकर छिलके निकालकर मिक्सी में पीस लें। इसी में अरारोट भी मिला दें। थोड़ा-सा दूध मिलाकर जलेबी का गाढ़ा घोल तैयार कर लें।
- तई में घी गर्म करके घोल को कपड़े या पॉलिथीन में भरकर छोटा-सा छेद करके जलेबी बनाकर तल लें।
- फिर इन्हें चाशनी में डालें। जब जलेबी चाशनी पी ले तो निकालकर गरम-गरम लाजवाब केसरिया फलाहारी जलेबी सर्व करें।



## व्रत के दौरान प्रयोग होने वाले खाद्य पदार्थ

- **फल और फलों के रस:** सेब, केला और पपीता जैसे ताजे फल खाने की अनुमति है और आप फलों का रस भी ले सकते हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि वे ताजे हों और उनमें चीनी न हो।
- **साबूदाना :** साबूदाना खिचड़ी या बड़ा एक लोकप्रिय उपवास व्यंजन है क्योंकि यह ऊर्जा प्रदान करता है और पेट के लिए हल्का होता है।
- **कुट्टू (कुट्टू का आटा):** कुट्टू के आटे से पूरियां, पराठे या पैनकेक बनाएं क्योंकि यह ग्लूटेन मुक्त और प्रोटीन युक्त विकल्प है।
- **सिंघाड़े का आटा:** इसका उपयोग भी पूरियां और रोटियां बनाने के लिए किया जा सकता है क्योंकि सिंघाड़े का आटा हल्का और पोषक तत्वों से भरपूर होता है।
- **आलू और शकरकंद:** आलू नवरात्रि व्रत के लिए मुख्य खाद्य पदार्थ हैं, जबकि शकरकंद को भूनकर या उबालकर सेंधा नमक के साथ परोसा जा सकता है।
- **सामक चावल :** अपने नियमित चावल के स्थान पर सामक चावल का सेवन करें क्योंकि इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है और यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखता है।
- **डेयरी उत्पाद:** दूध, दही, पनीर और छाछ आवश्यक प्रोटीन और कैल्शियम प्रदान करते हैं, इसलिए नवरात्रि व्रत के दौरान इनका सेवन करने की अनुमति है।
- **मखाने:** मखाने एंटीऑक्सीडेंट और खनिजों से भरपूर होते हैं और इन्हें भूनकर और सेंधा नमक के साथ हल्के नाश्ते के रूप में खाया जा सकता है।
- **सूखे मेवे और मेवे:** बादाम, काजू, अखरोट और किशमिश बहुत अच्छे ऊर्जा वर्धक हैं और उपवास के दौरान आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं।
- **सेंधा नमक:** व्रत के दौरान नियमित नमक के स्थान पर सेंधा नमक का प्रयोग करें क्योंकि यह शुद्ध और अपरिष्कृत होता है।



## इन खाद्य पदार्थों से बचें

- **प्याज और लहसुन:** इन्हें तामसिक प्रकृति का माना जाता है, इसलिए व्रत के दौरान इनका सेवन नहीं किया जाता। गेहूं, चावल, जौ और जई जैसे अनाज की अनुमति नहीं है।
- **दालें और दलहन:** उपवास के दौरान दालों और दलहनों से परहेज किया जाता है, इसलिए प्रोटीन के लिए फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों का सेवन करें।
- **साधारण नमक या टेबल नमक :** नियमित टेबल नमक को सेंधा नमक से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।
- **चने का सेवन नहीं करें :** ऐसा इसलिए क्योंकि नवरात्रि के महाअष्टमी के दिन देवी को चना, गुड़ और हलुआ का भोग लगाया जाता है। इसलिए नवरात्रि में इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- **उड़द दाल का नहीं करें सेवन :** इसके अलावा नवरात्रि में उड़द के दाल का सेवन भी नहीं करना चाहिए। शास्त्रों में उड़द के दाल को भी मांस के समान माना जाता है। इसलिए नवरात्रि के नौ दिनों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- **बासी भोजन न करें :** नवरात्रि के नौ दिनों में बासी भोजन का सेवन भी नहीं करना चाहिए. इससे भी घर में दरिद्रता का वास होता है.
- **भूलकर भी न करें इसका सेवन :** इन सब के अलावा नवरात्रि के नौ दिनों में मांस मदिरा का सेवन भी भूलकर नहीं करना चाहिये। इससे देवी रुष्ट हो जाती है और बुरी शक्तियों का वास होता है।

प्रस्तुति : विशाल कुमार सिंह, गोविन्दा

# एमपी, गुजरात की तरह हरियाणा में भी चला मोदी मैजिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा चुनाव की घोषणा के बाद से ही कांग्रेस इस बात को लेकर आश्वस्त हो गई थी कि प्रदेश में उसका 10 सालों से चल रहा राजनीतिक वनवास समाप्त होने वाला है। कांग्रेस के नेता इसको लेकर तमाम तरह के दावे भी कर रहे थे। एग्जिट पोल के आंकड़ों ने तो कांग्रेस की खुशी को दोगुना कर दिया था। लेकिन, चुनाव परिणाम ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि हरियाणा में एमपी और गुजरात की तरह ही पीएम नरेंद्र मोदी का मैजिक चला और भाजपा ने इतिहास रच दिया। हरियाणा में कुछ महीने पहले ही भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल दिए तो कांग्रेस हमलावर हो गई, ऊपर से किसानों के मुद्दे और पहलवानों के आरोप भाजपा के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे, जिसे आगे रखकर कांग्रेस लगातार भाजपा को घेर रही थी। लेकिन, पीएम मोदी के विजन ने हरियाणा की सत्ता में तीसरी बार भाजपा की वापसी का रास्ता खोल दिया। हरियाणा की जनता ने इस चुनाव परिणाम से साफ कर दिया कि एमपी और गुजरात की तरह पीएम मोदी के विजन पर उनका भी भरोसा है। इस बार हरियाणा में भाजपा को करीब 40 प्रतिशत वोट मिले हैं। यानी भाजपा को हरियाणा में अब तक मिले मतों में ये सबसे ज्यादा मत प्रतिशत है। ऐसे में इन वोटों को गौर से देखें तो इसमें ज्यादातर वोट पीएम मोदी के द्वारा हरियाणा में कराए गए विकास के कार्य और यहां उनकी चुनावी सभाओं की वजह से मिले हैं। अब जरा पीछे नजर डालिए, हरियाणा में 2009 में भाजपा को 9.04 प्रतिशत, 2014 में 33.2 प्रतिशत, 2019 में वोट प्रतिशत 36.49 और इस बार वोट प्रतिशत 40 फीसदी के करीब पहुंच गई है।

## ऐसे भाजपा ने रचा इतिहास



### बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी

इसके साथ ही पीएम मोदी ने हरियाणा की जनसभाओं में कांग्रेस सरकार के बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी नहीं देने की बात को प्रमुखता से लोगों के बीच रखा तो वहीं दूसरी तरफ वह मंच से यह भी कहते रहे कि कांग्रेस की सरकार में प्रदेश को दामादों और दलालों के हवाले कर दिया गया। हरियाणा में मौजूदा चुनाव में पीएम मोदी की सिर्फ 4 रैलियां हुईं। लेकिन, इसका व्यापक असर इस चुनाव में मतदाताओं पर पड़ता दिखा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने इस चुनाव में दलितों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। पीएम मोदी अपने प्रचार के दौरान गोहाना और मिर्चपुर कांड की याद हरियाणा की जनता को दिलाते रहे।

### जाटलैंड को साधा

यहां जाटलैंड की जो सीटें थी, उसमें भी इस बार भाजपा का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। यानी हरियाणा की सभी 36 बिरादरी के वोट पीएम मोदी के विजन के पक्ष में डाले गए हैं। अब पीएम का हरियाणा के लिए विजन देखिए, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यहां सीएम बदला गया और मनोहर लाल खट्टर को सांसद के बाद मंत्री बनाकर भाजपा पंजाबी समाज को तो साथ रखने में कामयाब हुई ही। नायब सिंह सैनी के सीएम बनते ही सैनी समाज भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा हो गया।

### किसानों की नाराजगी दूर की

किसानों की नाराजगी का मुद्दा उठा रहे विपक्ष को भी भाजपा ने अपनी रणनीति से घेरा। अपने चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा ने किसानों के लिए 24 फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी का वादा किया और साथ ही अग्निवीर योजना से रिटायर होने वाले सैनिकों को राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण का वादा किया।

## पीएम मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने हरियाणा की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में कोई भी कोर



कसर नहीं छोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह ने भी हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया।

# बेअसर हो रही फ्री की रेवड़ियां, कांग्रेस ने दी गारंटी, फिर भी हार गई पार्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा से आए चुनाव परिणाम ने साफ साबित कर दिया कि बीजेपी लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। एग्जिट पोल के सारे आंकड़े धरे के धरे रह गए। हरियाणा की जनता ने इस चुनाव में जिस तरह से भाजपा के पक्ष में मतदान किया, उससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि फ्री की गारंटियां यहां की जनता के लिए बेअसर साबित हुईं। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह यह रही कि कांग्रेस के द्वारा कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश की जनता से जो मुफ्त की गारंटी दी गई थी, वह पूरी नहीं हो पाई। जहां भी सरकार इन फ्री की गारंटियों को लागू करने की कोशिश में लगी, उसके पसीने छूट गए। राज्य सरकार का सरकारी खजाना खाली हो गया और सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ने के साथ कर्ज भी बढ़ने लगा। इससे आम जनता काफी परेशान है। कई लोगों ने खासकर युवा वर्ग ने सोशल मीडिया पर मुफ्त योजनाओं को लेकर नेताओं पर तीखे बाण चलाए। दरअसल, कांग्रेस को यह साफ लग रहा था कि पार्टी इस बार हरियाणा में वापसी करेगी। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से 7 गारंटियों का वादा किया। इसमें कांग्रेस ने तेलंगाना मॉडल अपनाया। जिसमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने, बुजुर्गों और दिव्यांगों को 6 हजार की पेंशन और दो कमरों के मकान का वादा किया गया। किसानों को लुभाने के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने का भी भरोसा दिया गया। क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का दावा किया गया। सरकार बनी तो गरीबों के 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज के साथ पुरानी पेंशन स्कीम को दोबारा बहाल करने का वादा भी शामिल था। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की तरफ से भी प्रदेश की जनता के लिए फ्री की रेवड़ी का वादा किया गया था। जिसमें मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज और बेहतरीन शिक्षा जैसी कई चीजें थी। जनता ने इसे काफी हल्के में लिया और एक हद तक इसे राज्य के भविष्य के लिए नकारात्मक माना।



## कांग्रेस ने ही कांग्रेस को हराया, भीतरघात ने पार्टी को सत्ता से दूर कर दिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा में चुनावी कैंपेन की शुरूआत तो पूरे दमखम के साथ की थी, लेकिन, धीरे-धीरे पार्टी के अंदर का अंतर्कलह खुलकर लोगों के सामने आ गया। एक तरफ पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का खेमा था तो दूसरी तरफ रणदीप सुरजेवाला के समर्थक। कांग्रेस पार्टी के भीतर जिसकी नाराजगी की चर्चा सबसे ज्यादा रही, वह हैं सांसद कुमारी शैलजा। जिनका खेमा अलग ही अंदाज में इस चुनाव के दौरान नजर आया। कुमारी शैलजा खुद ही लंबे समय तक पार्टी के चुनाव प्रचार से दूर रहीं और शामिल हुईं भी तो एकदम बेमन से। जिसका परिणाम चुनाव नतीजों में साफ उभरकर आया।

दरअसल, एक तरफ कांग्रेस के खिलाफ मैदान में आम आदमी पार्टी का होना कांग्रेस को परेशान कर ही रहा था, वहीं पार्टी के अंदर प्रदेश के शीर्ष नेताओं के बीच कलह ने पार्टी को और ज्यादा नुकसान पहुंचा दिया। एक तरफ कांग्रेस पार्टी की तरफ से टिकट बंटवारे में कुमारी शैलजा की बात को नहीं मानने से जहां पार्टी के दलित वोट बैंक में नाराजगी दिख रही थी। वहीं, पार्टी के तमाम ऐसे नेता जो टिकट की आस लगाए बैठे थे, उन्होंने टिकट नहीं मिलने की वजह से दूसरी पार्टियों का दामन थामा या निर्दलीय अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर आए। इस पूरे चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने हरियाणा में 12 सीटों पर चुनावी रैलियां की, जिसमें से पार्टी को 5 सीट पर ही जीत मिल पाई। इनमें से गन्नौर, सोनीपत और बहादुरगढ़ में तो कांग्रेस को ऐसा झटका लगा कि यहां से निर्दलीय उम्मीदवार जीत गए और गन्नौर सीट पर तो कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे। मतलब, यहां पार्टी के अंदर की खेमेबाजी राहुल गांधी के प्रचार से खत्म नहीं हो पाई। राहुल गांधी ने मंच से कुमारी शैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा का हाथ मिलवाकर पार्टी के एकजुट होने का संदेश भी दिया था, लेकिन यहां ये भी काम नहीं आया।

# केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन को बताया शानदार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हमारी पार्टी प्रदेश में 29 सीटों पर पहुंच चुकी है और आने वाले दिनों में इन आंकड़ों में इजाफा होगा। उन्होंने कहा, भाजपा का यह आज तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। पीएम मोदी ने जिस तरह से समग्र विकास पर जोर दिया है, उसका प्रभाव घाटी के विकास पर भी है। पहले ऐसा कहा जाता था कि घाटी के कुछ हिस्सों में विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, जबकि दूसरे

### नकवी ने कहा, जम्मू कश्मीर में जनादेश को करेंगे स्वीकार

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं



दिग्गज भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आए चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की जलेबी को जनता ने अपने जनतांत्रिक मिजाज से खराब कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के परिप्रेक्ष्य में भाजपा नेता ने कहा कि वहां की जनता ने हमें नकारा नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां पर हुई वोटिंग में लोगों ने जुनून, जज्बे और भयमुक्त माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### जनता ने भाजपा के कार्यों और नीतियों को स्वीकार किया : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व



मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चुनावी नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा को पहले से ही जीत का भरोसा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार झूठ बोलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही थी, लेकिन जनता ने भाजपा के कार्यों और नीतियों को अस्वीकार किया। मनोहर लाल ने कहा कि यह एक रिकॉर्ड है कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार किसी भी पार्टी की सरकार बनी है। कांग्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दों, जैसे पहलवानों, जवानों और किसानों के मुद्दों पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने इन क्षेत्रों में जो कार्य किए हैं, वह कांग्रेस नहीं कर सकती।

# चौटाला परिवार को बड़ा झटका, दुष्यंत का सूरज अस्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा से आए चुनाव परिणाम ने साफ साबित कर दिया कि चौटाला परिवार के लिए यह चुनाव बेहद ही खराब रहा। गुटों में बंटना चौटाला परिवार के लिए भारी पड़ गया। कभी हरियाणा की सत्ता पर चौटाला परिवार का डंका बजता था। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में चौटाला परिवार से जुड़ी इंडियन नेशनल लोकदल और जननायक जनता पार्टी खाता खोलने को लेकर जूझती रही। परिवार के दो दिग्गज दुष्यंत चौटाला और अभय चौटाला अपनी-अपनी सीट से बुरी तरह हार गए। हालांकि, हरियाणा में जाट राजनीति की उम्मीद के तौर पर अर्जुन चौटाला अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। 2019 में किंगमेकर रहे जेजेपी के दुष्यंत चौटाला को उचाना कलां से करारी हार का सामना करना पड़ा और वह छठे स्थान पर रहे। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) तो यहां खाता खोलने में भी नाकामयाब रही। जेजेपी हरियाणा में सांसद चंद्रशेखर आजाद की आसपा (कांशीराम) के साथ मिलकर चुनाव लड़ी। 70 सीटों पर जेजेपी ने अपने उम्मीदवार उतारे थे और वह एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं रही। जाटलैंड की राजनीति में जाटों के लिए नई उम्मीद की किरण बनकर केवल इनेलो के अर्जुन चौटाला ही उभरे और वह अपनी रानिया सीट बचा पाए। इनेलो और जेजेपी को मिलाकर चौटाला परिवार के कुल 6 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें, दुष्यंत चौटाला, सुनैना चौटाला, अभय चौटाला, आदित्य चौटाला, दिग्विजय चौटाला और अर्जुन चौटाला शामिल थे। इनमें से केवल अर्जुन चौटाला को ही जीत मिली।




## जम्मू-कश्मीर में पीडीपी का दौर खत्म महबूबा की बेटी इल्तिजा हारीं

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव एनसी-कांग्रेस की गठ जोड़ सरकार बना रही है वहीं भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जबकि महबूबा मुफ्ती की जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बड़ा झटका लगा है। पीडीपी 90 विधानसभा सीटों में से सिर्फ तीन पर ही जीत हासिल कर सकी है। महबूबा मुफ्ती ने इस बार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। खास बात यह है कि इस चुनाव में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती अपनी खानदानी सीट भी हार गईं। पार्टी ने इल्तिजा को श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। उन्हें नेशनल कॉन्फ्रेंस के बशीर अहमद के हाथों हार का सामना करना पड़ा। महबूबा की बेटी दूसरे नंबर पर रही। उन्हें 23,529 मत प्राप्त हुए। 1996 में महबूबा ने



बिजबेहरा से ही अपनी चुनावी शुरूआत की थी। लेकिन, पहली बार इल्तिजा मुफ्ती चुनावी मैदान में यहां से उतरी और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि यह इलाका अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन, उन्हें भी लोकसभा चुनाव में हार मिली थी। महबूबा मुफ्ती को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के मियां अल्ताफ ने 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से करारी शिकस्त दी थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।


**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# हरियाणा में हार : राहुल गांधी की 'जाति राजनीति' पर करारा झटका

नई दिल्ली। सभी एग्जिट पोल के पूवार्नुमानों को धता बताते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हरियाणा में तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर चुकी है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नतीजों ने कई महत्वपूर्ण बातें सामने ला दी है, जिनमें एक बड़ा संदेश जाति की राजनीति और जाति जनगणना के एजेंडे को झटका भी है। जिसे चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बार-बार दोहराते रहे। गांधी परिवार इस चुनाव प्रचार के दौरान राज्य में कांग्रेस के लिए समर्थन की सुनामी की बात कर रहा था, उन्हें लग रहा था कि जाति जनगणना की बात को बार-बार दोहराने से बड़ी संख्या में दलित मतदाताओं को लुभाने में पार्टी को मदद मिलेगी।



लेकिन, जिस तरह के परिणाम आए, वह राहुल गांधी की जाति की राजनीति के लिए एक बड़ा झटका है। पार्टी के घोषणापत्र और भाषणों में जाति जनगणना को प्राथमिकता के साथ और बार-बार उठाया गया, इसके जरिए राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं का लक्ष्य दलितों को प्रदेश में कांग्रेस की तरफ आकर्षित करना था। हरियाणा में यह आबादी का लगभग 21 प्रतिशत है। ऐसे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वोटों पर पकड़ बनाने के लिए जाति सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। सबसे पुरानी पार्टी ने सत्ता में आने पर इस जाति जनगणना को लागू करने का वादा किया। वहीं, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी राहुल गांधी लगातार देशव्यापी जातीय जनगणना की वकालत करते रहे।

## हरियाणा में नायब सरकार के आठ मंत्री हारे चुनाव, स्पीकर भी नहीं बचा सके कुर्सी

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी ने भले ही तीसरी बार सरकार बना ली हो लेकिन नायब सैनी सरकार में आठ मंत्री और कई विधायक इस बार चुनाव हार गए हैं। खास बात यह है कि विधानसभा स्पीकर भी इस बार अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। इससे पहले वर्ष 2019 में हुए चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कैबिनेट से केवल दो मंत्री ही चुनाव जीत पाए थे। मंगलवार को घोषित हुए चुनाव परिणाम में हरियाणा विधानसभा के स्पीकर रहे ज्ञानचंद गुप्ता चुनाव हार गए हैं। पंचकूला में उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के बड़े बेटे कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रमोहन बिश्नोई ने हराया है। नूंह में मंत्री संजय सिंह हार गए हैं। यहां कांग्रेस उम्मीदवार आफताब अहमद चुनाव जीते हैं। जगाधरी से मंत्री कंवरपाल गुर्जर चुनाव हार गए हैं। यहां कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी अकरम खान ने जीत दर्ज की है। हिसार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तीसरे नंबर पर रहे। यहां निर्दलीय चुनाव लड़ीं सावित्री जिंदल ने जीत दर्ज की है।

## ईडी ने शाइन सिटी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में शाइन सिटी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 सितम्बर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। विशेष न्यायालय ने पांच अक्टूबर को पीसी का संज्ञान लिया है। ईडी ने यह जानकारी मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। अब तक पांच पीसी दायर की गई हैं। कुल आठ व्यक्तियों, 13 कंपनियों और नौ पार्टनरशिप फर्मों को आरोपित बनाया गया है।

## सांसद पप्पू यादव ने रुपौली में बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक मदद दी, राशन बांटे

**एजेंसी। पूर्णिया**

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज रुपौली प्रखंड के विजय मोहनपुर पंचायत के मोहनपुर गांव और भौवा प्रवल पंचायत के अंझरी गांव में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। सांसद ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की आर्थिक मदद करते हुए उन्हें राहत सामग्री वितरित की। सा थ ही उन्होंने घोषणा की कि कल 1 हजार सूखा राशन सामग्री पॉकेट, 1 हजार साड़ी और 1 हजार लुंगी प्रभावित गांवों में भेजी जाएगी। सांसद पप्पू यादव ने निरीक्षण के दौरान बताया कि अब तक सरकार की ओर से कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है।

## भारत व हिंदू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है संघ : होसबाले

**एजेंसी। आजमगढ़**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को फूलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी दिवंगत रामचन्द्र जायसवाल, डॉ. रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर होसबाले ने कहा कि संघ भारत एवं हिन्दू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है। संघ केवल एक वैचारिक एवं सांगठनिक व्यवस्था नहीं है। संघ एक जीवनशैली है। संघ एवं हिन्दुत्व की जीवनशैली में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि संघनिष्ठ भाइयों- रामचन्द्र जायसवाल, रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की कीर्ति विशेष है। समाज एवं धर्म जागरण के कार्यों में उन्होंने नेतृत्व किया। आपातकाल के संघर्ष एवं जेपी के आंदोलन में सहभाग किया और सार्वजनिक जीवन में उन्होंने आदर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने की। इस अवसर पर गंगा समग्र के अखिल भारतीय संगठन मंत्री रामाशीष, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रमेश, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, भारतीय शिक्षा संस्थान के प्रबंधक अंशुमान जायसवाल सहित कई गण्यमान्य उपस्थित रहे।



**राजधानी रांची** में दुर्गा पूजा का इतिहास करीब 185 वर्ष पुराना है। सबसे पहले वर्ष 1839 में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआत रातू किला में हुई थी। इसके बाद 1882 में जिला स्कूल परिसर में दुर्गोत्सव मनाया गया। ठीक एक वर्ष 1883 में दुर्गाबाड़ी में पूजा शुरू हुई जो, आज भी जारी है। दुर्गाबाड़ी के आस पास रहनेवाले कुछ बंगाली परिवार ने यह जमीन पूजा स्थल के लिए दान में दी थी। इसके बाद यहां मंडप का निर्माण हुआ। बाद में मंदिर की स्थापना हुई। यहीं से अन्य जगहों पर दुर्गोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। 1970 के करीब राजधानी में पंडालों की संख्या बढ़ने लगी। दुर्गाबाड़ी के अलावा ढिबरी पट्टी, महावीर चौक दुर्गा मंदिर, कोकर और बिहार क्लब में दुर्गा पूजा मनायी जाती थी। धीरे-धीरे इसका विस्तार होते चला गया। वर्ष 2000 में जब झारखंड का गठन हुआ, तो यहां के दुर्गोत्सव ने बड़ा रूप ले लिया।



## 185 साल पुराना है रांची में दुर्गा पूजा का इतिहास

# रांची में पहली बार दुर्गा पूजा 1839 में रातू किले में हुई थी

## 1965 से दुर्गोत्सव हो रहा जगन्नाथपुर में

जगन्नाथपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 1965 से दुर्गा पूजा कर रही है। जगन्नाथपुर पूजा समिति बांग्ला पद्धति से पारंपरिक तरीके से पूजा करती है।

## 1945 से बिहार क्लब में पूजा का आयोजन

बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति ने पहली बार सार्वजनिक पूजा का आयोजन 1945 में किया था। कचहरी रोड में पहली बार पूजा पंडाल बनाया गया था। बिहार क्लब का वास्तविक नाम छोटानागपुर बिहारी क्लब है।






## 1935 में हरिमति मंदिर की स्थापना की गई

## 1936 से शुरू हुई है दुर्गा पूजा

हरिमति मंदिर वर्धमान कंपाउंड, रांची की दुर्गा पूजा का इतिहास 88 साल पुराना है। शुरू में इस मंदिर का नाम ज्ञान मंदिर था। बाद में इसका नाम हरिमति मंदिर कर दिया गया। 1935 में मंदिर की स्थापना की गयी और पूजा 1936 से शुरू हुई। तब से यहां पारंपरिक तरीके से पूजा हो रही है। दुर्गा पूजा समिति पतराटोली कांके के दुर्गोत्सव का इतिहास काफी पुराना है। इसकी शुरूआत वर्ष 1882-83 में लाल शिवनाथ शाहदेव ने की थी। उस वक्त पूजा का आयोजन सीआइपी के पास स्थित मैदान में होता था। वर्तमान में यहां स्टेट डिस्पेंसरी है। ब्रिटिश शासकों ने जब इलाके में कब्जा किया तब लाल शिवनाथ शाहदेव का पूरा परिवार पतराटोली में आकर बस गया। इसके बाद पतराटोली में 1907 में मंदिर की स्थापना हुई। और पहली बार भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ।

## मंदिर परिसर में ही बनाई जाती है प्रतिमा

श्री दुर्गा पूजा समिति पतराटोली में पूर्वजों ने जिस परंपरा की शुरूआत की थी, उसे आज भी रीति-रिवाज के साथ निभाया जा रहा है। दुर्गा मंदिर परिसर में अब 10 फीट चौड़ी और आठ फीट ऊंची मां भगवती की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पारंपरिक बांग्ला शैली में प्रतिमा तैयार करने के लिए झालदा से तीन कारीगर आते हैं और मंदिर परिसर में ही प्रतिमा तैयार करते हैं।

### कलश में होता है देवी का आह्वान

डोरंडा जैप वन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में वर्ष 1880 से पारंपरिक पूजा हो रही है। यहां गोरखा रेजिमेंट ने पूजा की शुरूआत की थी। बाद में नाम बदला, लेकिन पूजा स्थल वहीं है। शुरूआत में तंबू लगाकर पूजा की जाती थी, जहां आज मंदिर है। विशेषता यह है कि जैन वन में मां भवानी की प्रतिमा नहीं स्थापित की जाती है। कलश में देवी का आह्वान किया जाता है और उनकी पूजा पूरे सैनिक सम्मान के साथ की जाती है। जो जवान यहां नहीं रहते हैं, वे अपने ड्यूटी स्थल से ही मां की आराधना करते हैं। आयोजन पर जो राशि खर्च होती है, उसे विभाग के कोष से दिया जाता है।

### दशई जतरा का होता है आयोजन

विजयादशमी के बाद पतराटोली कांके के मैदान में वृहत रूप से दशई जतरा का आयोजन होता है। इसमें आदिवासी समाज के अलग-अलग पड़हा से समुदाय के लोग अपना झंडा लेकर पहुंचते हैं। लोक गीत और नृत्य कर पर्व की खुशियां मनायी जाती है।

## लोहरदगा में दुर्गा पूजा का स्वर्णिम इतिहास

# आजादी के पहले से होता आ रहा है आयोजन

लोहरदगा। लोहरदगा में दुर्गा पूजा का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां मूर्ति स्थापित कर दुर्गा पूजा की शुरूआत बंगाली समाज ने की थी। वर्ष 1923 में बंगाली समुदाय और स्थानीय जमीनदारों ने वर्तमान में साहू पेट्रोल पंप के पास पंडाल बना कर पूजा शुरू की थी। जिले में संभवतः यह पहला अवसर था, जब मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की शारदीय नवरात्र में आराधना की गयी। पांच वर्षों तक यहां पूजा होती रही।



## 1936 में पावरगंज में हुई थी दुर्गाबाड़ी की स्थापना

बाद में पावरगंज चौक के पास मूर्ति स्थापित कर कई वर्षों तक पूजा करने की परंपरा चलती रही। वर्ष 1936 में पावरगंज में श्रीश्री दुर्गा बाड़ी की स्थापना के बाद दुर्गा पूजा का प्रसार जिले के अन्य क्षेत्रों में हुआ। यहां पर लाल गोपीनाथ शाहदेव, ललित मोहन चौधरी, श्रीकंठ दत्ता, गोपेंद्र नाथ चंद्रा, दिनेश चौधरी, रुक्मिणी भूषण राय, सचिंद्र मोहन घोष, देवेंद्र कुमार, भुवन मोहन दत्ता, सचिंद्र सेन, निपेन चौधरी के सहयोग से पूजा की शुरूआत हुई। इसके बाद शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पूजा होने लगी। विशुद्ध बंगाली संस्कृति की झलक यहां की पूजा पद्धति में दिखती है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर जागरण, भजन, बंगाली नाटकों का मंचन आकर्षण का केंद्र होता है। संध्या आरती के बाद होने वाले घुना नाच में पूरे बंगाल की झलक देखने को मिलती है।

## 2005 में हुई थी मंदिर की स्थापना

वर्ष 2005 में दुर्गा बाड़ी में भगवती एवं काली के मंदिरों की स्थापना हुई। दुर्गा बाड़ी के बाद भगवती आराध्य समिति राणा चौक, थाना टोली, अपर बाजार, तेतरतर, अमला टोली, हटिया गार्डेन, बरवाटोली, रेलवे साइडिंग, मैना बगीचा, पतराटोली, ब्लॉक मोड़ में पूजा की शुरूआत हुई। ग्रामीण इलाकों में जमीनदार परिवारों के माध्यम से दुर्गा पूजा होने लगी। कुडू प्रखंड के चांपी, कुडू, सदर प्रखंड के हाटी, मन्हो, पेशरार के मुरमू, किस्को प्रखंड के किस्को, भंडरा व कैरो प्रखंड में भी दुर्गा पूजा शुरू हुई। फिलहाल जिले में सात दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडाल बना कर माता भगवती की प्रतिमा की पूजा की जाती है।

# 250 वर्ष पुराना है इटकी में दुर्गा पूजा का इतिहास

**इटकी।** इटकी दुर्गा पूजा का इतिहास 250 वर्ष से अधिक पुराना है। भूतपूर्व जमींदार के वंशजों द्वारा आज भी परंपराओं का निर्वहन कर दर्जनों बकरा और भैंसों की बलि देकर राजशाही रूप से दुगार्पूजा की जाती है। तत्कालीन जमींदार एनी नाथ साय ने 18वीं सदी के प्रारंभिक काल में वंश प्राप्ति के लिए दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। इसके बाद से जमींदार के वंशज आस्था के साथ धार्मिक परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। जमींदार के वंशज की पांचवीं पीढ़ी के लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने बताया कि बताया कि उनके पूर्वजों में एनीनाथ साय को कई वर्षों तक पुत्ररत्न की प्राप्ति नहीं हुई। इसके बाद वे मां भवानी की शरण में जाकर उनकी आराधना करते हुए पुत्र प्राप्ति की कामना की थी, जिसका नाम दुर्गा नाथ साय रखा गया। उन्होंने दुगार्बाड़ी में प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा की शुरूआत की।

### विजय दशमी को नीलकंठ पक्षी के दर्शन की है परंपरा

विजयदशमी के दिन प्रतिमा विर्सजन के बाद जमींदार के वंशजों ने नीलकंठ का दर्शन और त्रिविधा स्थल शिकार खेलने की परंपरा का निर्वाह किया जाता है। शिकार से लौटने के बाद जमींदार की महिलाएं आरती उतारती हैं। इसके बाद राज्यभिषेक (राजतिलक) की रश्म पूरी की जाती है। इसके बाद जमींदार को प्रजा नगद सहित अन्य उपहार भेंट करती है। इसमें जमींदार द्वारा प्रजा के बीच पानबट्टी की जाती है।

### वर्षों से सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कर रही है पूजा

इटकी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 38 वर्ष से दुर्गा पूजा आयोजित की जा रही है 1982 में स्थानीय युवकों ने दुर्गा पूजा का बीड़ा उठाया था। रांची अपर बाजार निवासी स्व। किशोरी साहू, बुंडू के स्व जन्मेजय जायसवाल, इटकी के स्व। रोहित केशरी, स्व। रूपू सिंह, धनेश्वर महतो, जगदीश गोप, अर्जुन राम, सुबोध कुमार सिन्हा, गोविंद यादव ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की थी। इटकी मोड़ और गड़गांव बस्ती में भी वर्षों से दुर्गा पूजा की जा रही है।

## षष्ठी की शाम से पूजा अनुष्ठान होता है शुरू

लाल गिरिजा शंकर नाथ शाहदेव ने बताया कि मंदिर परिसर में षष्ठी को बेलवरण के साथ अनुष्ठान शुरू होगा। महासप्तमी पर जुमार नदी में नव पत्रिका की पूजा होगी और मंदिर परिसर में मां भगवती की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इस दौरान प्रतिमा की भी प्राण प्रतिष्ठा होगी। अष्टमी को संध्या पूजा के दौरान कोहड़े की बली दी जाती है। वहीं, रातू किला की परंपरा के अनुसार सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन बकरे की बलि की परंपरा निभायी जाती है। दशमी को नवपत्रिका का विसर्जन होगा। इसके नौ दिन बाद प्रतिमा के खांचे को दोबारा मंदिर में रख दिया जाता है। लाल गिरिजा शंकर ने बताया कि महोत्सव के लिए परिवार के सदस्य सहयोग राशि देते हैं।

## गुमला में 250 साल पहले शुरू हुई थी मां दुर्गा की पूजा

# आज भी पूजी जाती हैं 16 भुजाओं वाली माता

गुमला। गुमला में कई ऐसे प्राचीन मंदिर हैं। जहां वर्षों से पूजा-अर्चना होती आ रही है। उन्हीं में से एक शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा का इतिहास काफी पुरानी है। नागवंशी राजाओं ने जिले के पालकोट प्रखंड में सर्वप्रथम दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। उनके द्वारा निर्मित मंदिर व मूर्ति आज भी साक्ष्य के रूप में गुमला जिले के पालकोट प्रखंड में मौजूद हैं, जो दशभुजा के नाम से प्रसिद्ध है, यहां दुर्गा पूजा की अपनी महत्ता है।

मंदिर के पुजारी जगरनाथ मिश्रा ने बताया कि मां दशभुजा मंदिर का निर्माण लगभग 258वर्ष पूर्व नागवंशी राजा द्वारा किया गया था। यह जिले के प्राचीन मंदिरों में से एक है। यहां मां की 16 भुजाओं वाली प्रतिमा है, जोकि आपरूपी है, यानि खुद से प्रकट हुई है। इनका नाम मां महिषासुर मर्दिनी है। शुरूआती समय से आज तक वही मूर्ति विराजमान है। नवरात्रि में यहां राजा एवं उनके परिवार द्वारा विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती थी। वो परंपरा आज भी जीवित है। वर्तमान में उनके वंशज लाल गोविंद नाथ शाहदेव एवं लाल दामोदर नाथ शाहदेव द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि में यहां 3 घंट की पूजा होती है। मां मनोवांछित फल प्रदान करने वाली है, इसलिए बहुत दूर दूर से यहां भक्तों का आना जाना लगा रहता है।



### मां से दिल से मांगी गई हर मुरादें होती हैं पूरी

नागवंशी राजा यदुनाथ शाह ने गुमला में 1765 ई में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। उस समय भैंस की बली देने की प्रथा थी। उनके बाद उनके वंशज विश्वनाथ शाह, उदयनाथ शाह, श्यामसुंदर शाह, बेलीराम शाह, मुनिनाथ शाह, धृतनाथ शाहदेव, देवनाथ शाहदेव, गोविंद शाहदेव व जगरनाथ शाहदेव ने मां दशभुजा की इस पूजा अर्चना व बली की परंपरा बरकरार रखी, परंतु जब कंदर्पनाथ शाहदेव राजा बने, तो उन्होंने भैंस की बली देने की प्रथा समाप्त कर दी। उसके बाद बकरे की बली दी जाने लगी जो आज भी बरकरार है। यहां 258 वर्ष से दुर्गा पूजा होते आ रही है। नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित यह मंदिर विश्व विख्यात है।

प्रस्तुति : मनोज कुमार सिंह, शिवम श्रीवास्तव

# खिलाड़ियों के मजबूत प्रदर्शन से आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में हुआ बड़ा फेरबदल

## द. अफ्रीका कप्तान वोल्वार्ट पहुंचीं तीसरे स्थान पर, भारतीय कप्तान को भी हुआ फायदा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के शुरूआती चरण में खिलाड़ियों के मजबूत प्रदर्शन के कारण महिला टी-20 की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल हुआ है। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट विश्व कप में शुरूआती दो मैचों में 101 रन बनाने के साथ अब तक टूनामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। अपने इस प्रदर्शन के दम पर वह बल्लेबाजों की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में लॉरा वोल्वार्ट के 746 रोटिंग अंक हो गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ है। इसे वह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्राथ टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। दोनों के क्रमशः 761 और 748 रेटिंग अंक हैं।

**भारतीय कप्तान को हुआ फायदा :** बल्लेबाजों की ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को एक पायदान की नुकसान हुआ है। वह 5वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 4 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 29 रनों की पारी खेली थी।

### इन खिलाड़ियों को हुआ फायदा

दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी ताजमिन ब्रिट्स दो पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गयी हैं। न्यूज़ीलैंड की अनुभवी खिलाड़ी सूज़ी बेट्स दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्याट (दो पायदान ऊपर 18वें स्थान पर), पाकिस्तान की खिलाड़ी निदा डार (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर), स्कॉटलैंड की दाएं हाथ की बल्लेबाज सारा ब्राइस (दो पायदान ऊपर 41वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिज़ाने कैप (छह पायदान ऊपर 44वें स्थान पर) ने भी टी20आई बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में जगह बनाई है। इस समय संयुक्त अरब अमीरात में महिला टी-20 विश्व कप 2024 का आयोजन हो रहा है। 3 अक्टूबर को इस टूनार्मेंट का आगाज हुआ था।

## स्कॉटलैंड के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटने उतरेगा द. अफ्रीका

**दुबई।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 9 अक्तूबर को पहला मैच स्कॉटलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। स्कॉटलैंड का पहला वर्ल्ड कप अब तक उनकी उम्मीदों के विपरीत गया है और उन्हें पहले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका अगर दुबई में बड़ी जीत हासिल कर लेती है तब वह अंक तालिका में इंग्लैंड को पछाड़ते हुए शीर्ष पर पहुंच सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका की टीम :** लॉरा वुल्फार्ट (कप्तान), अन्नेका बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नडीन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसन, मिक डीराइडर, अयांडा हलुबी, सिनालो जाफ्टा (विकेटकीपर), मारिजान काप, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सेश्नी नायडु , टुमी सेखुखुने, क्लोई ट्राइऑन

**स्कॉटलैंड की टीम :** कैथरी ब्रायस (कप्तान), क्लॉय ऐबल, अब्बी एक्टन ड्रमोंड, ओलिविया बेल, सारा ब्रायस (विकेटकीपर), डार्सी कार्टर, प्रियानाज चटर्जी, कैथरीन फ्रेजर, सासकिया हॉर्ली, लॉरना जैक, आइलसा लिस्टर, अबताहा मकसूद, मेगन मक्कॉल, हनाह रैनी, रचेल स्लेटर।

## ईडी की जांच पर बोले अजहरुद्दीन, आरोप झूठा



**हैदराबाद।** हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद मोहम्मद अजहरुद्दीन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सुनवाई में आज सुबह शामिल हुए। ईडी ने हाल ही में एचसीए में अनियमितता के मामले में उन्हें नोटिस जारी किया था। मंगलवार को वे जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय के हैदराबाद स्थित कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर अजहरुद्दीन ने कहा कि उन पर लगे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। गौरतलब है कि हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में जेनरेटर, फायर इंजन और अन्य उपकरणों की खरीद के मामले में 20 करोड़ रुपये की अनियमितता के आरोप लगे हैं। इसी पृष्ठभूमि में प्रवर्तन निदेशालय ने अजहरुद्दीन को नोटिस जारी कर जांच के लिए पेश होने का आदेश दिया था।

## मनु भाकर ने दीपा करमाकर को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने दीपा करमाकर को सभी अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले सोमवार को दीपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जिमनास्टिक से संन्यास की घोषणा की। मनु भाकर ने मंगलवार को एक्स पर दीपा को उनके अविश्वसनीय करियर के बाद भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। मनु ने एक्स पर लिखा, दिग्गज दीपा करमाकर को उनके अविश्वसनीय जिमनास्टिक करियर के बाद उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। अविस्मरणीय यादों और एक पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर दीपा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया था। महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में 13.566 के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ, दीपा ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की किम सोन हयांग ने रजत और उनकी हमवतन ज्यो क्योंग ब्याल ने कांस्य पदक जीता। दीपा की सफलता की कहानी जिमनास्ट की अगली पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी।

## शारजाह वारियर्स के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए क्रिस सिल्वरवुड

**शारजाह।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस सिल्वरवुड को आईएलटी20 के आगामी सत्र के लिए शारजाह वॉरियर्स का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है, जो हेड कोच जेपी डुमिनी के कोचिंग सेटअप में शामिल होंगे। सिल्वरवुड इससे पहले 2018 में पूर्णकालिक बॉलिंग कोच के रूप में इंग्लैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े थे और अक्टूबर 2019 में ट्रेवर बेलिस के जाने के बाद हेड कोच का पद संभाला था।

## एचआईएल में भारतीय हॉकी परिदृश्य को बदलने की क्षमता : सलीमा टेटे

एजेंसी



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) इस दिसंबर में सात साल के अंतराल के बाद वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश की पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को शुरू होगी, जिसमें दो स्थानों झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा। झारखंड की रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे अगले साल की शुरूआत में होम टर्फ पर महिला लीग फाइनल खेलने का सपना देख रही हैं। इस साल की शुरूआत में हरेंद्र सिंह के भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालने के बाद इस विस्फोटक मिडफील्डर को कप्तान नियुक्त किया गया था। सलीमा ने हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की और कहा कि पूरी टीम इस पर चर्चा कर रही है।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूँ, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना बढ़िया अवसर है। हम विभिन्न राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ घुलमिल पाएंगे, उनके साथ खेलेंगे, उनके खिलाफ खेलेंगे और खिलाड़ियों के रूप में बेहतर बनेंगे।

## बांग्लादेश के पूर्व कप्तान महमूदुल्लाह रियाद ने लिया टी20 क्रिकेट से संन्यास



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान महमूदुल्लाह रियाद ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत के खिलाफ हैदराबाद में होने वाला तीसरा टी 20 उनका आखिरी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। हालांकि वह वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे और शायद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 उनका आखिरी टूनामेंट हो। महमूदुल्लाह ने टेस्ट क्रिकेट से 2021 में ही संन्यास ले लिया था। भारत के खिलाफ दिल्ली में होने वाले दूसरे टी20 से पहले अपने संन्यास का ऐलान करते हुए महमूदुल्लाह ने कहा, यह मेरी आखिरी सीरीज होगी और इसके बाद मैं वनडे क्रिकेट पर ध्यान दूंगा। भारत आने से पहले ही मैंने इसके बारे में निर्णय ले लिया था। मैंने इसके बारे में अपने परिवार, कप्तान, कोच, मुख्य चयनकर्ता और बोर्ड अध्यक्ष से भी बात की थी। मुझे लगता है कि यह आगे बढ़ने का सही समय है। मैं अब वनडे मैचों पर फोकस करूंगा, जबकि टीम को अगले दो साल में फिर से टी20 विश्व कप खेलना है तो टीम उस पर ध्यान देगी। 38 साल के इस ऑलराउंडर ने 2007 में अतंर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उनके नाम 139 टी20 में आठ अर्धशतकों की मदद से 2395 रन जबकि 27.35 की औसत से 40 विकेट है। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 50 टेस्ट में पांच शतकों की मदद से 2914 रन और 43 विकेट तथा वनडे क्रिकेट में उनके नाम चार शतकों की मदद से 5386 रन और 82 विकेट हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन, 100 विकेट और 100 कैचों का रिकॉर्ड बनाने वाले वह कुछ दुर्लभ ऑलराउंडर्स में से एक हैं। 2019 में महमूदुल्लाह बांग्लादेश की टी20 टीम के कप्तान भी बने और 2021 टी20 विश्व तक यह जिम्मेदारी संभाली।

## सचिन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत की अगुआई करेंगे




एजेंसी

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) दुनिया भर में धूम मचाने के लिए तैयार है, जिसमें छह क्रिकेट पावरहाउस-भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर एक रोमांचक टी20 फ्रेंचाइज टूनार्मेंट में एक साथ आएंगे। सचिन तेंदुलकर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर, 2024 से 8 दिसंबर, 2024 तक चलेगा। नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम चार मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा। टूनार्मेंट की शुरूआत 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक रोमांचक मुकाबले से होगी, जिसमें सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा आमने-सामने होंगे। दूसरे मैच में शेन वॉटसन की ऑस्ट्रेलिया का सामना जैक्स कैलिस की दक्षिण अफ्रीका से होगा, उसके बाद श्रीलंका और इयोन मोर्गन की इंग्लैंड के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा और उनकी वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए मैदान पर लौटेगी। रायपुर में कुल आठ मैच होंगे, जिसमें सेमीफाइनल और फिर 8 दिसंबर को फाइनल शामिल है, जिसमें इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा। प्रतिष्ठित खिलाड़ी, जिनका करियर शानदार रहा है, अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी करेंगे।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में कप्तान

1. **भारत:** सचिन तेंदुलकर
2. **वेस्टइंडीज:** ब्रायन लारा
3. **श्रीलंका:** कुमार संगकारा
4. **ऑस्ट्रेलिया:** शेन वॉटसन
5. **इंग्लैंड:** इयोन मोर्गन
6. **दक्षिण अफ्रीका:** जैक्स कैलिस

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन गिरावट, चांदी में फिलहाल कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। आज ये चमकीली धातु 200 से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण



देश के अधिकांश सरार्फा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 77,590 रुपये से लेकर 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,140 रुपये से लेकर 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी आज भी 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

## हरियाणा में भाजपा की 'बंपर जीत' ने शेयर बाजार में भरा जोश, सेंसेक्स 584 अंक बढ़ा

एजेंसी



**मुंबई ।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को स्पष्ट बहुमत मिलने के आसार ने शेयर बाजार में मंगलवार को जोश भरने का काम किया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 584 अंक या 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,634 और निफ्टी 217 अंक या 0.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,013 पर था। बाजार का रुझान कारोबारी सत्र में सकारात्मक था। बीएसई पर 3,020 शेयर हरे निशान में, 924 शेयर लाल निशान में और 101 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 7 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 459 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पहले 452 लाख करोड़ रुपये था। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, एसबीआई, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, विप्रो, एचयूएल और आईटीसी टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक तेजी थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,235 अंक या 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,535 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 374 अंक या 2.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,617 पर था। निफ्टी में ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स में सबसे अधिक खरीदारी हुई है। केवल मेटल इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। बोनान्जा में रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा कि चुनाव के नतीजों के कारण बाजार सकारात्मक बंद हुआ है। सबसे ज्यादा तेजी पीएसयू शेयरों में देखी गई। हालांकि, तिमाही नतीजे और भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी के कारण छोटी अवधि में बाजार के सीमित दायरे में रहने की उम्मीद है।

## सरकार से नोटिस मिलने के बाद धड़ाम हुआ ओला इलेक्ट्रिक का शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में मंगलवार के कारोबारी सत्र में फिर गिरावट देखने को मिली। कारोबार की शुरूआत में शेयर गिरकर 86 रुपये पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में इसमें हल्की रिकवरी देखने को मिली और सुबह 10:44 के करीब यह 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89 रुपये पर था। ओला इलेक्ट्रिक के ईवी स्कूटर्स को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार ग्राहकों की ओर से असंतोष जताया जा रहा है। ईवी स्कूटर्स की क्वालिटी और सर्विस में आ रही दिक्कतों को लेकर सरकार की ओर से कंपनी को नोटिस दिया जा चुका है। दोपहिया ईवी कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि उन्हें सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) की ओर से कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा, सीसीपीए ने कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए उन्हें 15 दिनों का समय दिया है। कंपनी दिए समय में समर्थित दस्तावेजों के साथ जवाब देगी। सीसीपीए की ओर से मैन्युफैक्चरिंग संबंधित खराबी, बुकिंग के रद्द होने पर रिफंड नहीं देना, सर्विसिंग के बाद भी खराबी आना, बैटरी से साथ कई समस्याएं आना, अधिक पैसे वसूल करने जैसी शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन, जिसे उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से चलाया जाता है, को पिछले साल सितंबर से ओला इलेक्ट्रिक से जुड़ी करीब 10,644 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

## भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बीते 10 वर्षों में 175% बढ़ी

**हैम्बर्ग।** केंद्रीय न्यू और रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत एक स्थायी ऊर्जा भविष्य की खोज के लिए प्रतिबद्धता के साथ एक वैश्विक आवाज के रूप में खड़ा है। जर्मनी के हैम्बर्ग में एक कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने रिन्यूएबल एनर्जी में महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। जी20 देशों में प्रति व्यक्ति सबसे कम कार्बन उत्सर्जन करने के बाद भी भारत की ओर से जलवायु लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त किया है। जोशी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन में हुई वृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा समय में हमारे पास 208 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता है, जो कि 2014 में 75 गीगावाट थी। पिछले 10 वर्षों में इसमें 175 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इस अवधि के दौरान रिन्यूएबल एनर्जी से बिजली का उत्पादन बढ़कर 360 बिलियन यूनिट्स (बीयू) हो गया है, जो कि पहले 193.5 बीयू था। भारत की सोलर एनर्जी क्षमता पिछले बीते 10 वर्षों में 33 गुना बढ़ी है।

## एक सप्ताह में 12 फीसदी महंगा हुआ कच्चा तेल भारत पर बढ़ सकता है आयात खर्च का दबाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अक्टूबर में करीब 12 फीसदी का उछाल देखा गया है। यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में भारत पर तेल आयात का दबाव बढ़ने की आशंका है। इस साल 30 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 71.81 डॉलर प्रति बैरल थी जो 7 अक्टूबर को बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। हालांकि ओपेक के सदस्य देशों, और रूस तथा कुछ अन्य पेट्रोलियम उत्पादक देशों के इस साल दिसंबर से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद है। इससे इस साल के अंत तक थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई में अब ईरान के इजरायल के खिलाफ खड़े होने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ रही है।

# रांची और धनबाद में वकील, डीटीओ और सीओ सहित कई अन्य के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर मंगलवार को झारखंड में दबिश दी है। ईडी ने एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि के ठिकानों पर छापेमारी क। ये कार्रवाई पंडरा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गयी है। धनबाद में सुबह ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद के देव विहार स्थित आवास दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची, जहां से उन्हें भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। अपार्टमेंट में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इससे पहले भी उनसे कई बार पूछताछ हो चुकी है। रांची के एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत सिंह पर छह करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगाया था। इधर, अधिवक्ता का कहना है कि पैसे नहीं लौटाने पर जमीन कारोबारी ने उनका अपहरण कर लिया था। किसी तरह वे उनकी चंगुल से छूटे और पंडरा ओपी पहुंचकर मामला दर्ज कराया। उन्होंने दर्ज कराये गये केस में जमीन कारोबारी संजीव पांडेय, सीओ प्रभात भूषण, दिवाकर द्विवेदी सहित तीन सीओ का नामजद आरोपित बनाया है। इसी मामले में ईडी ने ये कार्रवाई की है। इस मामले में रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया था कि सुजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि जमीन घोटाला में ईडी के आरोपित कमलेश कुमार से जुड़े हटिया निवासी जमीन कारोबारी संजीव पांडेय व अन्य लोग उनके रातू रोड ऑफिस में आये और उन्हें जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए कई एटीएम में ले गये और उनके खातों से पैसा निकलवाया। साथ ही बैंक एकाउंट से भी रुपये ट्रांसफर कराये। उन लोगों ने कुल 12 लाख रुपये ले लिए वे लोग रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इधर, संजीव पांडेय ने अधिवक्ता सुजीत सिंह पर आरोप लगाया है कि अधिवक्ता का इडी ऑफिस में आना-जाना था। उसने हमलोगों को झांसे में लिया और कहा कि इडी में हमारी पकड़ है। कई लोगों को मैंने इडी से बचाया है। उसकी बातों में हमलोग उसके झांसे में आ गये। उसने मुझे, कांके के पूर्व सीओ प्रभात भूषण, दिवाकर तथा एक अन्य सीओ, जिनका नाम इडी के रडार पर है, को बचाने के एवज में छह करोड़ रुपये लिया। रुपये लेने के बाद भी अधिवक्ता ने हमारा काम नहीं किया और अब रुपये भी लौटा नहीं रहे हैं। रुपये लेने के लिए हमलोग अधिवक्ता को अपने साथ ले गये थे। इस बाबत उन्होंने पंडरा ओपी में अधिवक्ता सुजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मांग पत्र सौंपा

**मेराल।** प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ जागो महतो की अनुपस्थित रहने पर महिला पर्यवेक्षिका मीना कुमारी को मांग पत्र सौंपा। सेविकाओं ने कहा कि नियमावली व मानदेय वृद्धि सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर संघ के आवाह्न पर मांग पत्र सौपा गया है। सभी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका के लिए एक नियमावली बनाई जाएगी और उनका मानदेय 13 हजार की की जाएगी। किंतु उन्होंने अपने घोषणा पर अब तक अमल नहीं किया। उन्होंने कहा कि मांग कोई नई नहीं है। सालों से नियमित करने और वेतन में वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था, लेकिन अभी तक अपना वादा नहीं निभा पाए हैं।

## पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** पिपरा पुलिस ने मंगलवार को छापामारी अभियान चलाकर टंडवा जगदीशपुर गांव के समीप गन्ना के खेत व झाड़ी में चल रहे अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब 4 क्विंटल जावा महुआ तथा 4 ड्राम सहित शराब बनाने के कई उपकरण को भी नष्ट किया गया। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगदीशपुर गांव के समीप अवैध रुप से महुआ शराब भट्ठी संचालित की जा रही है, जिसपर कार्रवाई करते हुए भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं अवैध शराब भट्ठी के संचालकों की पहचान की जा रही है। पहचान करने के बाद सभी पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अभियान में पिपरा थाना प्रभारी सहित एसआइ कुलेश्वर महतो, तकदूस अंसारी समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### डांडिया गरबा नृत्य का सीओ व थाना प्रभारी ने किया शुभारंभ

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** दुर्गा पूजा पर पत्थलगड़ा प्रखंड़ मुख्यालय सुभाष चौक में बीते देर शाम डांडिया गरबा नृत्य का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक कुमार चौधरी, मुखिया राधिका देवी व दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र दांगी आदि ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीओ ने प्रखंड के बच्चों व कलाकारों के डांडिया गरबा नृत्य की प्रशंसा की। साथ ही बच्चों को इसके साथ पढ़ाई पर भी विशेष रुप से ध्यान देने की बात कही। डांडिया गरबा देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

### नए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दिया योगदान

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया के नये बीडीओ के रुप मे चंद्रदेव प्रसाद ने मंगलवार को योदन देने के साथ पदभार संभाला। निवर्तमान बीडीओ विनय कुमार से प्रसाद ने पदभार लिया। निवर्तमान बीडीओ ने बुके देकर नये बीडीओ का स्वागत किया। वहीं कुमार को विदाई दी गयी। मौके पर कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में सभी का भरपूर सहयोग मिला। यहां के लोग व्यवहार कुशल हैं। वहीं नये बीडीओ ने कहा कि वे सभी के सहयोग से विकास कार्यों को और गति देगें। सुदुर ग्रामीण इलाकों तक विकास योजनाओं को पहुंचाने के साथ आम लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता होगी। उनके लिए सिमरिया नया नहीं है। इसके पूर्व वें सिमरिया में अंचल अधिकारी के रुप में 5 जुलाई 2017 से 29 अगस्त 2018 तक कार्यरत थे।

### बीडीओ ने किसानों के साथ की बैठक,समस्याओं से हुए अवगत

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे पूर्व मुखिया सह किसान अर्जुन सिंह ने किसानों की होने वाली समस्याओं को विस्तार पूर्वक बीडीओ को अवगत कराया। जिसमें नजदीकी बीज अनुसंधान केंद्र गोरीया करमा से रबी फसल का बीज उपलब्ध कराने,आत्मा द्वारा उपलब्ध बीज ससमय किसानों के बीच पारदर्शिता में वितरण कराने, जमीन संबंधी ऑनलाइन में हुई गड़बड़ी में सुधार लाने,जलापुर्ती योजना के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने जैसी समस्याएं शामिल है। इसके अलावा पानी के बिना धान फसल मरने से बचाने को लेकर अंजनवा जलाशय से पानी छुड़वाने की मांग बीडीओ से किया गया।

## रामविलास पासवान के विचारों को अपनाने की जरूरत: राकेश

**मेदिनीनगर।** पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया। पलामू जिला कमेटी की ओर से जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राकेश सिंह ने कहा कि पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान अपना पूरा जीवन गरीबों, पीड़ितों, दलितों असहायों व कमजोर वर्गों के लिए समर्पित कर दिया।

# दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर प्रशासन अर्लट डीसी, एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को उपायुक्त शशिरंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और शहरवासियों में सुरक्षा की भावना पैदा करना था। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल ने मिलकर मेदिनीनगर के प्रमुख मार्गों पर गश्त की। डीसी शशिरंजन ने कहा कि दुर्गा पूजा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इसे शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। एसपी रीष्मा रमेशन ने भी शहरवासियों से अपील की कि वह प्रशासन के साथ सहयोग करें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने इस मौके पर यह भी सुनिश्चित किया कि सभी पूजा पंडालों और मुख्य स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। प्रशासन ने कहा कि आगामी दिनों में भी सुरक्षा संबंधी उपायों की समीक्षा की जाएगी, ताकि



### पूजा में व्यवधान करने वालों की खैर नहीं: थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण बनाने को लेकर सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व मे फ्लैग मार्च निकाला गया। पूरे प्रखंड में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। फ्लैग मार्च में एएसआई भारत भूषण समाड़, एसआई श्यामंजय कुमार, एएसआई तिलेश्वर रजक, रामनवमी पूजा के जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार, मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता, 20 सूत्री प्रेम प्रकाश ठाकुर, पंसस अजीत सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे।**

## नित्यांगनी डांस एकेडमी का उद्घाटन

**मेदिनीरगर।** नित्यांगनी डांस एकेडमी का उद्घाटन स्थानीय महिंद्रा आर्केड के थर्ड फ्लोर पर हुआ। इस अवसर पर नित्यंगिनी डांस एकेडमी के डायरेक्टर राजन वर्मा ने संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला की दुनियां और भी विस्तार ले रही है। बच्चों में बचपन से ही कला के प्रति रुचि जागृत करने सहित कला के क्षेत्र में अपने सुंदर भविष्य के लिए प्रशिक्षण बहुत ही कारगर साबित होता है। बिलकुल कम शुल्क पर जिले के लिए यह संस्थान आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा।

## महिला पर्यवेक्षिका ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत डाहा पंचायत के ढेबों उत्तरी आंगनबाड़ी केंद्र का महिला पर्यवेक्षिका अन्विता सिन्हा ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं से बात करते हुवे टीएचआर पैकेट के संबंध में जानकारी ली, तो कुछ महिला ने 2 तो कुछ ने 4 पैकेट सेविका द्वारा देने की बात कही। महिला पर्यवेक्षिका ने अंगनबाड़ी केन्द्र पर झारखण्ड सरकार द्वारा उपलब्ध पोषाहार मात्रा के अनुरुप वितरण करें। इसमें लापरवाही व अनियमिता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने केन्द्र पर चिहिन्त गर्भवती धात्री महिलाओं व कुपोषित बालकों को हर माह 4 पैकेट तैयार खाना वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही वितरण किए जा रहे पोषाहार प्राप्त करने वाली महिलाओं से प्राप्ति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर ही पोषाहार देने का निर्देश दिया। मौके पर कुमारी माधवी, रत्ना कुमारी कागरा, संजय पासवान, कन्हाय पासवान, रीना देवी, पवन कुमार, मदन यादव, नैना कुमारी, नीतू कुमारी, मंजू देवी, आशा देवी आदि मौजूद थे।

## उप प्रमुख ने किया चबूतरा का उद्घघाटन

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत स्थित दुर्गा मन्दिर के समीप बेल वरन पूजा के साथ नवनिर्मित चबूतरा का उद्धघाटन प्रखंड उप प्रमुख निशा सहादेव ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इसके साथ बब्लू पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस संबंध में उप प्रमुख निशा सहादेव ने बताया कि यहां पर चबूतरा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। इसलिए यहां चबूतरा निर्माण कर ग्रामीणों की परेशानी को दूर किया गया।

# माता की जयकारे गूंज रहा क्षेत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्र में नवरात्र को लेकर माहौल इन दिनों पूरी तरह भक्ति मय हो गया है। क्षेत्र में चारों ओर सिर्फ भक्ति गीतों की आवाज सुनाई पड़ रही है। माता रानी का जय घोष किया जा रहा है। नवरात्र के मौके पर नवाह पारायण का पाठ, भक्ति जागरण का आयोजन हो रहा है। डंडाई प्रखंड पूरी तरह भक्ति मय हो चुका है। चौक-चौराहा पर लाउडस्पीकर बांध कर लोगों द्वारा माता रानी की गीत और उनके जय घोषों को दूर-दूर तक पहुंचा जा रहा है। प्रत्येक दिन की सुबह प्रतिमा स्थल स्थित देवी धाम परिसर में नवाह पारायण का पाठ भी कराया जा रहा है। मंत्रोच्चारण के साथ पाठ को सुबह से दोपहर 3:00 बजे तक प्रत्येक दिन संपन्न हो रहा है। पंडित रविंद्र नाथ के द्वारा गांव के युवक राजू मेहता, राजा कुमार और शशिभूषण मेहता के द्वारा संयुक्त सहयोग से पाठ को प्रत्येक दिन अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन की रात्रि को देवी धाम स्थल पर नाट्य मंचन का भी आयोजन हो रहा है। गांव के बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उक्त स्थल पहुंच आयोजित नाट्य मंचन का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच एक से बढ़कर एक गांव के युवक कलाकार का किरदार बन कर सुर्खियां बटोरने का काम कर रहे हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री की मनी पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** पद्म भूषण पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर रामविलास पासवान सेवा समिति गढ़वा के द्वारा बहियार खुर्द स्थित स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम कर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। जिला अध्यक्ष शांति देवी,ने कह कि हमारे समाज में एक ऐसा महान पुरुष थे, जो सभी वर्गो के लिए मसीहा थे। उनके विचारों को अपना कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। जयराम पासवान लोक अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इनके अधूरे सपने को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को इनके बताऐ मार्गो पर चलना चाहिए। मौके पर अनुराग पासवान,सुमेर पासवान, योगेन्द्र, सतीश, सकल, टार्जन मोहित, जितेन्द्र पासवान, अजय टाईगर,अभय,सुखनंदन खरवार, लालधारी, विरेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर मोटरसाइकिल के टक्कर में एक की मौत दो घायल

**चिनिया।** थाना मुख्यालय के चिनिया रणपुरा मुख्य पथ में सोमवार की रात्रि बाइक तथा ट्रैक्टर के आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक शत्रुघ्न कोरवा 20 वर्ष पिता भोला कोरवा ग्राम राजबास के नाम शामिल हैं। घायल श्रवण कोरवा 25 वर्ष पिता बिगन कोरबा राजबास तथा मुंद्रिका कोरबा 21 वर्ष पिता बधानी कोरवा नगारी गांव रंका थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार दलबल के साथ पहुंचकर सभी घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। शत्रुघ्न कोरवा की रास्ते में ही मौत हो गई । जिसे गढ़वा सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित किया।

# प्रखंड मुख्यालय के सरकारी आवास में नहीं रहते अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड मुख्यालय में ही रहकर कार्य करने का आदेश सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को दिए जाता रहा है। इसके लिए सभी प्रखंड मुख्यालय पर सुव्यस्थित आवासीय परिसर का भी निर्माण कराया गया है, लेकिन आज तक इन पर अमल नहीं हो रहा। आदेशों को हवा में उड़ा दिए जाते है। सभी अपना आवास जिला मुख्यालय में रखे हैं जहां से आना जाना सरकारी गाड़ी से होता है। पदाधिकारियों के मुख्यालय में नहीं रहने से कार्य भी प्रभावित होता है। नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में ही सुव्यवस्थित आवासीय परिसर का निर्माण कार्य छह साल पूर्व कराया गया था, लेकिन कोई भी अधिकारी व कर्मचारी प्रखंड मुख्यालय के सरकारी आवस में नहीं रहते। आवासीय परिसर में ताला लटका रहता है। जिसपर मोटी सरकारी राशि खर्च की जा रही है। जिला मुख्यालय से प्रतिदिन आने जाने में सरकारी वाहन का उपयोग किया जाता है।

## ईवीएम का डेमोस्ट्रेशन किया गया

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत सरकारी विद्यालय बांसकरचा, मौनाडीह, टीमकीटाड़, लुरगुमी और मिशन हाई स्कूल शाले में जिला साधन सेवी खुर्शीद खान द्वारा ईवीएम और वीवी पैट कंट्रोल यूनिट का डेमोस्ट्रेशन किया गया।

## बेलवरण पूजन के साथ मातेश्वरी को दिया निमंत्रण

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा उत्सव के छठे दिन मां दुर्गा का आह्वान बेलवरन पूजा के माध्यम से मंगलवार देर शाम किया गया। परंपरानुसार सभी पूजा पंडालों के पुरोहितों और यजमानों ने बेल वृक्ष में पूजन विधि संपन्न कराते हुए देवी का आह्वान किया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुबे जी के गोला परिसर से श्रद्धालुओं द्वारा थाना टोली स्थित बबलू दुबे के आवासीय परिसर में स्थित फुलवारी में बेल पेड़ के नीचे मां की अराधना की गई। बुधवार को महासप्तमी के दिन सुबह में यहां से देवी के स्वरूप को गाजे बाजे के साथ पंडालों में लाया जाएगा। इसके साथ ही पूजा पंडालों के पट भी भक्तों के दर्शन के लिए खुल जाएंगे। षष्ठी को देर रात तक पूजा पंडालों को अंतिम रूप देने में कलाकार व समिति के सदस्य जुटे रहे। शहर व आस पास के क्षेत्रों में लगभग 22 पूजा पंडाल बनाए गए हैं। जहां संध्या आरती में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

## फ्लैग मार्च | दुर्गा पूजा को लेकर चिनियां पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

# सड़क के सटे दुकान लगाने वालों को लगी फटकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चिनिया थाना परिसर से शुरू होकर थाना चौक, बस स्टैंड, ग्रामीण बैंक, महावीर मंदिर, से होते हुए रंका मोड़ पहुंची। उसके बाद पुनः वापस अपने बैरक लौटी। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का संदेश लेकर यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने आम लोगों को सौहार्द बनाए रखने, किसी भी गैर-कानूनी गतिविधियों से दूर रहने, अफवाहों का सत्यापन करने, कुछ भी सच्चाई होने पर पुलिस को जानकारी देने की अपील की। क्षेत्र के नागरिकों से अनुरोध किया कि वह सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें। पर्व के दौरान किसी ने भी अगर कुछ गड़बड़ी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्व के लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। थाना प्रभारी ने बस स्टैंड, ग्रामीण बैंक के समीप मुख्य सड़क के सटे ठेले, खोमचे लगाने वाले से व सब्जी विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सड़क के समीप दुकान नहीं लगाएं। इस दौरान सब इंस्पेक्टर नवीन राणा ने भी लोगों से सड़कों पर बाइक नहीं लगाने की अपील की। दशहरा पर्व पूरी तरह से शातिपूर्ण और आपसी सहयोग से संपन्न होगा। मौके पर कृष्णा साह, अनिल सिंह, बबन टुडू, सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### दशहरा को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



मेराल दशहरा पर्व को लेकर मेराल पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना से प्रारंभ कर बस स्टैंड होते हुए डंडई रोड रेलवे स्टेशन रोड मेराल बाजार होते हुए पुनः वापस थाना गेट पहुंच मार्च संपन्न किया गया। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च में वीडियो जागो महतो भी शामिल हुए। बीडीओ जागो महतो ने दशहरा त्योहार को आपसी भाईचारे शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की लोगों से अपील की। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि त्योहार के दौरान अशांति फैलाने हुडदंग करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाह फैलाने, विधि व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, एएसआई आशीर्वाद महतो, एन पांडेय सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पेज एक के शेष

**भाजपा व कांग्रेस...**

नूंह दंगों के आरोपित एवं फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने भाजपा के नसीम अहमद को 98 हजार 441 वोटों के अंतर से हराया है। उचाना कलां सीट पर इस चुनाव में जीत का अंतर सबसे कम रहा है। यहां भाजपा के देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कांग्रेस के बृजेंद्र सिंह को 32 वोटों के अंतर से हराया है। इस चुनाव में जजपा, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम और आम आदमी पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकीं।

**झारखंड कैबिनेट : वृद्धा...**

उग्रवादी हिंसा में मृत्यु होने की स्थिति पर सैप पुलिसकर्मियों के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग इत्यादि की कई विकास योजनाओं की स्वीकृति दी गई। राजकीय चिकित्सा अस्पताल और सदर अस्पताल रांची में सीटी स्कैन मशीन की खरीद के लिए एक अरब 32 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया।

**कैबिनेट के अन्य फैसले...**

-2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य केंद्रों के उपक्रम करने, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्त् सेवा शर्त एवं नियमावली 2024 का गठन, सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए स्कूल डायरी छापने और बांटने की स्वीकृति का प्रस्ताव मंजूर किया गया। मुंबई में झारखंड से जानेवाले मजदूरों के रहने के लिए झारखंड भवन बनेगा।उग्रवादी हिंसा में मृत्यु होने पर सैप पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी-अरगोड़ा अंचल क्षेत्र में 5.15 एकड़ भूमि 28 करोड़ भुगतान पर 1. 2. 2022 से अगले 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण के संबंध में संत जेवियर स्कूल रांची को देने की स्वीकृति दी गई। रिम्स रांची में नए भवन और पुराने भवन के जीणोर्धार के लिए सात अरब से अधिक राशि की स्वीकृति दी गई. मुंबई में गरीब मजदूर इत्यादि के रहने के लिए झारखंड भवन बनाया जाएगा जिसके योजना स्वीकृत की गई है। इलाज के लिए जाने वाले गरीबों को इसमें सुविधा मिलेगी।

**सरकार का पहिया...**

नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके अलावा नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास कर झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023-24 में 10वीं तथा 12वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड-2023 के टॉपर्स को सम्मानित कर उनके हौसले, उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की । यह पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि है : मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रहा है ताकि आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पहले इसका दायरा काफी सीमित था लेकिन अब इसमें जैक के अलावा सभी अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य अपने मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देना है। साथ ही कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर अपने खनिज संसाधनों के लिए होती है लेकिन हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने, चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र। सरकार शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय : मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है। अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है लेकिन विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एसपीडी शशि रंजन मौजूद थे।

**आर्दश आचार संहिता...**

हेमंत सोरेन इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हर संभव प्रयास कर रहे है। मतदाता जागरूकता के लिए 18 एवं 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित होने वाले कला महोत्सव आर्ट 81 के विषय में जानकारी एवं कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर एवं वीडियो लॉन्च किए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस किया था। जिसमें राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से पूछा कि गोगो दीदी योजना क्या आर्दश आचार संहिता का उल्लंघन है? इसपर उन्होंने कहा कि जब आर्दश आचार संहिता झारखंड में लगी ही नहीं है तो उल्लंघन कैसा?यह पूछने पर कि अनुबंधकर्मियों को सुप्रीम कोर्ट के निदेशार्नुसार चुनाव ड्यूटी से अलग रखा जाएगा तो उन्होंने कहा ऐसे किसी आदेश की उन्हें जानकारी नहीं और ड्राइवर सहित सभी की चुनाव ड्यूटी लगेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# वायु सेना के विमानों ने चेन्नई के आसमान में दिखाए करतब

## 92वीं वर्षगांठ पर वायु शक्ति और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रदर्शन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को चेन्नई के तांबरम स्टेशन पर वायु शक्ति और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने औपचारिक परेड की समीक्षा करने के बाद कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण में एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता है। आज के बहु क्षेत्रीय वातावरण में नवीनतम तकनीक को नवीन सोच के साथ अपनाना महत्वपूर्ण है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि औपचारिक परेड की समीक्षा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की अपरिहार्य आवश्यकता को प्रदर्शित किया है। एयर वॉरियर ड्रिल टीम ने अपने आसमानी करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। परेड के बाद हवाई प्रदर्शन हुआ, जिसमें तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, सुखोई-30 एमकेआई और पिलाटस सहित विभिन्न जेट विमानों ने साहसिक कम ऊंचाई वाले बेहतरीन हवाई करतब दिखाए।



### पीएम मोदी ने वायुसेना दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वायु सेना दिवस के अवसर पर देश के बहादुर वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, हमारे बहादुर वायु योद्धाओं को वायुसेना दिवस की बधाई। हमारी वायुसेना को उनके साहस और पेशेवराना अंदाज के लिए सराहा जाता है। देश की रक्षा में उनकी भूमिका बेहद सराहनीय है।



# हुजूर... मैंने कुछ भी नहीं किया, मुझे कुछ नहीं पता

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हत्या-बलात्कार के आरोपित ने कोर्ट में कहा

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर छात्रा की बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित सिविक वॉलंटियर संजय राय ने मंगलवार को कोर्ट में कहा कि उसने कुछ भी नहीं किया और वह घटना के बारे में कुछ भी नहीं जानता। आरोपित ने यह बयान सीबीआई द्वारा चार्जशीट की प्रतिलिपि प्राप्त करने के बाद दिया। सोमवार को सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में मामले की चार्जशीट दाखिल की थी, जिसकी एक प्रति मंगलवार को आरोपित को सौंपी गई। मंगलवार को सिविक वॉलंटियर संजय राय को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में आरोपित ने कहा, मैं कुछ कहना चाहता हूँ। इसके बाद उसे कटघरे में बुलाया गया, जहां उसने कहा, मैं कुछ कहना चाहता हूं, पिछली बार भी नहीं कह पाया था। अगर कुछ नहीं कहा, तो सारे आरोप मेरे ऊपर ही आ जाएंगे




न्यायाधीश ने उसे आश्वासन दिया कि वह जो भी कहना चाहता है, कह सकता है। आरोपित ने आगे कहा, हुजूर, मैंने कुछ नहीं किया, इस घटना के बारे में मुझे कुछ भी नहीं पता। इसके बाद आरोपित को अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। सीबीआई के वकील ने मामले की अगली सुनवाई 'इन-कैमरा' (गोपनीय) करने की मांग की। वहीं, आरोपित के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि सीबीआई की चार्जशीट में कुछ तस्वीरों का उल्लेख किया गया है, लेकिन उन्हें अभी तक वे तस्वीरें नहीं दी गई हैं।

### आंदोलन के समर्थन में आरजी कर अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा

**कोलकाता।** धर्मतला में अपनी दस सूत्री मांगों के लिए अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम ने आंदोलन को नाटकीय मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। जूनियर डॉक्टरों ने सीनियर डॉक्टरों को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर उनके इस फैसले का स्वागत किया। सीनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस्तीफा सौंपा और मांग की है कि आंदोलनरत डॉक्टरों की मांगों पर सरकार तत्काल कदम उठाए।

# फिल्में और सोशल मीडिया समाज में बदलाव लाने के सबसे सशक्त माध्यम हैं : राष्ट्रपति

## मिथुन को वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि फिल्में और सोशल मीडिया समाज में बदलाव लाने के सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग है जिसमें कई भाषाओं में और देश के सभी क्षेत्रों में फिल्में बनाई जाती हैं। यह सबसे विविध कला रूप भी है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों की सराहना की। राष्ट्रपति ने दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने पर मिथुन चक्रवर्ती को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लगभग पांच दशकों की अपनी कलात्मक यात्रा में मिथुन ने न केवल गंभीर किरदारों को पर्दे पर उतारा है बल्कि अपनी अनूठी ऊर्जा के साथ कई साधारण कहानियों को भी सफलतापूर्वक पेश किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि पुरस्कार विजेता फिल्मों की भाषाएं और पृष्ठभूमि भले ही अलग-अलग हों, लेकिन वे सभी भारत का प्रतिबिंब हैं। ये फिल्में भारतीय समाज के अनुभवों का खजाना हैं। इन फिल्मों में भारतीय परंपराएं और उनकी विविधता जीवंत हो उठती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए फिल्में और सोशल मीडिया सबसे शक्तिशाली माध्यम हैं। इन माध्यमों का लोगों में जागरूकता पैदा करने में किसी भी अन्य माध्यम से अधिक प्रभाव है। उन्होंने कहा कि आज वितरित किए गए 85 से अधिक पुरस्कारों में से केवल 15 पुरस्कार महिलाओं को मिले हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म उद्योग महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में और अधिक प्रयास कर सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्थक फिल्मों को अक्सर दर्शक नहीं मिल पाते। उन्होंने जागरूक नागरिकों, सामाजिक संगठनों और सरकारों से दर्शकों तक सार्थक सिनेमा की पहुंच बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।



### काले रंग पर इंडस्ट्री में बहुत ताने सुनने पड़े तो पैरों से डांस को अपना अंदाज बना लिया

मिथुन चक्रवर्ती ने दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सभी प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कलाकारों को कभी भी अपने सपने को सोने नहीं देना चाहिए क्योंकि सपने देखने से ही उसे पूरा करने का हौसला आता है। खासकर जिन लोगों के पास टैलेंट हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक स्थिति के कारण सोचना पड़ता है। ऐसे हुनरमंद लोगों को कभी हार नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस मंच पर तीन बार पहले भी आ चुके हैं, लेकिन दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ने उनके सारे गिले शिकवे को खत्म कर दिया है। पहले राष्ट्रीय पुरस्कार की यादें ताजा करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि जीवन में उन्हें हर कदम पर संघर्ष करना पड़ा है। कई मुश्किलें आईं लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और न ही अपने सपने को सोने दिया। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में रंग काला होने के कारण उन्हें बहुत ताने सुनने पड़े इसलिए उन्होंने पैरों से डांस करने को अपना अंदाज बना लिया।

# जाकिर नाइक के विवादास्पद बयानों से पाकिस्तानी नाराज



एजेंसी

**कराची।** भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को पाकिस्तान में अपने विवादास्पद बयानों के कारण भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वह शहबाज शरीफ सरकार के निमंत्रण पर पाकिस्तान दौरे पर आया हुआ है। नाइक के विवादास्पद बयानों की वजह उसके कुछ कट्टर अनुयायियों भी यह कहने लगे हैं कि इस्लामाबाद ने उसे देश में आमंत्रित करके 'बड़ी गलती' की है, वह भी एक 'राज्य अतिथि' के रूप में। मंगलवार को नाइक का एक वीडियो पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह पाकिस्तान की राष्ट्रीय एयरलाइन पीआईए का मजाक उड़ा रहा है क्योंकि पीआईए ने उस पर और उसके साथ आए लोगों पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क लगाया। कराची में अपने एक लेक्चर के दौरान नाइक ने कहा, मैं पाकिस्तान आ रहा था। हमारा सामान 1000 किलोग्राम था। मैंने पीआईए के सीईओ से बात की। स्टेशन मैनेजर ने मुझसे कहा कि वह मेरे लिए कुछ भी करने को तैयार है। मैंने जवाब दिया, मेरे पास 500 से 600 किलोग्राम अतिरिक्त सामान है। उन्होंने मुझे 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की। मैंने उनसे साफ कह दिया कि या तो सामान मुफ्त में जाने दें या रहने दें। नाइक आगे कहा, भारत में मुझे मुफ्त में छोड़ दिया जाता है। वे मुझे देखते ही 1000-2000 किलो के लिए भी छूट दे देते हैं। यहां, पाकिस्तान में, मैं सरकार का मेहमान हूं, मेरे वीजा पर 'राज्य अतिथि' की मुहर लगी है लेकिन सीईओ मुझे 50 प्रतिशत की छूट दे रहे हैं। मुझे बहुत निराशा हुई। मुझे बुरा लग रहा है लेकिन यह सच है, पाकिस्तान में यही स्थिति है। नाइक की यह टिप्पणी पाकिस्तानियों को पसंद नहीं आई और उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जमकर आलोचना की।

## एजुकेशन/करियर

प्लास्टिक इंजीनियरिंग में बीटेक 4 साल की अवधि का बैचलर्स कोर्स है। इस कोर्स को प्लास्टिक इंजीनियरिंग के विशेष कॉन्सेप्ट्स को व्यक्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्लास्टिक प्रोसेसिंग, प्लास्टिक और सिंथेटिक मटेरियल मैन्युफैक्चरिंग, प्लास्टिक स्टोरेज साइंस, सिंथेटिक मटेरियल डेवलपमेंट आदि जैसे विषय शामिल हैं। कोर्स के अंतर्गत, छात्रों को प्रमुख निर्माण स्थलों में साइट ट्रेनिंग के लिए भी ले जाया जाता है और मोल्डिंग विधियों और मिश्रण तैयार करने और गुणवत्ता का उपयोग करने पर प्रशिक्षण दिया जाता है।जैसा कि आप जानते हैं, लगभग सभी सामान किसी न किसी तरह से प्लास्टिक से संबंधित होते हैं, इसलिए यह परम सत्य है कि प्लास्टिक एक्सपर्ट्स की आवश्यकता है।सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में, प्लास्टिक टेक्नोलॉजिस्ट और एक्सपर्ट्स की बहुत मांग है।आमतौर पर, यह कोर्स गवर्नमेंट कॉलेजों द्वारा प्रदान किया जाता है, इसलिए अन्य स्ट्रीम की तुलना में प्लेसमेंट के अवसर अच्छे हैं।प्लास्टिक इंजीनियरिंग में बीटेक करने वाले छात्रों के लिए पॉलीमर टेक्नोलॉजी, ऑयल और नेचुरल गैस, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, पेट्रोकेमिकल, थर्मल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिसिटी, टेलीकम्युनिकेशन आदि के क्षेत्रों में अच्छा स्कोप है।

# प्लास्टिक इंजीनियरिंग कोर्स करियर के लिए है एक अच्छा विकल्प

### टॉप रिक्रूटर

- किंगफा साइंस एंड टेक्नोलॉजी लिमिटेड
- एरो कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड
- विम प्लास्ट लिमिटेड
- वीआईपी इंडस्ट्रीज लिमिटेड
- नीलकमल लिमिटेड
- मयूर यूनिकोटर्स लिमिटेड
- रेस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज लिमिटेड
- जैन इरिगेशन सिस्टम्स




### भारतीय विश्वविद्यालय

- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा
- लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- सीपेट अहमदाबाद
- सीपेट भुवनेश्वर भुवनेश्वर,
- सीपेट चेन्नई
- सीपेट लखनऊ
- सीपेट रायपुर
- सीपेट जयपुर
- सीपेट मुरथल
- सीपेट रांची